खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 15°C

बरेली, शनिवार 14 मार्च 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 103 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'जिंदाबाद' से कुछ नहीं होता, बदलाव के लिए संकल्प जरूरी: राहुल गांधी पेज 2



लक्ष्मी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शॉट पुट में गोल्ड जीता खेल टाइम्स



नेपाल की नई सरकार की प्राथमिकता भारत से रिश्ते मजबूत करने की होगी सम्पादकीय



मुजतबा खामेनेई की जान की कोई गारंटी नहीं: नेतन्याहू पेज 12

# अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर ईरान का हमला



■ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत पर हमले का दावा किया

**तेहरान।** अमेरिका को उम्मीद थी कि उसके हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद युद्ध शायद जल्द खत्म हो जाएगा, लेकिन ईरान ने जिस तरह से पलटवार किया है, उससे अमेरिका, पश्चिम एशिया में फंसता नजर आ रहा है। अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर हमले का दावा किया है।

आईआरजीसी ने एक बयान में दावा किया है कि उनकी एक बैलिस्टिक मिसाइल ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। आईआरजीसी का कहना है कि इस हमले के चलते युद्धपोत काम करने की स्थिति में नहीं रह गया है और उसे खाड़ी जल क्षेत्र से पीछे हटना पड़ा है। हालांकि अमेरिका ने इस दावे को खारिज कर दिया है। ईरान ने एक बयान जारी कर कहा है कि एक सटीक मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। ईरान ने कहा है कि ओमान के जलक्षेत्र में युद्धपोत पर हमला किया गया, जो ईरान की समुद्री सीमा से करीब 340 किलोमीटर दूर है। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि हमले के बाद -शेष पृष्ठ दो पर

## इराक में अमेरिका का केसी- 135 टैंकर विमान क्रैश चालक दल के चार सदस्यों की मौत

**बगदाद।** ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों के दौरान अमेरिकी वायुसेना का केसी-135 रिफ्यूलिंग टैंकर विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में छह क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। अमेरिकी सेना ने बताया कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों का समर्थन कर रहा केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान में सवार छह चालक दल के सदस्यों में से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। हादसे के बाद बचाव अभियान जारी है। पश्चिम एशिया क्षेत्र की निगरानी करने वाली यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह दुर्घटना फ्रेंडली एयरस्पेस में दो विमानों से जुड़े एक अज्ञात घटना के बाद हुई। घटना में शामिल दूसरा विमान सुरक्षित लैंड कर गया।

## फिर निशाने पर दुबई, धमाके से इमारतें हिलीं आसमान में छाया धुआं

**दुबई।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच दुबई में लगातार दूसरे दिन जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। शुक्रवार को तेज धमाकों की आवाज से शहर की कई इमारतें हिल गईं। इस दौरान मध्य दुबई के एक हिस्से में आसमान में काले धुएं का घना गुबार देखा गया। चश्मदीदों के अनुसार, दो बड़े धमाके हुए जिससे पूरा इलाका दहल गया। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी दी।

## 24वां रोज़ा
### ख्वाहिशें छोड़ें, अल्लाह से रिश्ता जोड़ता है रोज़ा



कुरआने-पाक में ज़िक्र है- 'मगर तुम लोग दुनिया की जिंदगी को अख्तियार करते हो, हालांकि आखिरत बहुत बेहतर और पाइन्दातर है।' इन पाकीज़ा आयतों की रोशनी में रमज़ान के इस आखिरी अशरे और खास तौर से चौबीसवें रोज़े की फज़ीलत को अच्छी तरह समझा जा सकता है। इस आयत में दुनियावी ज़िंदगी यानी नफ्सी ख्वाहिशात को छोड़ने और आखिरत से रिश्ता जोड़ने की बात कही गई है। यहां दो सवाल हैं। एक तो आखिरत से रिश्ता क्यों जोड़ें? दूसरा, आखिरत से रिश्ता कैसे जोड़ा जाए? जहां तक पहले सवाल का ताल्लुक है, तो कुरआने-पाक की मजकूर सत्रहवीं आयत में इसका जवाब है। यह कि आखिरत से रिश्ता जोड़ें, क्योंकि आखिरत 'बहुत बेहतर' है और पाइन्दातर है।




## पीरियड्स लीव पर सीजेआई की महत्वपूर्ण टिप्पणी
# महिलाओं को कोई काम नहीं देगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए देशभर में मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि ऐसी नीति अनजाने में लैंगिक रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकती है और इससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि और नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से कतराने लगेंगे।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि ऐसी मांगें अनजाने में महिलाओं के बारे में रूढ़िवादी सोच को भी मजबूत कर सकती हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि मासिक धर्म को किसी कमजोरी या हीनता के रूप में पेश करना सही नहीं है। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि संबंधित सक्षम प्राधिकारी इस विषय पर दी गई याचिकाकर्ता की



■ महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से अदालत ने किया इन्कार

प्रतिनिधित्व पर विचार कर सकते हैं और सभी हितधारकों से परामर्श करके नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं। यह याचिका शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने दायर की थी, जिसमें महिलाओं के लिए छात्रों और कामकाजी महिलाओं दोनों के लिए मासिक धर्म अवकाश की राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस मामले को लेकर खुद कोई महिला कोर्ट में नहीं आई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने बताया कि कुछ राज्य और संस्थान पहले ही इस दिशा में कदम उठा चुके हैं। उन्होंने केरल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां स्कूलों में कुछ राहत दी गई है और कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से कर्मचारियों को यह अवकाश दे रही हैं। इस पर -शेष पृष्ठ दो पर

## सात साल जेल में रहने के बाद एनडीपीएस मामले के दोषी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) एक्ट के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है।

अदालत ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह व्यक्ति पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद है और उसकी अपील पर फिलहाल जल्दी सुनवाई होने की संभावना नहीं है। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने मनोज कुमार गुप्ता की अपील स्वीकार करते हुए पटना हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पहले उनकी सजा को निलंबित करने और जमानत देने से इन्कार किया गया था। मनोज कुमार गुप्ता ने मई 2025 में पटना हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। यह मामला साल 2000 में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट की कई गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। ये धाराएं आमतौर पर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों से संबंधित होती हैं।

# सरकार का दावा: देश में तेल और गैस का संकट नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राज्यों को जमाखोरी पर सख्ती के निर्देश नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी तनाव और होर्मुज क्षेत्र में तेल व गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने की खबरों के बीच भारत में ईंधन संकट की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर बुकिंग या खरीदारी न करने की अपील की। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत की कुल शोधन क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है और देश पेट्रोल व डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां फिलहाल 100 प्रतिशत या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इस वजह से पेट्रोल और डीजल के आयात की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर शर्मा ने कहा कि देशभर के 25 हजार से अधिक एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं आई है।

## एलपीजी संकट पर संसद में विपक्ष की नारेबाजी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के 5वें दिन, शुक्रवार को भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग की।

इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा। लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी

■ टीएमसी ने सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में दिया प्रस्ताव

केवल 1 घंटा चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। इधर टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में प्रस्ताव दिया है।

## आपदा प्रभावित छह राज्यों के लिए 1912 करोड़ की सहायता राशि मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 में बाढ़, आकस्मिक बाढ़ , बादल फटने, चक्रवात 'मोंथा' और भूस्खलन से प्रभावित आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड तथा केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1,912.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में यह मंजूरी दी गई। गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि यह केन्द्रीय सहायता राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से प्रदान की गई है, जो वर्ष की प्रारंभिक शेष राशि में उपलब्ध राज्य आपदा मोचन कोष के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। मंजूर की गई कुल राशि 1,912.99 करोड़ रुपये में से, आंध्र प्रदेश के लिए 341.48 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ के लिए 15.70 करोड़ रुपये, गुजरात के लिए 778.67 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 288.39 करोड़ रुपये, नगालैंड के लिए 158.41 करोड़ रुपये तथा जम्मू-कश्मीर के लिए 330.34 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

# ईरान बोला: भारत हमारा दोस्त, होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित रास्ता देंगे

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं।

नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे सवाल पूछा गया कि क्या ईरान भारत को होर्मुज स्ट्रेट में रास्ता देगा। इस पर फतहाली ने कहा कि हां, क्योंकि भारत हमारा दोस्त है। उनके मुताबिक भारत और ईरान के बीच लंबे समय से सहयोग और विश्वास का रिश्ता रहा है। इसी बीच ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल होने के बाद उन्हें तेहरान के सिना यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत बेहद गंभीर है। हमले में चोट इतनी गहरी थी कि उनका एक पैर काटना पड़ा और लिवर को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है।

■ ओमान में ड्रोन अटैक, दो भारतीयों की मौत

## पीएम मोदी ने की ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डा. मसूद पेजेशकियान से क्षेत्र की गंभीर स्थिति पर चर्चा की हैं। मोदी ने शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया और शांति बहाली के लिए बातचीत तथा कूटनीति का आग्रह किया। उन्होंने तनाव बढ़ने, आम नागरिकों की जान जाने तथा नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा, साथ ही सामान व ऊर्जा के निर्बाध आवागमन की आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।




**नई दिल्ली:** बढ़ती गैस सिलेंडरों की किल्लत के मद्देनजर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकती पुलिस।

# कांग्रेस ने लगातार असम में झूठ बोला: प्रधानमंत्री

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने असम के लोगों से लगातार झूठ बोला। कांग्रेस की गलत नीतियों ने इस राज्य को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि बाहरी देशों के युद्ध की वजह से हमारे किसानों पर असर पड़ता है। हमने कृषि को बाहरी संकट से बचाने के लिए आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन दिया है।

कांग्रेस ने साबित कर दिया कि वो किसी भी स्थिति में देश के लिए ईमानदार नहीं है। मोदी ने कहा कि आज युद्ध की स्थिति में कांग्रेस केवल गलत प्रचार करने में जुटी है। वे केवल देश को अंधेरे में रखना चाहते हैं,



देश को गुमराह कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि टी-गार्डन के किसानों का सम्मान करना मेरे लिए कर्ज चुकाने जैसा है। आपकी चाय बेचकर मैं पीएम बन गया। मां कामाख्या देवी ने मुझे चाय बागान के लोगों का कर्ज चुकाने का मौका दिया है। पीएम 13-14 मार्च को असम के दो दिन के दौर पर हैं। उन्होंने पहले दिन 24.250 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नॉर्थ ईस्ट के लिए 3 नई ट्रेनों की शुरुआत भी की। पीएम दो दिन में यहां कुल मिलाकर 47800 रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 14 मार्च को सुबह करीब 10.45 बजे प्रधानमंत्री सिलचर में भूमि पूजन करेंगे और करीब 23,550 करोड़ रुपये के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे।

■ किसानों को विदेशों पर निर्भर रखा, दौरे के पहले दिन 24,250 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया

## यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा 22 मार्च को आठ जिलों में होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) प्रारंभिक परीक्षा-2025 का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है।

यह परीक्षा 22 मार्च को प्रदेश के आठ प्रमुख जिलों में आयोजित की जाएगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पांडेय ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी। परीक्षा के लिए प्रयागराज के अलावा अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

■ सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका-इजरायल का हमला गलत था, ईरान का भी गलत: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पार्टी के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने कहा है कि अमेरिका तथा इजरायल का ईरान के खिलाफ युद्ध में उतरना गलत था, लेकिन ईरान ने भी उन देशों पर हमला कर गलत ही किया है जो युद्ध में शामिल ही नहीं हैं। थरूर ने शुक्रवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि निर्दोष नागरिकों की जान से खेलना ठीक नहीं है। उनका यह भी कहना था कि जो हालात अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले और फिर ईरान के पड़ोसी देशों में किए जा रहे हमले से बन रहे हैं वह गंभीर है। उनका कहना था कि इन सब स्थितियों के बीच भारत का चुप रहना भी ठीक नहीं है। अमेरिका और इजरायल के हमले को सैद्धांतिक रूप से गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां आत्मरक्षा वाली बात को सही नहीं ठहराया जा सकता।

### बैंक हैकिंग में दो नाइजीरियाई गिरफ्तार किए

**लखनऊ।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए नाइजीरिया के दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोलर स्पाइडर नामक साइबर थ्रेट समूह से जुड़े बताए जा रहे हैं, जो सहकारी बैंकों की साइबर सुरक्षा में खामियों का फायदा उठाकर करोड़ों रुपये की अवैध निकासी की योजना बना रहे थे। नाइजीरियाई नागरिकों को साइबर क्राइम थाना, नॉलेज पार्क थाना और मेरठ जोन की साइबर कमांडो टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह सहकारी बैंकों को निशाना बनाता था, जहां साइबर सुरक्षा अपेक्षाकृत कमजोर होती है।

# जिंदाबाद से कुछ नहीं, बदलाव को संकल्प जरूरी

## कांशीराम को याद करते बोले राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि केवल 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता। बदलाव तब आता है, जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है उसे वह स्वीकार नहीं करेगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बीआर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे। आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है। गांधी ने कहा कि अगर जवाहरलाल नेहरू आज जीवित होते, तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि जब कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन हुआ था, तब उत्तर प्रदेश में राजग की सीटें घटकर 36 रह गई थीं।

### सामाजिक परिवर्तन दिवस के बहाने दलितों को साधने में जुटी कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पाटी द्वारा आयोजित 'सामाजिक परिवर्तन दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए। कांशीराम जयंती के दो दिन पहले प्रस्तावित यह कार्यक्रम 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के सामाजिक आधार को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। यह पहल बसपा के संस्थापक और दलित विचारक कांशी राम की जयंती से दो दिन पहले शुरू की जा रही है। राज्य की दलित राजनीति पर उनकी विरासत का गहरा प्रभाव माना जाता है। करीब दो साल के अंतराल के बाद लखनऊ में राहुल गांधी का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम होगा। इससे पहले उन्होंने मई 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'संविधान बचाओ सम्मेलन' को संबोधित किया था। आज होने वाले कार्यक्रम में दलित नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य फोकस सामाजिक न्याय, राजनीतिक भागीदारी और हाशिए पर पड़े समुदायों के सशक्तिकरण पर रहेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दौरान दलित समुदाय कठिन दौर से गुजर रहा है और यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय की नई पहल साबित होगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, यह पहल 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पूरे उत्तर प्रदेश में दलित मतदाताओं से जमीनी स्तर पर फिर से संपर्क स्थापित करने के लिए व्यापक अभियान की शुरुआत मानी जा रही है।

### पैनिक बुकिंग की कोई जरूरत नही: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरों के लिए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और गैस सिलेंडर के लिए घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में पांच मार्च की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, घरों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। शर्मा ने कहा कि पैनिक बुकिंग की कोई जरूरत नहीं है और किसी भी एलपीजी डीलर के यहां कोई कमी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि एलपीजी बुकिंग बढ़कर 75.7 लाख हो गई है, जबकि युद्ध से पहले यह औसतन 55.7 लाख थी। यह बढ़ोतरी लोगों द्वारा घबराहट में की जा रही पैनिक बुकिंग को दर्शाती है।' लड़ाई की वजह से क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की सप्लाई पर असर पड़ा है। सरकार ने जमाखोरी को रोकने के लिए राज्यों को निर्देश दिए हैं कि वे स्थानीय स्तर पर नजर रखें। साथ ही तेल कंपनियों के कॉल सेंटर्स में लोगों की संख्या और सीटें बढ़ा दी गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं की हर शिकायत और सवाल का तुरंत समाधान हो सके।

### योगी व राजनाथ ने किया ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में समता मूलक चौराहे से डालीगंज तक ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने अगले चरण का शिलान्यास भी किया। शहर के झूलेलाल पार्क में आयोजित समारोह में प्रदेश के कई मंत्री, जनप्रतिनिधि और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को लखनऊ के यातायात को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। इस परियोजना के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन तेज और सुगम होगा, जिससे ट्रैफिक दबाव कम होने के साथ ही लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

गौरतलब है कि 100 करोड़ की लागत से ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण का लोकार्पण 11 मार्च, 2024 को किया गया था। 6-8 किलोमीटर लंबा ये पुल आईआईएम रोड से पक्का पुल तक बना था जबकि 299 करोड़ की लागत से आज परियोजना के द्वितीय चरण का लोकार्पण किया गया है। इस चरण के अंतर्गत डालीगंज से लेकर निशातगंज होते हुए समता मूलक चौक तक का हिस्सा आता है। लगभग सात किमी लंबे इस पुल के खुलते ही हजरतगंज, डालीगंज और निशातगंज जैसे घनी आबादी वाले और व्यस्ततम क्षेत्रों में लगने वाले भीषण जाम से बड़ी राहत मिलेगी और लोगों का आवागमन सुरक्षित रहेगा।

# योगी सरकार ने कसा गोकशी पर शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ गोकशी के 14182 मामले दर्ज, 35924 आरोपी भेजे जेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गो. कशी, गोतस्करी और अवैध पशु वध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक प्रदेश भर में गोकशी के 14,182 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 35,924 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सरकार की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, गोकशी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सामान्य मुकदमों के साथ-साथ कड़े कानूनों के तहत भी कार्रवाई की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 35,924 आरोपियों में से 13,793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 178 आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया। इसके अलावा 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कठोर कार्रवाई की गई है। सरकार की इस सख्ती से गोकशी और गोतस्करी से जुड़े संगठित गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिली है। पुलिस और प्रशासन ने कई जिलों में सक्रिय नेटवर्क की पहचान कर उन्हें ध्वस्त किया है। गोकशी से जुड़े अपराधियों पर केवल कानूनी ही नहीं बल्कि आर्थिक कार्रवाई भी की गई है। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक लगभग 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। इसमें अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं।

## सरकार के दावे के उलट रसोई गैस का संकट बरकरार

# योगी के सख्त कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर आम आदमी की रसोई में गैस सिलेंडर की कमी के रूप में देखने को मिल रहा है। गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता के सरकारी दावे के उलट लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं।

कई स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी में सिलेंडरों का वितरण कराया जा रहा है। सीएम योगी ने गैस की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और अफसरों को 24 घंटे मॉनिटरिंग करने को कहा है। लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार, आलमबाग, राजाजीपुरम, अलीगंज और कमांडर रोड सहित कई इलाकों में सुबह से ही उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर एजेंसियों के बाहर लाइन में खड़े नजर आए। खरगा. पुर इलाके में एक एजेंसी के बाहर करीब 400 मीटर लंबी कतार देखी गई, जहां लोग सुबह 6 बजे से ही सिलेंडर लेने के लिए पहुंच गए थे। कई को 4 से 5 घंटे इंतजार के बाद सिलेंडर मिल पाया।

■ यूपी के कई जिलों में कालाबाजारी की शिकायत

### गैस के लिए कई जिलों में हुआ हंगामा

यूपी के कई जिलों में गैस सिलेंडर को लेकर विवाद और हंगामे की घटनाएं भी सामने आई हैं। बाराबंकी में गैस एजेंसी पर लाइन में आगे-पीछे होने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने की सूचना है। मोदीनगर में सिलेंडर से भरा ट्रक पहुंचते ही लोग उस पर टूट पड़े और कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं महराजगंज में सिलेंडर न मिलने से नाराज लोगों ने नौतनवा-गोरखपुर मार्ग पर जाम लगा दिया, जिसे पुलिस ने समझाकर खुलवाया।

### लगी रहीं लाइनें

प्रयागराज, कानपुर, अयोध्या, रायबरेली, देवरिया और शाहज. हांपुर समेत कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से लंबी लाइनें लगी रहीं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा है। लोगों ने यह भी शिकायत की कि सिलेंडर ब्लैक में 1500 से 2000 रुपये तक में बेचे जा रहे हैं।

### जनजीवन पर असर

गैस की कमी का असर आम जनजीवन पर भी पड़ने लगा है। शाहजहांपुर में 10 रुपये में भोजन देने वाली 'परी आपकी रसोई' को गैस की आपूर्ति रुकने के कारण बंद करना पड़ा। मेरठ में हॉस्टल के छात्रों के लिए भोजन व्यवस्था प्रभावित होने पर एक संचालक को घर से खाना बनवाकर छात्रों को खिलाना पड़ रहा है।

### खामेनेई की मौत पर मौन की वजह बताए सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की रहस्यमयी हवाई दुर्घटना में मृत्यु पर राजकीय शोक की घोषणा करने वाली मोदी सरकार को बताना चाहिए कि अब वह हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई की मौत पर मौन क्यों है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान के संवैधानिक प्रमुख आयतुल्लाह खामेनेई की 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा हत्या कर दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौन हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर मौन हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74563.92
निफ्टी 23151.10



सोना 158000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 260000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में बिकवाली का दबाव बढ़ा सेंसेक्स - निफ्टी में दो फीसदी तक गिरावट

मुंबई, वार्ता



ईरान युद्ध के चलते वैश्विक बाजार में गहराते संकट के बीच भारत के शेयर बाजारों में तेज गिरावट का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा और प्रमुख सूचकांकों में दो प्रतिशत या उससे अधिक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

पश्चिम एशिया की स्थिति से ईंधन और मुद्रास्फीति को लेकर बढ़ती चिंताओं के चलते आज स्थानीय शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली दिखी। विश्लेषकों के अनुसार मार्जिन मनी का दबाव बढ़ने से निवेशकों को अपने अल्पकालिक दबाव से निपटने के लिए बिकवाली करनी पड़ रही है। इन सबके सम्मिलित प्रभाव से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 प्रमुख शेयरों वाला निफ्टी-50 कल की तुलना में 488.05 अंक यानी 2.06 प्रतिशत गिर कर 23151.10 अंक पर बंद हुआ। बीएसई30 सेंसेक्स में 1470.50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 74563.92 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बीएसई30 शुरू में ही बड़ी गिरावट के साथ 75,444.22 पर खुलने के बाद सुधर कर 75,576.20 तक गया लेकिन लेकिन यह तेजी टिकी नहीं और लगातार गिरावट के बीच एक समय दिन के न्यूनतम 74,454.60 पर पहुंचने के बाद अंत में 74,563.92 पर बंद हुआ। कल सेंसेक्स करीब एक प्रतिशत गिरावट के साथ 76,034.42 पर बंद हुआ था। बीएसई में आज 30 में से 29 शेयरों में घाटा हुआ। एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति, बीईएल, में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। इंडिगो, कोटक बैंक, इटर्नल, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा एक्सिस बैंक को भी दो प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 2.04 प्रतिशत, निफ्टी बैंक 2.44 प्रतिशत, निफ्टी 100 2.15 , निफ्टी मिड कैप 100 में 2.65 प्रतिशत तथा स्माल कैप 100 सूचकांक में 2.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### ईरान युद्ध का असर: सोना और चांदी की कीमतें गिरीं

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से चांदी-सोने में शुक्रवार को को गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,748 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 12 मार्च को सोना 1,60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 8,350 रुपए घटकर 2.60 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.68 लाख रुपए किलो थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 17,566 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 44 दिन में चांदी 1,25,982 लाख रुपए सस्ती हो गई है। अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व की ओर ब्याज दरों में जल्द कटौती की संभावना कम कर दी है।

# ईरान-इजरायल युद्ध की आंच से कांच उद्योग भी प्रभावित

फिरोजाबाद, वार्ता

इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच फिरोजाबाद में कांच उद्योग पर भी गैस आपूर्ति में कटौती के कारण संकट के बादल छाने लगे हैं। जिले में कई छोटी चूड़ी इकाइयां बंद हो चुकी है जबकि कुछ बंद होने के कगार पर है।

इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच गहराते हुए युद्ध के संकट का असर पेट्रोलियम पदार्थों पर देखा जा रहा है । फिरोजाबाद की कांच ईकाइयां जो प्राकृतिक गैस से संचालित है। गैस के संकट की स्थिति को देखते हुए भारत पेट्रोलियम मंत्रालय ने कारखाने को दी जाने वाली गैस आपूर्ति के कोठी में 20 फीसदी कटौती करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसकी वजह से कांच कारखाने की उत्पादन क्षमता प्रभावित होने के साथ उत्पादन लागत में बढ़ोतरी हुई है, जो कारखाना मालिकों के लिए चिंता का विषय बन गई है। उत्पादन की लागत बढ़ने से उसकी बिक्री पर भी प्रभावित हो रही है। फिरोजाबाद ग्लास मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि गैस अर्थारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) द्वारा मिले निर्देशों के अनुसार कांच फैक्ट्री मिलने वाली गैस के कोटे को 20 प्रतिशत कम प्रयोग कर सकेंगी अन्यथा उन्हें अतिरिक्त उपयोग की गई गैस की रेट पर पेनल्टी के रूप में अतिरिक्त भुगतान करना होगा । कारखाना मालिकों के सामने संकट यह है कि उनकी भट्टियां निर्धारित कोटे की अनुरूप बनी हुई है। अब यदि गैस कम मिलती है तो उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। जिसकी वजह से कांच उत्पादन की लागत भी प्रभावित होगी। फिरोजाबाद की कांच इंडस्ट्रीज के लिए यह एक संकट की स्थिति बन गई है। भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त गैस की रेट भी निश्चित नहीं की गई है इसलिए यहां फैक्ट्री के मालकिन असमंजस की स्थिति में है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सरकार लोगों की दिक्कत मानने को तैयार नहीं: डिंपल

**लखनऊ।** एलपीजी संकट को लेकर समाजवादी पार्टी की लोकसभा सांसद डिंपल यादव ने केंद्र सरकार पर ज़ोरदार हमला बोला है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को ब्लंडर जनता पार्टी बताया और कहा कि सरकार अमेरिका के सामने इतना नतमस्तक क्यों हैं? जब भी देश पर कोई कठिनाई आती है, तो ये सरकार मौन क्यों हो जाती है। सरकार ने लोगों को लेकर कोई तैयारी क्यों नहीं की। सपा सांसद ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि ये समझना चाहिए कि जिस तरह से सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं, चाहे घरेलू सिलेंडर हो या कमर्शियल सिलेंडर हो, जिस तरह हवाई जहाज़ के टिकट के दाम बढ़ रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

अमेरिकी युद्धपोत...

अमेरिकी युद्धपोत और उसका स्ट्राइक ग्रुप पीछे हट गया है। हालांकि इस दावे के पक्ष में ईरान के सरकारी मीडिया ने कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई है। आईआरजीसी ने भी अमेरिकी युद्धपोत पर हमले का दावा किया है। अमेरिका ने ईरान के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। यूएस सेंट्रल कमांड ने यूएसएस अब्राहम लिंकन की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप, ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में लगातार मदद कर रहा है। यूएसएस अब्राहम लिंकन अमे. रिकी नौसेना के सबसे ताकतवर युद्धपोतों में से एक है। ऐसे में इस पर हमला यकीनी तौर पर अमेरिका के लिए बड़ा झटका होगा। यूएसएस अब्राहम लिंकन निमित्ज श्रेणी का पांचवा युद्धपोत है। यह परमाणु ऊर्जा से चलने वाला पोत है, जो दक्षिण चीन सागर में तैनात रहता है। इस युद्धपोत को अमेरिकी नौसेना में 1989 में शामिल किया गया था। यह युद्धपोत 97 हजार टन वजनी है और इसकी फ्लाइट डेक करीब 4.5 एकड़ में फैली हुई है। इसकी लंबाई करीब 1092 फीट है। इसमें चार हैंगर एलीवेटर हैं और यह अपने साथ 90 लड़ाकू विमान ले जा सकता है। इसकी डेक पर अमेरिका के सबसे आधुनिक लड़ाकू जेट एफ-35सी तैनात हैं। इस युद्धपोत पर पांच हजार से ज्यादा नौसैनिक, मरीन और क्रू के सदस्य तैनात हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत है। यह युद्धपोत इतना बड़ा है कि इसका अपना खुद का जिप कोड, टीवी और रेडियो स्टेशन, एक अखबार, अग्निशमन केंद्र, लाइब्रेरी, एक अस्पताल, जनरल स्टोर जैसी सुविधाएं हैं।

महिलाओं को.... मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि स्वैच्छिक रूप से दी गई ऐसी सुविधाएं अच्छी हैं, लेकिन अगर इसे कानून के जरिये अनिवार्य बना दिया गया, तो इसके सामाजिक और पेशेवर प्रभाव पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह धारणा बन सकती है कि महिलाओं को अतिरिक्त छुट्टियां मिलेंगी, जिससे उनके रोजगार के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता पहले ही संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर प्रतिनिधित्व दे चुके हैं, इसलिए बार-बार अदालत से आदेश मांगने की आवश्यकता नहीं है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रतिनिधित्व पर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया।

# गाजियाबाद जिला आवासीय सौर ऊर्जा का मॉडल बना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नक्शा पास प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिग अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले ने आवासीय सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के लिए एक मॉडल प्रस्तुत किया है।

औरैया की पहल से प्रेरित होकर गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया है, जिसके तहत अब नए बनने वाले आवासीय भवनों के नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिग को अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इस व्यवस्था का उद्देश्य बिजली की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करना है। प्रशासन का मानना है कि इससे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में ऊर्जा संकट से भी राहत मिलेगी। प्रस्ताव के अनुसार नगर निगम, नगर पालिकाएं और नगर पंचायतें अपने-अपने बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकती हैं। नक्शा स्वीकृति के बाद भवन निर्माण के दौरान सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली का क्रियान्वयन अनिवार्य होगा। इससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग का दायरा व्यापक होने की उम्मीद है। राज्य सरकार गाजियाबाद की इस पहल को अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय मान रही है। सरकार का मानना है कि प्रदेश के सभी जनपद स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों के स्तर पर नीतिगत निर्णय लेकर आवासीय सोलर कवरेज बढ़ाने की दिशा में कदम उठा सकते हैं। उत्तर प्रदेश घरेलू रूफटॉप सोलर के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1440 मेगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता स्थापित की जा चुकी है, जिससे प्रतिदिन 60 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है। यह बिजली बिना कोयला जलाए उत्पन्न हो रही है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से आम नागरिकों को प्रतिदिन औसतन करीब चार करोड़ रुपये की बिजली बचत का लाभ मिल रहा है।

# अदालत ने फारूख अब्दुल्ला के खिलाफ वारंट वापस लिया

श्रीनगर, वार्ता



श्रीनगर की अदालत ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन घोटाले के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ पहले जारी किए गए गैर-जमानती वारंट को वापस ले लिया है।

अदालत ने श्री अब्दुल्ला के अधिवक्ता इशितयाक खान द्वारा कार्यवाही में उनकी अनुपस्थिति का कारण बताते हुए एक आवेदन दायर करने के बाद यह निर्णय लिया। श्री खान ने अदालत को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एक दिन पहले जम्मू में उन पर हुए 'कातिलाना हमले' से सदमे के कारण सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं। श्री खान ने दलील दी कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष इस घटना के बाद की स्थितियों के कारण शारीरिक रूप से या वर्चुअल मोड के माध्यम से पेश होने में असमर्थ थे। उन्होंने शुरू में एक नियमित छूट का आवेदन दायर किया था, लेकिन जब अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया, तो उन्होंने वारंट को वापस लेने की मांग करते हुए एक विस्तृत आवेदन दिया और श्री अब्दुल्ला की अनुपस्थिति के पीछे की परिस्थितियों को स्पष्ट भी किया। खान ने बताया कि अदालत ने दलील स्वीकार कर ली और तुरंत वारंट वापस ले लिया। इस तरह का रिकॉल उसी अदालत द्वारा किया जाना होता है जिसने वारंट जारी किया हो।

























# अलविदा जुमे को नमाजियों से छोटी पड़ी मस्जिदें

## नमाज़ अदा कर दुनिया में अमनो अमान व भाईचारे की दुआ को उठे हाथ, सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रमजान का महीना रुख्सत होने जा रहा है। शुक्रवार को मुकद्दस महीने के अलविदा जुमे को अमरोहा की जामा मस्जिद समेत शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की तमाम मस्जिदों में नमाजियों का हुजूम उमड़ा। मस्जिदों में जगह कम पड़ी तो नमाजियों ने गर्मी और तेज धूप की फिक्र किए बिना मस्जिदों की छतों पर सफें बिछाकर नमाज अदा कर दुनिया में अमन-ओ-अमान व भाईचारे की दुआएं मांगी। पुलिस की मुस्तैदी के चलते जिले में कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी गई। ईरान-इजरायल जंग को लेकर भी किसी तरह का विरोध या समर्थन पूरे जिले में कहीं नहीं किया गया। जिम्मेदार पुलिस-प्रशासनिक अफसर के साथ ही पुलिस टीमें लगातार गश्त करती रहीं वहीं खुफिया विभाग भी सतर्क रहा। दोपहर करीब ढाई बजे जिले में सभी स्थानों से शांतिपूर्ण नमाज संपन्न होने पर अफसरों राहत की सांस ली।

रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा जुमा कहा जाता है। शुक्रवार यानी 23 वें रोजे को रमजान का आखिरी जुमा माना गया है हालांकि अभी इस महीने में जुमे की एक नमाज और अदा हो सकती है लेकिन उस दिन ईद-उल-फितर की चांद रात भी होगी। लिहाजा, पुलिस-प्रशासनिक अफसर अलविदा जुमा की नमाज पर सुरक्षा को लेकर फिक्रमंद थे। वहीं, लोगों में जुमे की नमाज को लेकर जोश और जज्बा था। लिहाजा, शुक्रवार को सहरी के बाद से ही घरों से लेकर मस्जिदों में नमाज को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गईं तो वहीं दिन निकलते ही पुलिस व प्रशासनिक अमले ने भी सुरक्षा मोर्चा संभाल लिया। शहर की जामा मस्जिद के अलावा जिले की प्रमुख मस्जिदों के आस-पास पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। दोपहर 12 बजे ही शहर की जामा मस्जिद का परिसर नमाजियों से खचाखच भर गया। बाकी मस्जिदों में कमोबेश ये ही हालात रहे। नमाजियों ने प्रशासनिक स्तर से मिले आदेश पर अमल किया। जिले में कहीं भी सड़क पर नमाज अदा नहीं की गई। शहर की जामा मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद असलम ने नमाज पढ़ाई। शिया जामा मस्जिद में मौलाना डा. एहसन अख्तर सरोश ने नमाज अदा कराई। मस्जिद तख्त सुलेमान (मदरसा शाही चबूतरा) में मुफ्ती तौहीद अख्तर की इमामत में लोगों ने नमाज पढ़ी। मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में मुफ्ती तैय्यब कादरी की इमामत में लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। इसके अलावा जोया, डिडौली, कैलसा, रजबपुर, अतरासी व नौगावां सादात क्षेत्र में भी लोगों ने जोश और जज्बे के साथ अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाया। मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और कौम तरक्की और सला. मती के लिए दुआ की। दूसरी तरफ जिले में ईरान के समर्थन या फिर अमेरिक-इजरायल को लेकर कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ।



### ईदगाह में साढ़े सात व जामा मस्जिद में आठ बजे होगी ईद की नमाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। ईदुल फितर की नमाज ईदगाह पर सुबह साढ़े सात बजे अदा की जायेगी जबकि जामा मस्जिद में ईद की नमाज 8 बजे होगी। नमाज के बाद मुफ्ती असलम ने बताया कि अगर ईद का चांद 29 का हुआ तो ईद शुक्रवार को मनाई जाएगी जबकि अगर तीस रोजे हुए तो ईदुल फितर शनिवार होगी। उन्होंने बताया कि ईदगाह में ईद की नमाज सुबह साढ़े सात बजे अदा की जायेगी। लोगों से आह्वान किया कि वह समय से पूर्व ईदगाह पहुंचे तथा सफे बनाकर बैठें। सड़क पर नमाज अदा करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जामा मस्जिद में ईद की नमाज आठ बजे होगी।

# अलविदा जुमे को उमड़ी नमाज़ियों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रमजान मुबारक के चौथे जुमे को मस्जिदे नमाजियो से फुल हो गई। अमन शांति व भाईचारा के लिए दुआ भी कराई गई।

तहसील क्षेत्र में रमजान मुबारक के चौथे जुमे को मस्जिदों में नमाज अदा कराई गई। गजरौला रोड मोहल्ला कायस्थान, आखून चौक, नवाबान, काला शहीद, रहरा रोड, कुरेशियान, खंकर वाला कुआं, कनेटा रोड, लाल. बाग ऊंचा, संभल रोड, हिरन वाला आदि मोहल्लो में मौजूद मस्जिदों में रमजान मुबारक के चौथे जुमे को नमाज अदा कराई गई। इसके अलावा सिहाली जागीर, अगरौला कलां, मछरई, आगा. पुर, बावनखेड़ी, कालाखेड़ा, हैबतपुर बंजारा, गंगवार, शंकर गढ़ी, जयतोली, सूतावली, बासका कलां, बासका खुर्द, पीपलोती कलां, पीपलोती खुर्द, बुरावली, ढवारसी आदि गांवो की मस्जिदों में भी रमजान मुबारक के चौथे जुमे को नमाज नमाज को अदा कराया गया। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा सुबह से ही जुमे की नमाज की तैयारिया की जा रही थी। नगर पालिका द्वारा मस्जिदों के आसपास छिड़काव व सफाई कर चूना आदि डलवाया गया था। जामा मस्जिद में शहर इमाम मुफ्ती मेराज अहमद ने जुमे की नमाज को अदा कराया। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल एवं पीएसी को भी तैनात किया गया था। इस दौरान मुफ्ती मेराज अहमद ने बताया कि ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज सुबह 7:45 पर अदा की जायेगी।



# युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। थाना क्षेत्र के एक गांव की 21 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। युवती की मां ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10 बजे उसके पति खेत से घर लौटे तो उनकी बेटी घर पर नहीं मिली। उस समय महिला अपने मायके गई हुई थी और दोनों बेटे ड्यूटी पर गए थे। शाम को जब महिला और उसके दोनों बेटे घर पहुंचे तो उन्होंने आस-पास और रिश्तेदारों में काफी तलाश की, लेकिन युवती का कहीं पता नहीं चल सका।महिला ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उसे शक है कि उसकी बेटी को विष्णु पुत्र विजय बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। महिला ने पुलिस से बेटी को जल्द तलाश कर आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और युवती की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

# डीजे बजाने को मना किया तो मां बेटी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। तीन युवकों ने मां बेटी को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरो. पियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला मायापुरी कमल, राजा व अजय 03 मार्च की रात को करीब 11 बजे तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। पड़ोस की निवासी प्रेमवती व उसकी पुत्री तनु ने उनसे डीजे बजाने को मना किया तो आरोपियों ने प्रेमवती व तनु को ने लात घूंसो से मारा पीटा व तनु के सिर में कड़ा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रेमवती के पति मुनेश ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

**■ तीन आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

# मुल्क के अमन और खुशहाली की दुआ मांगी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। शुक्रवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भाग लेकर रोजेदारों ने मुल्क के अमन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

**■ शांतिपूर्ण ढंग से अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज**

नगर के चौपला स्थित जामा मस्जिद में ने नमाज अदा कराई। इमाम ने कहा कि, रमजान माह नेकी कमाने का माह होता है। उन्होंने नमाजियों से जकात निकालने की भी बात कही। नगर के चौहानपुरी मस्जिद में इमाम सदाकत अली ने नमाज अदा कराई। यहां के अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र में स्थित मस्जिदों में भी नमाज अदा कराई गई। नगर की प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। सभी स्थानों पर शांतिपूर्वक ढंग से नमाज अदा की गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सहित चौपला चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार, कुमराला चौकी इंचार्ज नितेन्द्र वशिष्ठ, कस्बा प्रभारी नरेन्द्र कुमार सहित अन्य सभी चौकियों के प्रभारी व हल्का दरोगा व बीट आरक्षी नमाज को लेकर सतर्क रहे। इस बार कैलेंडर के मुताबिक आने वाली 21 मार्च को ईद मनाई जाएगी। जिसके लिए दुकानों पर खरीददारी का दौर शुरू हो जाएगा।



# पति व सौतन समेत तीन के खिलाफ मुकदमा

## विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव में प्रेम विवाह के बाद एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के पिता ने पति समेत दो लोगों पर दहेज के लिए बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी बलवंत खड़गवंशी ने गुरुवार को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री राखी 23 वर्ष ने करीब 15 माह पहले क्षेत्र के ही गांव अल्लीपुर मिलक निवासी सत्येंद्र के साथ प्रेम विवाह किया था। पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और उसके परिजन 5 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर राखी को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। शिकायत के अनुसार, 10 मार्च की सुबह पति ने साजिश रचकर राखी की बेरहमी से हत्या कर दी। सूचना मिलने पर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि राखी का शव चारपाई के नीचे पड़ा था और उसके शरीर पर चोट के निशान थे। उसके गले में कपड़े का फंदा भी लगा हुआ था। पिता का दावा है कि राखी को पहले पीटा गया और फिर गला घोंटकर उसकी हत्या की गई।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमारी तिवारी ने बताया कि मृतका के पिता की ओर से पति सत्येंद्र और पहली पत्नी बबीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



**फर्जी दस्तावेज से बनवा लिया वारिसान प्रमाण पत्र**

# तलाक के बाद भी खुद को बताया पति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील धनौरा क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के सहारे वारिसान प्रमाण पत्र बनवाने का मामला सामने आया है। जांच में सच्चाई उजागर होने के बाद उप जिलाधिकारी धनौरा ने पहले से जारी परिवार सत्यापन/वारिसान प्रमाण पत्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पाल निवासी निरंजन पुत्र नौ सिंह ने श्रीमती रेखा की मृत्यु के बाद खुद को उनका पति बताते हुए परिवार सत्यापन/वारिसान प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया था। आवेदन के आधार पर 30 दिसंबर 2025 को कार्यालय से प्रमाण पत्र जारी भी कर दिया गया था। बाद में मामले की जांच तहस. ीलदार धनौरा द्वारा कराई गई। जांच में सामने आया कि निरंजन ने गलत जानकारी देकर और मृत्यु प्रमाण पत्र में कथित रूप से छेड़छाड़ कर दस्तावेज आवेदन के साथ लगाए थे। उसने यह भी बताया था कि रेखा उसकी पत्नी थी और उसके तीन पुत्र हैं। लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि रेखा और निरंजन का तलाक रेखा की मृत्यु से पहले ही हो चुका था। इतना ही नहीं, रेखा अपनी मृत्यु से करीब छह माह पहले से ग्राम मझौला निवासी गौरव चौधरी के घर पर रह रही थी। नगर निगम मेरठ के जन्म-मृत्यु अभिलेखों की जांच में भी यह पुष्टि हुई कि रेखा के मृत्यु प्रमाण पत्र में पति का नाम गौरव चौधरी दर्ज है। रेखा की मृत्यु 20 अगस्त 2024 को मेरठ के मेडविन हॉस्पिटल में हुई थी। पूरे मामले में तथ्यों की पुष्टि होने के बाद एसडीएम धनौरा ने 30 दिसंबर 2025 को जारी परिवार सत्यापन/वारिसान प्रमाण पत्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शिविर सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक अशोक कुमार सैनी ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्र-छात्राओं में समाज सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक नाटक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को उत्साह से भर दिया। इस अवसर पर डॉ. रूपा, निसार अहमद, योगेश त्यागी, महेश सैनी, शिवा, चंद्रमोहन सैनी, समरपाल सैनी, निशिन सैनी, अर्शी परवीन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सारा जीवन परमात्मा की सेवा में बिताने का संकल्प

## आलौकिक दिव्य समर्पण समारोह का आयोजन, प्रभु संदेश भवन से निकली शिव बारात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आलौकिक दिव्य समर्पण समारोह में आलौकिक तरीके से शिवलिंग को जयमाला पहनाकर तीनों बहनों को अपना सर्वस्व न्यौछावर किया तथा परमात्मा की श्रीमत पर चलने की शपथ ली और सारा जीवन परमात्मा की सेवा मे बिताने एवं पवित्र जीवन जीने का संकल्प लिया।

शुक्रवार को बिजनौर रोड स्थित निशा पैलेस में आलौकिक दिव्य समर्पण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभु संदेश भवन मोहल्ला कोट से शोभायात्रा के रूप में शिव की बारात निकाली गई। जिसमे बैंडबाजें के साथ रथ पर सवार करके सम्मान सहित नाचते गाते निशा पैलेस लाया गया। यहां पर अलौकिक तरीके से शिवलिंग को जय माला पहनाकर तीनों बहनों को अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। परमात्मा की श्रीमत पर चलने की शपथ ली। अपना सारा जीवन परमात्मा की सेवा मे बिताने एवं पवित्र जीवन जीने का संकल्प लिया। अतिथियों ने तीनों बहनों को आशीर्वाद व बधाई दी,साथ ही बहुत सारे उपहार भी भेंट किए। इस दौरान धनौरा विधायक राजीव तरारा ने सभी बहिनों का आभार व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्य अतिथि वीके संतोष दीदी, बीके शुक्ला दीदी, बीके आशा दीदी, बीके भारत भूषण, समर्पित बहने बीके अर्चना, बीके रश्मि, बीके पूनम मौजूद रहीं। इस दौरान रूस, दिल्ली, राजस्थान, पानीपत, मुरादाबाद आदि से पधारे करीब पांच सौ सदस्य पधारे। कार्यक्रम का संच. ालन बीके लता दीदी ने किया।



**अमरोहा। निशा पैलेस में कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभर करते अतिथि।**

# पीलीभीत में शीरा लदा टैंकर खाई में गिरा

## डिडौली के चालक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। पीलीभीत जिले में शीरा लदा एक टैंकर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में डिडौली निवासी टैंकर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा है। परिजन शव लेने के लिए पीलीभीत रवाना हो गये हैं।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार नरेश कुमार पाल पीलीभीत जिले के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव गाजीपुर से टैंकर में शीरा भरकर बिजनौर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि गाजीपुर के पास एक मोड़ पर रात करीब 11 बजे सामने से आ रही बोलेरो कार को बचाने के प्रयास में टैंकर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि नरेश कुमार पाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी राजेश्वरी देवी, पुत्री मनीषा तथा दो बेटे हर्षित और कौशल हैं। सूचना मिलने के बाद परिजन कानूनी कार्रवाई के लिए पीलीभीत रवाना हो गए हैं।



# मां पर पांच माह के मासूम का गला दबाने का आरोप

## फोन पर पति से झगड़ा होने पर दी थी धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा अपरौला में गुरुवार रात एक मां पर अपने पांच माह के बेटे का गला दबाने का आरोप लगने से हड़कंप मच गया। परिवार के लोगों ने शोर मचाकर बच्चे को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि पुलिस का कहना है कि पति-पत्नी के बीच फोन पर विवाद के दौरान महिला ने बच्चे को मारने की धमकी दी थी, जिसे परि. जनों ने गंभीर समझ लिया। मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा अपरौला में किसान शकील अहमद का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी जायदा, दो बेटे हारून, शबाब आलम उर्फ शब्बू तथा दो बेटी शब्बो व भूरी हैं। पेशे से ट्रक चालक बड़े बेटे हारून की शादी छह साल पहले जनपद बिजनौर के थाना नूरपुर के गांव लिंडरपुर निवासी नाजिश के साथ हुई थी। उसके परिवार में पांच माह का बेटा हुसैन व दो साल की बेटी जुनैरा हैं। छोटा बेटा शबाब नौगावां सादात में एक चिकित्सक के क्लीनिक पर सहायक के तौर पर काम करता है। काफी दिन से घर में किसी बात को लेकर कलह चल रही थी। आरोप है कि गुरुवार रात लगभग नौ बजे हारून की पत्नी नाजिश ने बेटे हुसैन का गला घोट दिया। उसके बाद अपने मायके में मां को काल कर घटना की जानकारी दी। वहीं जब वह काल कर रही थी तो पास के कमरे में मौजूद उसकी सास जायदा व ननद शब्बो ने सुन लिया। फौरन ही उन्होंने शोर मचा कर अन्य स्वजन को बुला लिया। उसे अमरोहा के सिद्धी विनायक अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस भी अस्पताल आ गई थी। अपनी निगरानी में उपचार कराने के बाद देर रात हालत ठीक होने पर उसे घर वापस ले गए। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार रात हारून व नाजिश की काल पर बात करते हुए लड़ाई हुई थी, उस समय नाजिश ने बेटे को मारने की धमकी पति को दी थी। परंतु स्वजन ने समझा कि उसने गला दबा दिया है। इसके बाद शोर मचा दिया। फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।

# गैस की किल्लत दूर करने की मांग

## एमआईएम ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने गैस सिलेंडरो की किल्लत दूर कर सुचारु रूप से होम डिलीवरी करवाये जाने की मांग की है।

शुक्रवार को मजलिस के प्रदेश महामंत्री एवं हापुड़ बिजनौर के प्रभारी हाजी शहजाद खान एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम की गैर मौजूदगी में उनके कार्यालय में सौंप दिया। श्री खान ने कहा रमजान का महीना चल रहा है। गैस की किल्लत के चलते उपभोक्ता परेशान है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के घरों तक गैस होम डिलीवरी कराई जाये। उन्होंने कहा कि आम जनता घरेलू गैस लेने के लिए कठिनाइयों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि रमजान ईद के मद्दे नजर खासतौर पर मुस्लिम इलाकों में गैस की किल्लत ना होने दी जाये। उन्होंने कहा कि गैस की काला बाजारी ना होने दी जाये। हर गैस एजेंसी पर पुलिस बल को तैनात किया जाये। ताकि वहां पर भीड़ ना हो और जनता में भी




अफवाह न फैल सके। उन्होंने कहा कि बिजली की व्यवस्था ठीक प्रकार से कराई जाये। इस अवसर पर हाजी शहजाद खान, विधानसभा अध्यक्ष छुनन्न अल्वी, हाफिज आसिफ, शाहजेब सलमानी, आजम, मेहताब शेख, कादिर कुरैशी, निजाम नश्तर, कासिम एडवोकेट आदि मौजूद थे।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

## गुरूग्राम में काम करता था, कल ही आया था घर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान नगर के मुहल्ला शिवपुरी निवासी सुरजीत के रूप में हुई। बताते हैं कि वह गुरूग्राम में काम करता था, बीते दिन ही वह घर आया था।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को नगर के भानपुर फाटक के पास एक युवक स्पेशल दिल्ली गोरखपुर ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई तो वहीं ट्रेन चालक ने कंट्रोल को सूचना दी। सूचना मिलने पर जीआरपी और आरपीएफ भी मौके पर पहुंच गई। युवक के शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई तो उसकी पहचान नगर के मुहल्ला शिवपुरी निवासी राक. ेश के 28 वर्षीय पुत्र सुरजीत के रूप में हुई। जानकारी में आया कि वह गुरूग्राम में काम करता था, बीते दिन ही वह अपने घर आया था। जा रहा है यह गुड़गांव में काम करता है कल ही अपने घर आया था। वहीं घटना के बाद 25 मिनट तक मालगाड़ी मुरादाबाद जाने के लिए फाटक पर ही खड़ी रही। इस कारण फाटक बंद रहा और दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। युवक की मौत होने से परिजनों में चीख पुकार मच गई।

# शिशु मंदिर में स्थापित कराई कम्प्यूटर लैब

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने मुस्कान प्रोजक्ट के तहत सरस्वती शिशु मंदिर में 10 कम्प्यूटर प्रदान किए हैं। मुस्कान एडू लैब में बच्चे अब तकनीकि शिक्षा भी ग्रहण कर सकेंगे। शुक्रवार को इसका उद्घाटन कालरा एस्टेट के स्वामी अंशय कालरा एवं रोटरी क्लब आकर्षण हसनपुर के अध्यक्ष आदेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता

**■ छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा**

काटकर किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। अंशय कालरा ने कहा कि आज के तकनीकि समय में बच्चों की शिक्षा में कम्प्यूटर का अहम योगदान है। उम्मीद है कि इस कम्प्यूटर लैब के द्वारा छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक उन्नयन



में सहायता मिलेगी। स्कूल के प्रबंधक कपिल कुमार सिंघल ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और विद्यालय द्वारा कराए गए विकास कार्यों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के साथ साथ भारतीय संस्कृति को भी आगे बढ़ा रहा है। इस मौके पर जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के चंदन प्रसाद, नवनीत सिंह, श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष डॉ.राजीव शुक्ला, नगर ब्राह्मण सभा के पंडित देवेंद्र शर्मा, रोहित शर्मा, डीपीआसी सतेंद्र शर्मा, संजीव सिंघल, सभासद ब्रजेश अग्रवाल, देवराज शर्मा, नितिन सिंघल, शलभ सिंघल, नीलाक्ष अग्रवाल, दिनेश चंद सिंघल, निगम वर्मा, पुष्पा अग्रवाल, ज्योति गोयल, दिया, हिना, हेमा प्रियंका, पूनम, प्रीती, ममता आदि मौजूद रहे।

# रासेयो युवाओं को समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शि. विर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। शि.

**■ रमाबाई महाविद्यालय के सप्त दिवसीय शिविर का समापन**

विर में भागीदारी करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।



ब्लॉक क्षेत्र के गांव फौंदापुर स्थित संविलियन विद्यालय के परिसर में आयोजित हो रहे शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि डॉ.अजीता रानी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि युवाओं को समाज से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि, यदि युवा अपनी ऊर्जा को समाज सेवा और राष्ट्रनिर्माण में लगाएं तो देश के विकास को नई दिशा मिल सकती है। शिविर प्रभारी डॉ.श्वेता अग्रवाल ने सप्तदिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर का आयोजन प्राचार्या प्रो.महबूब अली गौरी के निर्देशन में हुआ। शिविर में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समा. जसेवा की भावना को ग्रहण किया। अंत में शिविर में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया, साथ ही संविलियन विद्यालय के प्रधानाचार्य रणवीर सिंह के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिविर का समापन हुआ। शि. विर में महाविद्यालय के कर्मचारी हरपाल सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# पुण्यतिथि पर शिवदयाल चौरासिया को याद किया

## सपाईयों ने चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सपाईयों ने पूर्व राज्यसभा सांसद व लोक अदालत के जनक बाबू शिवदयाल सिंह चौरासिया को पुण्यतिथि पर याद किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें बाबू शिवदयाल सिंह चौरासिया की पुण्यतिथि मनायी गयी। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि बाबू शिवदयाल सिंह चौरासिया ने जीवनभर पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी। उन्होंने सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनका मानना था कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक व अन्य वंचित वर्गों को उनकी जनसंख्या के आधार पर न्यायालयों और सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इस मौके पर संतराम सिंह यादव, रविपाल चिकारा, रवि यादव, सुरेश प्रधान, लखपत सिंह, गुड्डू सैनी, कुलदीप यादव, तुषार रघुवंशी, विवेक यादव, ऋषिपाल सिंह यादव, महेश यादव, सर्वेश सैनी आदि मौजूद रहे।

## चकरोड पर दोबारा कब्जा, दो पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली**। तहसील हसनपुर क्षेत्र के ग्राम जीहल की मढ़ैया में चकमार्ग पर दोबारा अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। राजस्व विभाग द्वारा कब्जा हटाने के बाद भी आरोपियों ने पिलर लगाकर तारबंदी कर दी और पेड़ लगाकर रास्ता घेर लिया। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने शिवम पुत्र तेजपाल सिंह और तेजपाल पुत्र महेंद्र निवासी जीहल की मढ़ैया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## साक्षरता दिवस के साथ शिविर का समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। भागीरथी देवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन साक्षरता दिवस मनाते हुए किया गया। इस दौरान स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने मोहल्ला हीरानगर पहुंचकर निरक्षर लोगों को अक्षर ज्ञान कराया और उन्हें अपना नाम लिखना सिखाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार के निर्देशन में मोहल्ला महादेव में साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान डॉ. ममता अग्रवाल, डॉ. सुधा रानी, श्रीमती चाऊ वशिष्ठ, देवांग शर्मा, बृजेश सहित स्वयंसेवी माही, पल्लवी, नेहा, रिया, मनोज, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# शबेकद्र हजार रातों से अफजलः रज़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। तहसील वाली मस्जिद में नमाज तरावीह के दौरान हाफिज गुलाम मुर्तजा साहब की इमामत में कुरआन ए करीम मुकम्मल होने पर गुजिश्ता शब एक महफिल तकमीले कुरआन मुनक्किद हुई। महफिल का आगाज तिलावते कलामे इलाही से हुआ तथा नातिया कलाम का नजराना बागाहे रिसालत में पेश किया गया। महफिल को खिताब करते हुए



मौलाना मुफ्ती तौहीद रजा ने बताया कि रमजान में तरावीह की नमाज पढ़ना सुन्नत-ए-मुअक्कदा है, इसे पढ़ना बहुत ज्यादा सवाब का काम है. रमजान में कुरआन नाजिल हुआ है। इस महीने की ताक रातों में शबे कदर है शबे कद्र हजार रातों से अफजल है। इस रात में अल्लाह की इबादत करने वाले मोमिन के दर्जे बुलंद होते हैं। गुनाह बख्श दिए जाते हैं। दोजख की आग से निजात मिलती है। इस दौरान हाफिज गुलाम मुर्तजा व सामे हाफिज शाने आलम की गुलपोशी की गई।

# मॉडल में सुमाठेर के बच्चों ने किया नाम रौशन

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बुढनपुर में आयोजित की गई। कंपोजिट विद्यालय सुमाठेर के बच्चों ने मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 8 के छात्र अमान ने बेहतरीन प्रदर्शन हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इस बेहत. रीन प्रदर्शन के लिए एडीएम जनपद अमरोहा ने टैबलेट देकर उसको सम्मानित किया। इसी के साथ-साथ संविलयन विद्यालय सुमठेर के राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति प्रतियोगिता परीक्षा में भी चार बच्चों का चयन हुआ है ।जिससे पूरे ग्रामीण



परिवेश और विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस खुशी के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार व उनके स्टाफ ने बच्चों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने बताया कि वहां के मॉडल को देखकर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय का सिलेक्शन करना इतना मुश्किल हो गया था। क्योंकि एक से एक बेहतरीन मॉडल बना हुआ था तथा बच्चों के कॉन्फिडेंस को देखकर आनंद की अनुभूति हुई है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अरविंद एक आदर्श शिक्षक हैं और पूरी मेहनत के साथ और अपने मनोयोग के साथ विद्यालय का संचालन करते हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष होमपाल सिंह ने बताया कि यह विद्यालय प्रत्येक वर्ष और प्रत्येक प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाए हुए हैं। यह विद्यालय के प्रधानाध्यापक और उनके स्टाफ की मेहनत को दर्शाता है। इस अवसर पर रामवीर सिंह, विनोद कुमार गौतम, योगेश कुमार, अशोक कुमार, कविता देवी, मेहरुल निशा, लखमी सिंह, देशवीर सिंह, ब्रह्म ज्ञान सिंह, अर्से आलम, कुलदीप कुमार, नीतू रानी, काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# विवाहिता की हत्या में पति को उम्रकैद

## कोर्ट ने तीस हजार का लगाया जुर्माना, साक्ष्य आभाव में सास-ससुर, नंद व देवर बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। विवाहिता की हत्या के मामले में अदालत ने पति पूरन सिंह को दोषी करार देते हुए उम्रकैद व 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं साक्ष्यों के अभाव में सास, ससुर, ननद और देवर को बरी कर दिया गया।

गजरौला थानाक्षेत्र के खानपुर में राजवीर सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी हिमांशी की शादी मार्च 2020 में मंडी धनौरा थानाक्षेत्र के शेरपुर गांव के रहने वाले पूरन सिंह के साथ की थी। लेकिन 29 जून 2020 को हिमांशी अचानक घर से लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। इस मामले में हिमांशी की माता सोना देवी ने पति पूरन सिंह, ससुर कलवा, सास मुन्नी देवी, नंद नीतू और देवर गौतम के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लेकिन, दूसरे दिन हिमांशी का शव थानाक्षेत्र में रामगंगा पोषक नहर में पड़ा मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हिमांशी की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई थी। इस मामले में पुलिस ने पति पूरन सिंह, सास मुन्नी और ससुर कलवा के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान देवर गौतम और ननद नीतू का नाम निकाल दिया था। बाद में पुलिस ने पति पूरन सिंह, ससुर कलवा और सास मुन्नी देवी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल तीनों जमानत पर जेल से बाहर थे। इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन बंसल पैरवी कर रहे थे। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के तर्कों को सुना और प्रकरण को दहेज हत्या नहीं हत्या माना। लिहाजा न्यायालय ने पुलिस की विवेचना में निकाले गए गौतम और नीतू को भी तलब कर लिया। शुक्रवार को न्यायालय में मुकदमे में आखिरी सुनवाई की और साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर पति पूरन सिंह को हत्या का दोषी माना और उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी बनाए गए मृतका के ससुर कलुवा, सास मुन्नी, ननद नीतू और देवर गौतम को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया है।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अहतशाम अली चौधरी (EATASHAM ALI CHOUDHRI) से बदलकर अहतशाम अली AHATSHAM ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

अहतशाम अली पुत्र इंतजाम अली
उझारी, अमरोहा।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ-2026**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस (एस आई) भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की परीक्षा-2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित तिथियों पर परीक्षा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगी:-

**04510/04509 सहारनपुर जं. - गाजियाबाद - सहारनपुर जं अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04510 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04510 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04509 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04509 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:30 | सहारनपुर जं. | 22:30 | ---- |
| 14:45 | ---- | गाजियाबाद | ---- | 19:00 |

चलने के दिनः 04510 सहारनपुर जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं 04509 गाजियाबाद से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
ठहरावः टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबन्द, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मन्सूरपुर, खतौली, सकौती टॉडा, दौराला, पाबली खास, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, परतापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर दुहाई, गुलधर एवं नया गाजियाबाद स्टेशन। स्थानः सामान्य।

**04350/04349 बिजनौर - बरेली जं. - बिजनौर अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04350 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04350 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04349 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04349 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:20 | बिजनौर | 18:20 | ---- |
| 08:50 | ---- | बरेली जं. | ---- | 13:00 |

चलने के दिनः 04350 बिजनौर से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं 04349 बरेली जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
ठहरावः हल्दौर, चाँदपुर सियाऊ हॉल्ट, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद एवं रामपुर स्टेशन। स्थानः सामान्य।

**04247/04248 लखनऊ जं. - सहारनपुर जं. - लखनऊ जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04247 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04247 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04248 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04248 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:10 | लखनऊ जं. | 16:10 | ---- |
| 07:15 | ---- | सहारनपुर जं. | ---- | 13:00 |

चलने के दिनः 04247 लखनऊ जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं 04248 सहारनपुर जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
ठहरावः मलिहाबाद, सण्डीली, बालामऊ जं., एवं हरदोई स्टेशन। स्थानः सामान्य।

**04430 सहारनपुर जं. - गाजियाबाद अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04430 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04430 प्रस्थान |
|---|---|---|
| सहारनपुर जं. | ---- | 16:10 |
| गाजियाबाद | 21:10 | ---- |

चलने के दिनः 04430 सहारनपुर जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
ठहरावः टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबन्द, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मन्सूरपुर, खतौली, सकौती टॉडा, दौराला, पाबली खास, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, परतापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर दुहाई, गुलधर एवं नया गाजियाबाद स्टेशन। स्थानः सामान्य।

**हिसार-नई दिल्ली-हिसार पैसेंजर ट्रेन संख्या 54424/54423 का अलीगढ़ जंक्शन तक अस्थायी विस्तार — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 54424 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 54424 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 54423 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 54423 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:20 | हिसार | ---- | 22:50 |
| हिसार-नई दिल्ली-हिसार के बीच कोई बदलाव नहीं | | | | |
| 09:40 | 10:00 | नई दिल्ली | 17:30 | 18:20 |
| 13:00 | ---- | अलीगढ़ जं. | ---- | 14:00 |

चलने के दिनः 54424 सहारनपुर जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं 54423 गाजियाबाद से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
ठहरावः तिलक ब्रिज, आनन्द विहार हॉल्ट, साहिबाबाद, गाजियाबाद जं., मारीपत, दादरी, अजायबपुर, दनकौर, वैर, चोला, सिकन्दरपुर, खुर्जा जं., डाँवर, सोमना, कुलवा एवं महरावल स्टेशन। स्थानः सामान्य।

**04422/04421 गाजियाबाद-मुरादाबाद-गाजियाबाद अनारक्षित विशेष — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04422 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04422 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 4421 आगमन | रेलगाड़ी सं. 4421 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:00 | गाजियाबाद | 21:15 | --- |
| 12:40 | --- | मुरादाबाद | --- | 18:00 |

चलने के दिन : 04422 गाजियाबाद से तथा 04421 मुरादाबाद से दिनांक 14.03.2026 एवं 15.03.2026 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : हापुड़, गजरौला जं. एवं अमरोहा स्टेशन।

**04548/04547 सहारनपुर जं.-मेरठ सिटी-सहारनपुर जं. अनारक्षित विशेष — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04548 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04548 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04547 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04547 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:20 | सहारनपुर जं. | 18:20 | --- |
| 15:40 | --- | मेरठ सिटी | --- | 16:00 |

चलने के दिन : 04548 सहारनपुर जं. से तथा 04547 मेरठ सिटी से दिनांक 14.03.2026 एवं 15.03.2026 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : टपरी, नागल, तल्हेड़ी बुजुर्ग, देवबंद, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मंसूरपुर, खतौली सकौती टाण्डा, दौराला, पबली खास और मेरठ छावनी स्टेशन।

**04220 लखनऊ-वाराणसी ज. अनारक्षित विशेष — 02 फेरे**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04220 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04220 प्रस्थान |
|---|---|---|
| लखनऊ | --- | 18:20 |
| वाराणसी | 23:45 | --- |

चलने के दिन : 04220 लखनऊ से दिनांक 14.03.2026 एवं 15.03.2026 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : बाराबंकी जं., दरियाबाद, रुदौली, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईन गंज, अकबरपुर जं., मालीपुर, शाहगंज जं. और जौनपुर जं. स्टेशन।

**04222 लखनऊ-प्रयागराज संगम अनारक्षित विशेष — 02 फेरे**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04222 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04222 प्रस्थान |
|---|---|---|
| लखनऊ | --- | 17:45 |
| प्रयागराज संगम | Open Timing | --- |

चलने के दिन : 04222 लखनऊ से दिनांक 14.03.2026 एवं 15.03.2026 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : बछरावा, हरचंदपुर, रायबरेली ज., फुरसतगंज, गौरीगंज, अमेठी, मा चन्दिका देवी धाम अंतू, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., बिश्नाथगंज, मऊ अइम्मा, सिवैथ, फाफामऊ जं. और प्रयाग जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रमजान के आखिरी जुमा पर इबादत में डूबा शहर

■ जुमा-तुल-विदा पर मस्जिदों में बड़ी तादाद में पहुंचे नमाजी, अल्लाह से की रहमत और बरकत की दुआ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रमजान के आखिरी जुमा, जुमा-तुल-विदा की नमाज शुक्रवार को शहर भर की मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों में अकीदत के साथ अदा की गई। सुबह से ही मुस्लिम बस्तियों में नमाज को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में दिन गुजारा, और मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क व मिल्लत की खुशहाली की दुआ की।

शहर की प्रमुख मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज से पहले इमामों ने खुत्बा और तकरीर में रमजान की फजीलत, कुरान की अजमत, जकात और सदका-ए-फितर की अहमियत पर रोशनी डाली। मुख्य नमाज किला स्थित जामा मस्जिद में अदा की गई, जहां दोपहर डेढ़ बजे शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने पहले खुत्बा पढ़ा, और उसके बाद हजारों नमाजियों को नमाज अदा कराई। उन्होंने अपने खिताब में रमजान की बरकतों और इबादत की अहमियत बयान करते हुए लोगों से ज्यादा से ज्यादा नेक अमल करने की अपील की।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शहर में सबसे आखिरी नमाज दरगाह आला हजरत पर दोपहर साढ़े तीन बजे अदा की गई, जिसमें मुफ्ती जईम रजा ने नमाज पढ़ाई। इस मौके पर दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां समेत आला हजरत परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। दरगाह ताजुश्शरिया पर दोपहर दो बजे नमाज अदा की गई। नमाज के बाद सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि रमजान के आखिरी जुमा को जुमा-तुल-विदा कहा जाता है, लेकिन इस दिन कोई अलग या विशेष नमाज नहीं होती, बल्कि दूसरे जुमों की तरह ही दो रकात फर्ज नमाज अदा की जाती है।

उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति रोजा नहीं रखता, उस पर भी सदका-ए-फितर वाजिब होता है। इसके लिए रोजा रखना शर्त नहीं है। यदि ईद का दिन गुजर जाए और सदका-ए-फितर अदा न किया जाए तो भी वह माफ नहीं होता, बल्कि जब भी अदा किया जाए, वह अदा हो जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि जकात और सदका जल्द से जल्द अदा करें, ताकि जरूरतमंद मुसलमान भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें।

इसके अलावा खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह शाहदाना वली, दरगाह वली मियां, दरगाह बशीर मियां, खानकाह-ए- वामिकिया, मस्जिद नौमहला, नूरानी मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, पीराशाह मस्जिद, साबरी मस्जिद, हबीबिया मस्जिद, छः मीनारा मस्जिद, बीबी जी मस्जिद, मुफ्ती आजम हिंद मस्जिद, मोती मस्जिद, मस्जिद हाजी मसीत उल्लाह, हरी मस्जिद, इमली वाली मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, मिर्जाई मस्जिद और आला हजरत मस्जिद समेत शहर की अन्य मस्जिदों में भी तय समय पर नमाज अदा की गई। बड़ी संख्या में नमाजियों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क में अमन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

# सिरौली में अफीम की अवैध खेती का भंडाफोड़

■ मृत महिला के नाम पर हो रही थी अपफीम की अवैध खेती

■ एएनटीएफ ने पकड़ी करीब दो करोड़ की फसल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने सिरौली थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है। संयुक्त टीम ने मौके पर अफीम की खड़ी फसल और उससे बनने वाले अवैध उपोत्पाद बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है।

एएनटीएफ थाना सहारनपुर और यूनिट बरेली की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि सिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम गुरवा में एक महिला के नाम पर लाइसेंसी अफीम की खेती दिखाई जा रही है, जबकि उस महिला की मृत्यु हो चुकी है। इसके बावजूद कुछ लोग उसके नाम का दुरुपयोग कर अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहे हैं, और उससे बनने वाले उपोत्पादों का अवैध रूप से व्यपवर्तन कर अनुचित लाभ उठा रहे हैं।

सूचना के आधार पर एएनटीएफ थाना सहारनपुर और एएनटीएफ यूनिट बरेली की टीम ने 12 मार्च 2026 को ग्राम गुरवा स्थित राज. ेश्वर के खेत में छापा मारकर जांच की। जांच के दौरान खेत में अफीम की खड़ी फसल और उससे बनने वाले अवैध उपोत्पाद मौके पर पाए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में थाना सिरौली में धारा 318 बीएनएस तथा 8/18(ए)/25/26 एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार इस मामले में ग्राम गुरवा निवासी छत्रपाल पुत्र देशराज और राजेश्वर उर्फ राजू पुत्र दामोदर को वांछित अभियुक्त बनाया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में एएनटीएफ थाना सहारनपुर के उपनिरीक्षक रवि कुमार, नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल अश्वनी कुमार, कांस्टेबल शिवम चौधरी व विकास तथा एएनटीएफ यूनिट बरेली के हेड कांस्टेबल दिनेश यादव, कांस्टेबल सौरभ चौधरी और कांस्टेबल कुश कुमार शामिल रहे।

# डीएम ने ईवीएम और वीवी पेट मशीनों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार को ईवीएम और वीवी पेट मशीनों के सुरक्षित भंडारण और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्रैमासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण परसाखेड़ा स्थित ईवीएम एवं वीवी पेट वेयर हाउस में राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे सतत चालू रखें जाएं और कम से कम एक महीने का बैकअप हर दशा में संरक्षित किया जाए। जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस के भूतल पर स्थित कक्ष और वीवी पेट वेयर हाउस के प्रथम तल पर स्थित कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मशीनों को एक तल से दूसरे तल पर परिवहन करते समय विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए, ताकि वेयर हाउस की दीवारें या संरचना किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त न हो। साथ ही वेयर हाउस पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को प्रत्येक समय विशेष सतर्क रहने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के समय किसी प्रकार की अव्यवस्था सामने नहीं आई। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) संतोष कुमार सिंह, जिले के ईवीएम प्रभारी और बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी पवन कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तम्बाकू नियंत्रण अभियान में सात के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बारादरी थाना क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, शिक्षा विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। मौलाना आजाद इंटर कॉलेज और रोहिलखंड विश्व. विद्यालय के आसपास धूम्रपान निषेध को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान 2003 की धारा 6(बी) के तहत सात लोगों के चालान कर कुल 1350 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। कार्रवाई तम्बाकू नियंत्रण अधिकारी अजय पाल सिंह गंगवार के नेतृत्व में की गई। अभियान में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि अजय आनन्द, नगर निगम के चीफ फूड इंस्पेक्टर महेंद्र प्रताप सिंह राठौर, श्यामतगंज चौकी इंचार्ज तथा रोहिलखंड विश्वविद्यालय चौकी इंचार्ज ने सहयोग किया।

### ओवरहेड टैंक व नलकूप ग्राम पंचायत को सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जल निगम की ओर से शुक्रवार को नंदगांव में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. डी. सी. वर्मा और ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण की मौजूदगी में हर घर तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होने के बाद ओवरहेड टैंक और नलकूप को ग्राम पंचायत को हैंडओवर कर दिया गया।इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए योजनाएं तेजी से संचालित की जा रही हैं, जिससे गांवों में लोगों को घर-घर पानी मिल सके।कार्यक्रम में जल निगम की अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार, आफताब अली, संदीप शर्मा, रामसिंह पाली, अमर गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### शिविर में गांठ बांधने व सुरक्षा उपायों का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में रोवर एवं रेंजर्स विभाग द्वारा आयोजित शिविर प्रशिक्षण के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों को उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया।शिविर में जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुष्पकांत शर्मा ने स्वयंसेवकों को गांठ लगाने की विधि, आग. जनी की स्थिति में सुरक्षा उपाय, समाज सेवा, सुरक्षा मानकीकरण, शिविर कैंप की स्थापना तथा प्रार्थना गीत आदि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण से छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना का विकास होता है। साथ ही आपदा या आपात स्थिति में लोगों की मदद करने की क्षमता भी बढ़ती है।कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेंजर्स इकाई की लीडर डॉ. ममता रंजन और रोवर इकाई के लीडर डॉ. एस.पी. सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### समाजवादी पार्टी का आज को होगा होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शनिवार को कस्बा के एक बैंकट हाल में समा. जवादी पार्टी होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

समारोह के व्यवस्थापक पूर्व ब्लॉक प्रमुख भद्रसेन गंगवार ने होली मिलन समारोह हाइवे किनारे एक बैंकट हाल में आयोजित किया जाएगा।जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार समेत विधानसभा मीरगंज और जिले के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। उन्होंने सभी से 11 बजे बैंकेट हॉल में पहुंचने की अपील की है।

### सत्ता का दबदबा, बाइक सवारों को टक्कर मारने की नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** बाइक सवारों को टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ दो दिन गुजर जाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। घायलों का बरेली के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मंगलवार 10 मार्च को कस्बे के मो० आसिफ अंसारी अपने साथी सगीर अहमद के साथ बाइक से हरदुआ किफायतुल्ला स्थित गंगवार एनर्जी प्वाइंट पर सुबह करीब 10 बजे तेल डलवाने जा रहे थे। बाइक साथी सगीर अहमद चला रहा था, और आसिफ पीछे बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान बरेली की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक इनोवा कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, तत्काल ही घायलों को महानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। गुरुवार को घटना की तहरीर घायल के भाई मो0 ताहिर ने पुलिस को दी है, आरोप है कि पुलिस ने दो दिन गुजर जाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बताया जाता है जिस इनोवा कार ने बाइक सवारों को टक्कर मारी है, उस पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखा है, और वह महानगर के रहने वाले किसी सत्ता पक्ष के नेता की गाड़ी है।

### शिक्षा मित्र घेरे रहे छात्रों को, इंचार्ज प्रधानाध्यापक गैर हाजिर, एवीएसए ने कहा कटेगा वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा के गांव डंडुआ का प्राथमिक विद्यालय राम सहारे चल रहा है। एक माह में दो दो दिन का वेतन काटे जाने के बाद भी इंचार्ज प्रधानाध्यापक की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हो पाया और वह शुक्रवार को भी नदारद रहीं।

गांव के इस विद्यालय में मात्र 19 छात्र पंजीकृत हैं, जिनमें से आज शुक्रवार को 15 छात्र उपस्थित रहे थे। विद्यालय में बरेली की इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुनीता कुमारी के साथ ही एक शिक्षा मित्र संजीव कुमार तैनात हैं। आज शुक्रवार को विद्यालय में शिक्षा मित्र संजीव कुमार ही विद्यालय आए, और पूरे समय वह ही 15 छात्रों को घेरे बैठे रहे, जबकि पूरे समय इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुनीता कुमारी विद्यालय नहीं पहुंची।

इस मामले में भदपुरा के खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पिछले माह फरवरी में इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुनीता कुमारी का दो दिन का वेतन अनुपस्थित रहने की वजह से काटा जा चुका है, अगर आज शुक्रवार को भी वह स्कूल से नदारद रही हैं तो उनका जवाब तलब कर एक दिन का वेतन काटा जाएगा। उन्होंने कहा कि लाप. रवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई अलविदा की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर और क्षेत्र में अलविदा की नमाज शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आया।

रमजान शरीफ के आखिरी जुमा पर अलविदा की नमाज अदा की गई। कस्बे की जामा मस्जिद में कारी मौलाना फरियाद हुसैन, मोती मस्जिद में मौलाना आविद हुसैन, अशर्फी मस्जिद पर मौलाना मो. नईम ने अलविदा की नमाज अदा कराई। साथ ही मुल्क में अमन चौन और शांति की दुआ कराई। इसके साथ ही कस्बे की अधिकांश मस्जिदों में इमामों ने अलविदा की नमाज अदा कराई। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी अलविदा की नमाज शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। शान्ति पूर्ण ढंग से अलविदा की नमाज अदा किए जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

# एजेंसी पर सुबह से लग रहीं लंबी कतारें, मार्च की बुकिंग पर अप्रैल की डिलीवरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कस्बा रिछा में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। गैस एजेंसी पर रोजाना सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। लोग अपना कामकाज छोड़कर घंटों लाइन में लगने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद कई उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।



उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने मार्च महीने में ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करा दी थी, लेकिन अब तक डिलीवरी नहीं मिली है। कई उपभोक्ताओं को अप्रैल महीने की डिलीवरी डेट बताई जा रही है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गैस लेने पहुंचे लोगों का कहना है कि वे कई दिनों से एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार गैस खत्म होने की बात कहकर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। वहीं ई-केवाईसी कराने आए उपभोक्ताओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीड़ और अव्यवस्था के कारण लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि दिन में गैस की कमी बताई जाती है, जबकि रात के समय सिलेंडरों की सप्लाई की जा रही है, जिससे कालाबाजारी की आशंका जताई जा रही है। लोगों का कहना है कि अगर समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए तो उन्हें इतनी परेशानी नहीं झेलनी पड़े।

उधर, गैस एजेंसी के मैनेजर ने कालाबाजारी के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि गैस की सप्लाई सीमित मात्रा में मिल रही है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है। जैसे-जैसे सप्लाई मिलती है, उसी के अनुसार उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गैस बुकिंग के बाद कई उपभोक्ताओं को डीएसी नंबर नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण डिलीवरी प्रक्रिया में भी दिक्कत आ रही है।

फिलहाल गैस की किल्लत के चलते क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है, और गैस एजेंसी पर रोजाना भीड़ का माहौल बना हुआ है।

# ड्यूटी से लगातार गैर हाजिर रहने पर आरक्षी निलंबित

■ एसएसपी ने की कार्रवाई, विभागीय जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना परिसर में तैनात आरक्षी विशु बालियान को ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर रहने पर निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने ण्मामले को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार आरक्षी विशु बालियान 8 फरवरी को अवकाश पर गए थे, और उन्हें 12 फरवरी को वापस ड्यूटी पर उपस्थित होना था, लेकिन तय समय के बाद भी वह ड्यूटी पर नहीं लौटे, और लगातार गैर हाजिर रहे। इसके अलावा शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं के तहत पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा संचालित यक्ष एप जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी होने के बावजूद उन्होंने इसमें भी कोई रुचि नहीं दिखाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने आरक्षी विशु बालियान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में विवाद

■ छोटे भाई और भाभी पर मारपीट का आरोप, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र की भुड़िया कॉलोनी में संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। मारपीट में एक भाई घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छोटे भाई और उसकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भुड़िया कॉलोनी निवासी मधुसूदन अधिकारी पुत्र नारायण अधिकारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके छोटे भाई सहदेव अधिकारी और उसकी पत्नी सावित्री अधिकारी से घर और जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मधुसूदन का कहना है कि मारपीट में उसके चेहरे और कमर पर चोटें आई हैं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी पति-पत्नी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। बताया जाता है कि भूड़िया कॉलोनी में बंगाली परिवार रहते हैं, जो बांग्लादेश से आए शरणार्थी बताए जाते हैं।

यहां जमीन और मकान के बंटवारे को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सहदेव अधिकारी और सावित्री अधिकारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वारिसान प्रमाण पत्र की रिपोर्ट को लेकर वकील व लेखपाल में विवाद

■ एसडीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** वारिसान प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में अधिवक्ता और लेखपाल के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक के बाद मामला इतना बढ़ गया कि वकीलों ने एसडीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए धरना दे दिया। बाद में एसडीएम के समझाने पर अधिवक्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार सैंजना गांव के भूपाल अपने पिता के वारिसान प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगवाने के लिए अधिवक्ता मोर सिंह के साथ लेखपाल उमाशंकर राना के पास पहुंचे थे। रिपोर्ट लगाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। सूचना मिलने पर अन्य अधिवक्ता भी मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू हो गया। वहीं लेखपाल के समर्थन में अन्य लेखपाल भी एकत्र हो गए।दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अभद्रता और मारपीट के आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। मामला बढ़ने पर एसडीएम ने दोनों पक्षों को वार्ता के लिए अपने कार्यालय में बुलाया। इसी दौरान लेखपाल के पहुंचने पर फिर से दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। इस पर अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए धरना शुरू कर दिया। अधिवक्ता मोर सिंह का आरोप है कि वारिसान के आवेदन पर रिपोर्ट लगाने के लिए लेखपाल ने उनके मुवक्किल से 1500 रुपये की मांग की। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता और मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।वहीं लेखपाल संघ के अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह का कहना है कि वारिसान आवेदन में मृतक और आवेदक के रूप में एक ही व्यक्ति का नाम दर्ज था। इस त्रुटि की जानकारी देने पर अधिवक्ता तत्काल रिपोर्ट लगाने का दबाव बनाने लगे और लेखपाल से अभद्रता करते हुए मारपीट की।निरीक्षक अपराध संजय तोमर ने बताया कि अधिवक्ता और लेखपाल दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

# थाना क्षेत्र से गायब किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र के एक गांव से बाजार गई किशोरी अचानक गायब हो गई।काफी तलाशी के बाद जब नही मिली तब मां ने दो दिन बाद गांव के दो युवकों पर नशा सुंघाने के बाद मुंह में कपड़ा ढूंसकर अपहरण का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शुक्रवार को किशोरी की बरामद करने के बाद मेडिकल के लिए भेजा है।

दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव की किशोरी परिवार के दो नाबालिक बच्चों के साथ स्थानीय कस्बा के बाजार गई थी, लेकिन बाजार से गुम हो गई।दोनो बच्चे रोते हुए घर लौट आए। दोनो ने परिजनों को बताया बाजार से लौटते समय दो युवक आए एक ने नशा सुंघाया दूसरे ने मुंह में कपड़ा ढूंस दिया। दोनों किशोरी को ले गये, जिसके चलते किशोरी की मां तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही देवेंद्र और सोनू शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह नें बताया लड़की किशोरी नहीं युवती है। वह खुद ही गांव के लड़के के साथ गई थी।उसको मेडिकल को भेजा है।कोर्ट में उसने उसी युवक के पक्ष में बयान किये है।जिसके साथ वह गई थी।

# अकीदत के साथ अदा हुई जुमा अलविदा की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** माह ए रमजान के आखिरी जुमा यानी अलविदा की नमाज अकीदत और शांति के साथ कस्बा एवं थाना क्षेत्र के गांवों में अदा की गई।



कस्बे व थाना क्षेत्र की सभी मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह व चौकी प्रभारी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहे और व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। कस्बे की जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, हुसैनी मस्जिद,अजहरी मस्जिद सहित कस्बे की सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई और थाना क्षेत्र के गांव माधौपुर, रसूला चौधरी, रूकुमपुर, इस्लामनगर, धनतिया, की मस्जिदों में भी अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। नमाज के समय मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के आपसी सहयोग से नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शादी का झांसा देकर महिला से शारीरिक संबंध बनाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार 11 फरवरी 2026 को इलाके की एक युवती ने थाने में तहरीर देकर थाना फरीदपुर के युवक राहुल गुप्ता पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। शिकायत पर पुलिस ने दर्ज करके आरोपी की तलाश कर दी।

शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर राधा कृष्ण मंदिर के सामने कॉलोनी की ओर जाने वाले रास्ते से आरोपी राहुल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।



थाना लाकर पूछताछ में आरोपी ने बताया दोनों करीब एक वर्ष से एक मेडिकल कालेज में साथ साथ नौकरी करते थे।युवती खुद को गैर शादी शुदा बता रही थी।बाद में उसे पता चला महिला की पहले से शादी हो चुकी है। दो बच्चे भी हैं। इसके बाद उसने उससे अलग होकर दूसरी जगह शादी कर ली। इसीलिए महिला ने उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया पुलिस टीम ने आरोपी राहुल गुप्ता को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## एक युवक घायल, परिजनों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शुक्रवार को लावड़ फलावदा मार्ग पर समसपुर गांव के निकट एक तेज रफ्तार कार ने बाईक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी जिसमें लावड़ निवासी एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महलका गांव निवासी दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे दौराला सीएससी ले जाया गया जहां गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ मेडिकल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया बताया जाता है कि उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा लावड़ निवासी गौरव पुत्र राजेंद्र जाटव अपने मामा के लड़के महलका गांव निवासी कुलदीप के साथ बाईक द्वारा लावड़ से महलका जा रहा था जैसे ही वो कस्बे के बाहरी छोर पर समसपुर गांव के निकट पहुंचे तो फलावदा की ओर से आई एक तेज रफ्तार कार नंबर यूपी 17 एच 5970 ने जोरदार टक्टर मार दी जिससे बाईक सवार गौरव पुत्र राजेंद्र निवासी कस्बा लावड़ की मौके पर ही मौत हो गई

**विधायक अतुल प्रधान ने परिजनों को समझाकर खुलवाया जाम**

जबकि महलका गांव निवासी कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर घायल कुलदीप को दौराला सीएससी में भेजा जहां से गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने कार चालक सर्वेश पुत्र भीकम सिंह निवासी ग्राम बढ़हल थाना दोघट जनपद बागपत को हिरासत में ले लिया।

वहीं मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया सूचना पर लावड़ चौकी व फलावदा पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजनों ने मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी व बीस लाख रुपए आर्थिक मदद की मांग करते हुए शव नहीं उठने दिया।

वहीं सरधना विधायक अतुल प्रधान भी मौके पर पहुंच गए और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान अतुल प्रधान ने मृतक के परिवार के एक सदस्य को नगर पंचायत में नौकरी पर लगवाने व सरकार द्वारा आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया तब जाकर परिजनों ने जाम खोला। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा।

**मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था मृतक**

बताया जाता है कि मृतक गौरव पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा था वो अविवाहित था उसका एक छोटा भाई और है वो अकेला ही मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था उसके पिता भी बीमार रहते है अब उसके परिवार पर रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। उसकी मौत के बाद परिवार व आसपड़ोस में मातम छा गया। उसके परिवार का रो रोकर बुरा हाल था।



परिजनों को समझाते विधायक अतुल प्रधान।

# ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

## 10 शातिर चोर दबोचे, भारी मात्रा में सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना पुलिस और स्वाट टीम देहात ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 10 शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी किया गया ट्रांसफार्मर का सामान, चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश पर अपराध नियंत्रण और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मेरठ के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सरधना के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। दिनांक 12/13 मार्च की रात थाना सरधना पुलिस टीम और स्वाट टीम देहात चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने छुर-कालंद रजवाहे के चौराहे से करीब 1:35 बजे 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जान मोहम्मद पुत्र अख्तर निवासी समर गार्डन लिसाड़ी गेट, इरशाद पुत्र बशीर निवासी उज्जवल गार्डन लिसाड़ी गेट, शहजाद पुत्र शरीफ निवासी न्यू शानदार गार्डन लिसाड़ी गेट, फुरकान पुत्र कल्लू उर्फ इमामुद्दीन निवासी ग्राम अलीपुर हाल निवासी समर गार्डन लिसाड़ी गेट, नौशाद पुत्र इदरीश निवासी श्यामनगर लिसाड़ी गेट, निशार पुत्र दिलशाद निवासी 25 फुटा रोड उज्जवल गार्डन लिसाड़ी गेट, वाहिद पुत्र अनवर निवासी जाकिर कॉलोनी थाना लोहिया नगर, इमरान पुत्र गफूर, यामीन पुत्र मोहम्मद शफी निवासी उज्जवल गार्डन लिसाड़ी गेट तथा अकरम पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी इस्लामनगर फतेहउल्लाहपुर थाना लोहियानगर शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 05 ट्रांसफार्मर कॉइल, 11 चाबियां, 04 पाना, 01 हथौड़ी, 01 तार कटर, 01 रस्सी बंधा पाना, 01 आरी ब्लेड, 01 रेती, 01 छेनी, 01 प्लास तथा घटना में प्रयुक्त यूपी-14 जीआर 0927 नंबर की काली हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे संगठित गिरोह बनाकर रात के समय जंगलों में लगे ट्रांसफार्मरों को गिराकर उनमें से तांबे की कॉइल, तेल और बिजली के तार चोरी करते थे। चोरी किया गया सामान प्लास्टिक के कटों में भरकर आसपास के गन्ने के खेतों में छिपा देते थे और बाद में मौका देखकर निकालकर चलते-फिरते कबाड़ियों को बेच देते थे। उससे मिलने वाले पैसे को सभी सदस्य आपस में बांट लेते थे।

आरोपियों ने यह भी कबूल किया कि उन्होंने जनवरी माह में ग्राम कालंदी, छबड़िया और कालंद रजवाहा पटरी क्षेत्र में तथा फरवरी माह में मुल्हैड़ा रोड, ग्राम छुर, ईकड़ी, गोटका और अक्केपुर सहित कई स्थानों पर ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान चोरी किया था। इसके अलावा 2 मार्च की रात को भी ग्राम छबड़िया और कालंद के ट्रांसफार्मरों से सामान चोरी कर उसे गन्ने के खेत में छिपा दिया था, जिसे बेचने के लिए वे जा रहे थे। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य पहले जंगलों में जाकर ट्रांसफार्मरों की रेकी करते थे। इसके बाद योजना बनाकर अलग-अलग टीमों में पहुंचकर ट्रांस्फार्मर गिराते और उनमें से तांबे की कॉइल और अन्य कीमती सामान निकाल लेते थे। एक ही रात में यह गिरोह चार से पांच ट्रांसफार्मरों को निशाना बना लेता था।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जान मोहम्मद और इरशाद पहले भी मेरठ और आसपास के जिलों में कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं और जेल भी जा चुके हैं। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:** प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह, स्वाट टीम ग्रामीण के निरीक्षक डॉ. शैलेश तोमर मय टीम, उपनिरीक्षक विजय चौहान, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक आलोक कुमार, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, उपनिरीक्षक गौरव शर्मा, उपनिरीक्षक प्रदीप द्वितीय, उपनिरीक्षक नितिन सारस्वत, उपनिरीक्षक आदित्य सिंह, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक शिवा उपाध्याय, हेड कांस्टेबल इरशाद सैफी, हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार, कांस्टेबल गौतम त्यागी, कांस्टेबल नाजिम, कांस्टेबल सत्यवीर और कांस्टेबल कपिल कुमार शामिल रहे।

# ईद व रामनवमी के मद्देनजर परीक्षितगढ़ पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** परीक्षितगढ़ ईद व रामनवमी को लेकर थाना पुलिस ने नगर में फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकाला। इस मौके पर थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने लोगों से कहा कि ईद व रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं वहीं नवरात्रि का पर्व भी धूमधाम से मनाये। नगर में थाने से मुख्य मार्ग मुख्य बाजार मवाना स्टैंड किठौर स्टैण्ड से थाना परिसर तक निकाला गया। इस मौके पर सभी दरोगा व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सरधना में पिज्जा दुकान संचालक से मारपीट, तोड़फोड़ और रंगदारी मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना क्षेत्र में एक पिज्जा दुकान संचालक के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीन युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मौहल्ला कमरानवाबान निवासी अजय गुप्ता पुत्र जयनंद गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पांडुशिला रोड स्थित अपनी दुकान 'दा पिज्जा थियेटर' चलाते हैं। आरोप है कि गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे जब वह दुकान पर बैठे थे, तभी विवेक धामा निवासी ग्राम कुशावली, उमंग निवासी ग्राम कुशावली और अभिषेक सोम निवासी ग्राम भामौरी शराब के नशे में उनकी दुकान पर पहुंचे।

पीड़ित के अनुसार, तीनों आरोपी दुकान पर आते ही गाली-गलौच करने लगे और कथित रूप से बोले कि 'साले बनिया तेरी दुकान अच्छी चल रही है, अगर यहां दुकान करनी है तो हमें प्रोटेक्शन मनी देनी होगी।' जब अजय गुप्ता ने इसका विरोध किया और गाली देने से मना किया, तो आरोपी आगबबूला हो गए।

आरोप है कि इसके बाद तीनों युवकों ने दुकान में जमकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। जब अजय गुप्ता ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और कथित रूप से गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उनके 9 वर्षीय मासूम बेटे अर्शित के साथ भी मारपीट की।

घटना के बाद आरोपी दुकान में तोड़फोड़ और मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

पीड़ित अजय गुप्ता ने बताया कि उन्होंने उसी रात पुलिस को घटना की सूचना दे दी थी और शुक्रवार सुबह थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाना शेरपुर स्थित शताक्षी कॉलिज ऑफ एजुकेशन में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम किया गया। स्वयंसेवकों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर आकांक्षा शर्मा ने स्वयंसेवकों को बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए। कालिज के चेयरमैन मोनू तौमर व अध्यक्ष राजेंद्र नागर ने भी स्वयंसेवकों को पर्यावरण बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने शिविर के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. विक्रांत गिरी ने भी संबोधित किया। शिविर में स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल पर पौधे भी लगाए। इस मौके पर सौरव, विनय, हर्ष, मानसी, अनू, पलक, दीपा, वंदना आदि का सहयोग रहा।

# आईएएस बने तक्षशिला स्कूल के पूर्व छात्र हर्ष नेहरा का ढोल नगाड़ों से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शनिवार को यूपीएससी की परीक्षा में ऑल इंडिया 74वीं रैंक प्राप्त कर आईएएस बने स्कूल के छात्र हर्ष नेहरा का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर स्कूल पहुंचने पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह, प्रबंधिका कुसुम रानी, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा, सभी शिक्षकों व बच्चों ने छात्र से आई.ए.एस बने हर्ष नेहरा का स्कूल में ढोल नगाड़ों से अभिनंदन किया। हर्ष नेहरा अपने आपको उनके पढ़ाने वाले शिक्षकों के बीच पाकर भावुक हो गए। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा की यादों को बच्चें के साथ साझा किया। स्कूल के बच्चों ने हर्ष नेहरा से उनकी तैयारी के बारे में प्रश्न किये जिनके उत्तर हर्ष नेहरा ने खुशी के साथ दिए। हर्ष नेहरा ने बताया कि तक्षशिला के अनुशासन से उन्हें आईएएस बनने की प्रेरणा मिली। हर्ष नेहरा बहादुरपुर के रहने वाले हैं। उनके पिता अजय नेहरा एक किसान तथा माता अनीता नेहरा शिक्षिका हैं। हर्ष नेहरा ने आईएएस बनने की प्रेरणा अपने दादा विक्रम सिंह तथा विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह से प्राप्त की। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह, प्रबंधिका कुसुम रानी, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा तथा सभी शिक्षकों ने उन्हें आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कस्टमर डे 2026: एयरटेल ने ग्राहकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपनी संस्कृति को किया और मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एयरटेल ने आज 'कस्टमर डे 2026' मनाया। यह संगठन के भीतर चलाया गया एक व्यापक अभियान है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों की समस्याओं को समझना और उनके अनुभव को लगातार बेहतर बनाना है। इस पहल के तहत एयरटेल के लगभग बीस हजार कर्मचारियों ने अपने कार्यालयों से बाहर निकलकर सीधे फील्ड में काम किया। इनमें नेतृत्व करने वाली टीम के सदस्यों से लेकर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ शामिल थे। इन कर्मचारियों ने फ्रंटलाइन टीमों के साथ मिलकर काम किया, फील्ड इंजीनियरों के साथ जाकर उनके काम को करीब से देखा, घरों और दुकानों का दौरा किया और रिटेल व सर्विस सेंटरों पर ग्राहकों से बातचीत की। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा कि कस्टमर डे हमें हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है कि हम ग्राहकों की बात पूरे ध्यान से सुनें, खुद को लगातार बेहतर बनाने के लिए चुनौती दें और तत्परता के साथ कार्रवाई करें। इससे ग्राहकों को होने वाली समस्याओं को हलकरने, सेवाओं को सरल बनाने और हर दिन लाखों ग्राहकों को दी जाने वाली सेवा के स्तर को लगातार बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।

# अलविदा जुमे की नमाज में देश की अमन-शांति के लिए उठे हजारों हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र में रमजान माह के आखिरी जुम्मे यानी अलविदा जुमे की नमाज अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी और हजारों अकीदमंदों ने देश में अमन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ की। ग्राम पांचली बुजुर्ग स्थित बांग्ला मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। नमाज से पहले इमाम मौलाना मुनव्वर ने बयान करते हुए कहा कि रमजान का पवित्र महीना इंसान को सब्र, परहेजगारी और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को सबसे पहले अपने देश की तरक्की और अमन-शांति के लिए दुआ करनी चाहिए, क्योंकि देश में शांति होगी तो समाज और इंसानियत दोनों सुरक्षित रहेंगे।



मौलाना मुनव्वर ने लोगों को शिक्षा के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि अपने बच्चों को दीन के साथ-साथ दुनियावी तालीम भी दिलानी चाहिए। उन्होंने हाल ही में आए यूपीएससी परीक्षा परिणाम का जिक्र करते हुए बताया कि इस बार सैकड़ों मुस्लिम युवाओं ने मेहनत और लगन के बल पर आईएएस और आईपीएस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में स्थान प्राप्त किया है, जो समाज के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह रास्ता है जिससे समाज तरक्की करता है और नई पीढ़ी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रोत्साहित करें। नमाज के बाद मौलाना मुनव्वर व सभी नमाजियों ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। अलविदा जुमे की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर आगामी ईद की मुबारकबाद भी दी।



अलविदा जुमे पर शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग।

# 28 मार्च को विकास भवन में होगी दिशा की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्य विकास अधिकारी/अधिशासी निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, मेरठ नूपुर गोयल ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 28 मार्च को अपराहन् तीन बजे से विकास भवन, कचहरी मेरठ में लोकसभा सांसद मेरठ अरूण चंद्रप्रकाश गोविल की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी।

# शहीद स्मारक पर किया पर्यटन विभाग के विकास कार्यों का मंत्री जयवीर सिंह ने किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ.प्र. जयवीर सिंह द्वारा शहीद स्मारक दिल्ली रोड पर जनपद मेरठ में पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मंत्री का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। मंत्री द्वारा 96.91 लाख रु. से जनपद मेरठ के ग्राम पांचली में धन सिंह कोतवाल आर्ट गैलरी का निर्माण, 115.26 लाख रु. से वि.स.-सदर में स्थित नौचंदी मंदिर के पर्यटन विकास कार्य, 453.77 लाख रु. से सरधना चर्च का पर्यटन विकास कार्य, 452.57 लाख रु. से जनपद में 1857 के क्रांति स्थलो और मेरठ में शहीद स्मारक का पर्यटन विकास कार्य, 58.10 रु. लाख से विधानसभा क्षेत्र सिवालखास के विकास खंड रोहटा के ग्राम पूठखास में महाभारत कालीन अति प्राचीन पांडेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण



तथा 1504.26 लाख रु. से हस्तिनापुर का समेकित पर्यटन विकास कार्य, 127.56 लाख रु. से परीक्षितगढ़ में स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम का समेकित पर्यटन विकास कार्य, 85.69 लाख रु. से ग्राम गेझा विकास खंड जानी में स्थित गौरखधाम सेवा आश्रम का पर्यटन विकास कार्य, 68.82 लाख रु. से वार्ड नं.-55 फतेहउल्लापुर में स्थित मां ललिता देवी का पर्यटन विकास कार्य, 59.30 लाख रु. से विधानसभा मेरठ शहर में स्थित सिद्धपीठ प्राचीन सती देवी मंदिर के पर्यटन विकास कार्य का शिलान्यास किया गया।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। प्रदेश सरकार पर्यटन स्थलों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पौराणिक धरोहरों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। उन्होने कहा कि पर्यटन के विकास से रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं तथा अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों को विकसित करने के साथ-साथ पर्यटन सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके।

मंत्री ने कहा कि मेरठ की पावन भूमि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। यह भूमि महाभारत कालीन इतिहास, रामायण कालीन परंपराओं तथा भारत की स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथाओं से जुड़ी है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत भी मेरठ की इसी क्रांतिधरा से हुई थी। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण और विकास कर उन्हें पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि कुछ ऐसी भी योजनाओ की घोषणा की गई है जिनको इसी वित्तीय वर्ष में स्वीकृति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग जिस योजना का जिस दिन शिलान्यास करता है उसी दिन उसके लोकार्पण की तिथि भी घोषित करता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कानून एवं शांति व्यवस्था में जीरो टोलरेंस की नीति के तहत कानून व्यवस्था स्थापित है, उसी के अनुक्रम में प्रदेश में औद्योगिक और निवेश का वातावरण बना। उन्होने कहा कि प्रदेश के वे समस्त स्थल जिनके प्रति लोगो का भावनात्मक लगाव है, जिनके प्रति आस्था व श्रद्धा है उन सबको समृद्ध, संवर्द्धन और विकसित कर पर्यटन अवस्थापना सुविधाओ के साथ जोडकर आम लोगों को समर्पित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यों से मेरठ के ऐतिहासिक महत्व को और अधिक पहचान मिलेगी तथा पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर राज्मंत्री ऊर्जा डॉ. सोमेन्द्र तोमर, महापौर हरिकान्त अहलूवालिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरव चौधरी, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, एमएलसी अश्वनी त्यागी, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# तीन सचिवों की बहाली को लेकर 61 सचिवों की धरने की चेतावनी

**रामपुर में 61 ग्राम विकास व पंचायत सचिवों ने तीन साथियों के निलंबन के विरोध में चेतावनी दी, बहाली न होने पर डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में धरने का ऐलान**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर** जिले में ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारियों के बीच नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। जिले के कुल 85 सचिवों में से 61 सचिवों ने एकजुट होकर जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन भेजते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनके तीन साथियों को जल्द बहाल नहीं किया गया तो वे धरने पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति के बैनर तले सचिवों की एक बैठक डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में आयोजित की गई। बैठक में मौजूद सचिवों ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए थे, लेकिन समस्याओं के समाधान के बजाय विभाग की ओर से उनके तीन साथियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया।

सचिवों का कहना है कि संजीव तोमर (चमरौआ), जितेंद्र कुमार (शाहाबाद) और शकील (बिलासपुर) पर की गई कार्रवाई पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने मांग की कि तीनों सचिवों को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए। सचिवों ने यह भी स्पष्ट किया कि वे अपने निर्धारित कार्यों के अलावा कोई अतिरिक्त काम नहीं करेंगे। बैठक के दौरान सचिवों ने सामूहिक रूप से एक ज्ञापन तैयार किया और इसे जिला पंचायत राज अधिकारी नाथूलाल को भेज दिया। सचिवों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे।

बैठक के बाद सचिव परमानंद ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आज की बैठक में आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि सभी सचिव एकजुट हैं और अपने साथियों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई को अंत तक लड़ेंगे। यदि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रामपुर में ग्राम विकास और पंचायत सचिवों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। तीन सचिवों के निलंबन के विरोध में जिले के 61 सचिव एकजुट हो गए हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में बैठक कर उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन भेजते हुए चेतावनी दी है कि अगर उनके साथियों संजीव तोमर, जितेंद्र कुमार और शकील को जल्द बहाल नहीं किया गया तो सभी सचिव अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे। सचिवों ने साफ कहा है कि वे अब अपने निर्धारित कार्यों के अलावा कोई अतिरिक्त काम नहीं करेंगे।

# रामपुर के 2.35 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 47.15 करोड़

**पीएम किसान सम्मान निधि की २२वीं किश्त का विकास भवन में हुआ सजीव प्रसारण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त जारी होने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण असम के गुवाहाटी से किया गया। जनपद स्तर पर इसका आयोजन विकास भवन सभागार में हुआ, जहां मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, उप निदेशक कृषि राम किशन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा सहित अन्य अधिकारियों और बड़ी संख्या में किसानों ने कार्यक्रम देखा और प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा रिमोट बटन दबाकर योजना की 22वीं किश्त किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई। जनपद रामपुर में इस किश्त के तहत 2.35 लाख किसानों के खातों में लगभग 47.15 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे गए। प्रत्येक किसान को दो-दो हजार रुपये की राशि मिली।

उप निदेशक कृषि ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना 6000 रुपये की सहायता तीन किस्तों में दी जाती है। वर्ष 2019 से अब तक जनपद के किसानों को इस योजना के माध्यम से 1041.94 करोड़ रुपये की राशि भेजी जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री योजना के तहत जनपद में 2,09,828 किसानों में से 2,07,050 किसानों का पंजीकरण हो चुका है, जो लगभग 99 प्रतिशत है। इस उपलब्धि के साथ रामपुर जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को पीएम कुसुम योजना, बीज अनुदान, कृषि यंत्र अनुदान और मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

## रामपुर में गैस की कोई कमी नहीं, अफवाहों से रहें सावधान: आकाश सक्सेना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि रामपुर में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और किसी भी वैध उपभोक्ता को गैस की आपूर्ति में दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने लोगों से गैस संकट को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

विधायक आकाश सक्सेना ने रामपुर सेवक कार्यालय पर गैस एजेंसी संचालकों और पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर गैस सप्लाई की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में एजेंसी संचालकों ने बताया कि गैस की आपूर्ति सामान्य है और पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि समस्या केवल उन लोगों को हो रही है जिनके गैस कनेक्शन वैध नहीं हैं या जिनकी केवाईसी पूरी नहीं है। विधायक ने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि किसी को परेशानी न हो।

आकाश सक्सेना ने कहा कि आगामी ईद को देखते हुए गैस की अतिरिक्त व्यवस्था भी की गई है और त्योहार के दौरान भी सप्लाई प्रभावित नहीं होगी। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी पूरन, अमित दिवाकर, शादाब खां और सुबोध अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी का आरोपी गिरफ्तार

**गोली लगने से मुस्तकीम घायल, अवैध तमंचा, बाइक व गौवध के उपकरण बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** भोट थाना क्षेत्र में पुलिस और गौकशी के आरोपियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। एडिशनल एसपी अनुराग सिंह के अनुसार, 12 और 13 मार्च की मध्यरात्रि करीब तीन बजे भोट थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल से गौकशी की फिराक में इलाके में घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ग्राम बांसनगली से कोयला इंड्री रोड जाने वाली चकरोड पर पहुंचकर घेराबंदी करने लगी। कुछ देर बाद मोटरसाइकिल से आए दोनों संदिग्धों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक पर पीछे बैठे आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें नगलिया आकिल निवासी मुस्तकीम पुत्र अफसर कुरैशी के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया।

घटना के दौरान उसका साथी मोवीन पुत्र नब्बू निवासी खण्डिया अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और गौवध में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। बरामद सामान में कुल्हाड़ी, गड़ासा, दो मीट काटने की छुरियां, रस्सियां, लकड़ी का गट्टा और कपड़े शामिल हैं।

घायल मुस्तकीम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मुस्तकीम और उसका फरार साथी मोवीन दोनों ही शातिर अपराधी हैं और उनके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## बच्चों को बीयर जैसा स्वाद देने वाले ड्रिंक पर कार्रवाई की मांग, संगठनों ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बच्चों को बीयर जैसे स्वाद का आदी बनाने वाले कथित ड्रिंक के विरोध में राष्ट्रीय हिंदू जागृति मंच और बीजेपी जन कल्याण मंच के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सहायक आयुक्त खाद्य/अभिहित अधिकारी, जनपद रामपुर को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि कुछ कंपनियां मुनाफे के लिए समाज के भविष्य यानी बच्चों के स्वास्थ्य और संस्कारों से खिलवाड़ कर रही हैं। आरोप लगाया गया कि पारले एग्रो कंपनी द्वारा बाजार में उतारे गए एक नए ड्रिंक का स्वाद कथित रूप से बीयर के समान रखा गया है, जो बेहद आपत्तिजनक और चिंताजनक है। पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के पेय पदार्थों के जरिए बच्चों को बीयर जैसे स्वाद से परिचित कराने की कोशिश की जा रही है, जिससे भविष्य में उन्हें मादक पेयों की ओर आकर्षित किया जा सकता है। उन्होंने इसे समाज और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक प्रवृत्ति बताते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

संगठनों ने प्रशासन से मांग की कि संबंधित ड्रिंक की तत्काल जांच कराई जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि उसका स्वाद बीयर जैसा क्यों रखा गया है। यदि जांच में यह तथ्य सामने आता है कि यह बच्चों को मादक पेयों के स्वाद से परिचित कराने की रणनीति है, तो उसकी बिक्री और प्रचार-प्रसार पर प्रतिबंध लगाया जाए तथा संबंधित कंपनी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय हिंदू जागृति मंच की प्रदेश अध्यक्ष कंचन सक्सेना के साथ गीता अरोड़ा, वेद आहूजा, विशाल गुप्ता, सारिका रस्तोगी और संगीता अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित में व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

### पेड़ो की टहनियों की छटाई के 14 मार्च को विधुत आपूर्ति बाधित रहेंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा नगर व ग्रामीण जनता को सूचना देते हुए अवगत कराया गया कि 14 मार्च को 33 केवी स्वार तहसील लाइन के आसपास आ रही पेड़ पौधों की डालियों की कटाई व छटाई एव आवश्यक अनुरक्षण कार्य कराए जाने के कारण विधुत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खंड ने स्वार ने जानकारी देते हुए की14 मार्च को संबंधित क्षेत्र की विधुत आपूर्ति प्रात 08 बजे से साय 04 बजे तक बंद रहेगी। समस्त उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि उक्त अवधि में अपनी आवश्यकतानुसार वे कल्पिक व्यवस्था कर ले कार्य के दौरान होने वाली असुविधा के लिये सहयोग प्रदान करे अधिशासी अभियंता।

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना से संबंधित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में जनपद के मास्टर ट्रेनर सत्यप्रकाश और हिमांशु द्वारा समस्त 40 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनरों को मकानों के सूचीकरण (एचएलओ) तथा गणना की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

जानकारी दी गई कि 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक स्वयं गणना ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है तथा 22 मई से 20 जून 2026 तक 30 दिनों की अवधि में जनगणना का कार्य पूर्णत: डिजिटल मोड में आयोजित किया जाएगा। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त फील्ड ट्रेनर आगे तहसील स्तर एवं नगर निकायों में जनगणना प्रगणकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे कार्य सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके।

इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी ने समस्त चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना-2027 को पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला प्रभारी मो. इल्यास और जनगणना सेल से मो. यासिन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुत्ते को बचाने के चक्कर में फिसली बाइक, महिला की मौत

**पीछे से आ रहा ट्रैक्टर का पहिया महिला पर चढ़ा, बेटा गंभीर**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** स्वार कोतवाली क्षेत्र में रिश्तेदारी में जा रहे मां-बेटे की बाइक अचानक सड़क पर कुत्ते के आने के कारण फिसल गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच पीछे से आ रहे ट्रैक्टर का पहिया मां पर चढ़ गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। राहगीरों द्वारा सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जहां पर मां की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है।

हादसा स्वार कोतवाली क्षेत्र में सीकमपुर के पास हुआ। टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर निवासी लइका बी अपने बेटे मुसाहिद मियां के साथ स्वार के शिवनगर स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रही थीं। बताते हैं कि अभी दोनों सीकमपुर के पास पहुंचे थे कि अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में मुसाहिद ने बाइक एक तरफ की लेकिन वह नियंत्रण खो बैठा। जिससे दोनों मय बाइक काफी दूर तक घिसटते चले गए। इस बीच पीछे से आ रहे ट्रैक्टर का पहिया लइका बी पर चढ़ गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। लोग मौके की ओर भागे तो चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आनन-फानन में दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जहां पर मां की मौत हो गई। जबकि मुसाहिद का उपचार चल रहा है। हादसे की जानकारी परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर आ गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय जनपद रामपुर।**
**सेक्शन वाद सं0- 08/2026**

श्रीमती जुलेखा बेगम उम्र करीब 78 वर्ष पत्नी स्व0 गामा निवासी ग्राम खेमपुर थाना अजीमनगर, जिला रामपुर। ...प्रार्थिनी

बनाम 1- कौसर पत्नी इकरार अहमद निवासी ग्राम इमरता थाना स्वार, जिला रामपुर।
2- महरूल निशा पत्नी अब्दुल रहीम निवासी ग्राम गंगापुर कदीम, थाना मिलक, जिला रामपुर।
3- गुलशेर पुत्र गामा निवासी ग्राम खनेपुर तहसील स्वार, जिला रामपुर।
4- छोटी पुत्री सफदर निवासी ग्राम खेमपुर थाना अजीमनगर, तहसील स्वार, जिला रामपुर।
5- मैसर जहां पत्नी शराफत अली निवासी ग्राम अलीनगर शुमाली थाना अजीमनगर, जिला रामपुर।
6- कलसुम पत्नी अनवर अली निवासी ग्राम खेमपुर थाना अजीमनगर, तहसील स्वार, जिला रामपुर।
7- आम जनता।

**सूचना बनाम आम जनता**

चूंकि वादनी जुलेखा पत्नी गामा आयु करीब 78 वर्ष निवासी ग्राम खेमपुर, थाना अजीमनगर तहसील स्वार जिला रामपुर के द्वारा सिविल जज (सी0डि0) महोदय रामपुर के न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु कि स्व0 आरिफ आयु करीब 38 वर्ष पुत्र स्व0 गामा निवासी ग्राम खेमपुर थाना अजीमनगर, तहसील स्वार, जिला रामपुर की मृत्यु दिनांक 17.11.2025 को हो चुकी है तथा स्व0 आरिफ पुत्र स्व0 गामा जिनके इंण्डियन बैंक खाता सं0-50317312828 में जमा 29,32,416/- रूपये मय ब्याज सहित प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है। अत: यह इस्तेकार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक 23.03.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें तारीख गुजरने के बाद किसी भी की आपत्ति नहीं सुनी जाये और निर्णय आदेश पारित किया गया है। आज दिनांक 13 माह 03 सन् 2026 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया है।

**मुंसरिम न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) रामपुर (उ0प्र0)**

**सम्मन वास्ते करादार उम्र तन्कीह तलब**
**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) रामपुर**
**नम्बर मुकदमा मूलवाद सं0-206/2025**

नाम फरीकैन
1. श्रीमती शिम्मी पत्नी स्व0 बाबर खां
2. सोफियान पुत्री स्व0 बाबर खां
3. अजान पुत्र स्व0 बाबर खां
4. बिलाल पुत्र स्व0 बाबर खां
5. कु0 मन्नत पुत्री स्व0 बाबर खां समस्त 2 ता 5 नाबालिग द्वारा संरक्षिका माता हकीकी व वली कुदरती श्रीमती शिम्मी साकिनान मौहल्ला खटकान, तहसील सदर, जिला रामपुर।....वादीगण

बनाम 1. सूरज पुत्र स्व0 रामकिशोर
2. राजपाल पुत्र स्व0 रामकिशोर
निवासीगण मौहल्ला मडैयान नादर बाग, तहसील सदर, जिला रामपुर। ....प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वे बतारीख हस्बजैल का असालतन या मार्फत के जो हालात मुकदमा से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल अहम मुताल्बिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिनके पास कोई शख्स हो जो जवाब ऐसे हवालात दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा भी करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे, जिन पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगें तो मुकदमा गैर हाजिरी आपका मसमुआ फैसला होगा।

दस्तख्त मेरे और मोहर के आज बतारीख 13 माह 03 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।
तारीख वास्ते दाखिल करने जवाब-03.04.2026
तारीख वास्ते मुकर्रर तनकीह

**मुंसरिम सिविल जज (जू0डि0) रामपुर**

**सम्मन वास्ते करादार उम्र तन्कीह तलब**
**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) रामपुर**
**नम्बर मुकदमा मूलवाद स0-467/2020**

नाम फरीकैन
1. श्रीमती शिम्मी पत्नी स्व0 बाबर खां
2. सोफियान पुत्री स्व0 बाबर खां
3. अजान पुत्र स्व0 बाबर खां
4. बिलाल पुत्र स्व0 बाबर खां
5. कु0 मन्नत पुत्री स्व0 बाबर खां समस्त 2 ता 5 नाबालिग द्वारा संरक्षिका माता हकीकी व वली कुदरती श्रीमती शिम्मी साकिनान मौहल्ला खटकान, तहसील सदर, जिला रामपुर। .....वादीगण

**बनाम** 1. सूरज पुत्र स्व0 रामकिशोर
2. राजपाल पुत्र स्व0 रामकिशोर
निवासीगण मौहल्ला मडैयान नादर बाग, तहसील सदर, जिला रामपुर। ...प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत **संविदा के विशिष्ट अनुपालन हेतु** दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वे बतारीख हस्बजैल का असालतन या मार्फत के जो हालात मुकदमा से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल अहम मुताल्बिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिनके पास कोई शख्स हो जो जवाब ऐसे हवालात दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा भी करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे, जिन पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगें तो मुकदमा गैर हाजिरी आपका मसमुआ फैसला होगा।

दस्तख्त मेरे और मोहर के आज बतारीख 13 माह 03 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।
तारीख वास्ते दाखिल करने जवाब-03.04.2026
तारीख वास्ते मुकर्रर तनकीह

**मुंसरिम सिविल जज (जू0डि0) रामपुर**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय जनपद रामपुर**
**मूलवाद सं0- 468 सन् 2025**

1. शाहिद हुसैन उम्र लगभग 65 वर्ष
2. जब्बार हुसैन उम्र लगभग 55 वर्ष
3. उस्मान उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्रगण पीर बख्श
4. फारूख पुत्र जुम्मा निवासीगण ग्राम अल्लापुर तहसील टाण्डा जिला रामपुर उ0प्र0 ।..वादीगण

बनाम 1. मनवीर उम्र लगभग 35 वर्ष
2. सोवीर उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्रगण हरिराज
3. ओमकार उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र रघुनाथ
4. राहुल उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र ओमकार निवासीगण ग्राम टाह मदन तहसील व जिला मुरादाबाद उ0प्र0 ।...प्रतिवादीगण

**इस्तेहार**

सूचित किया जाता है कि वादीगणों की स्थित आराजी ग्राम किशनपुर दूलानगला तहसील टाण्डा जिला रामपुर के गाटा सं0-82 रकवा 0.983 हे0 भूमि में सहखातेदार है और खतौनी में सकमणीय भूमिधर काश्तकार है, की बाबत न्यायालय हाजा में दावा बाबत स्थाई निषेधाज्ञा का वाद दायर किया है जिसकी सुनवाइ हेतु दिनांक 06.04.2026 नियत है।

अत: यह इस्तेहार जारी किया जाता है कि प्रतिवादीगण को वाद पत्र पर आपत्ति हो तो व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा दिनांक 06.04.2026 को सुबह 10:00 बजे न्यायालय हाजा में उपरोक्त दिनांक पर उपस्थित होकर आपत्ति/जबाव प्रस्तुत करें। उपरोक्त दिनांक के बाद किसी की कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और याद पत्र पर उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**मुंसरिम न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) जनपद रामपुर।**

## एसपी व एएसपी ने किया शहजादनगर थाने का आकस्मिक निरीक्षण

**अपराध रजिस्टर, मालखाना व थाना परिसर की व्यवस्था परखी, दिए आवश्यक निर्देश**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामपुर और अपर पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को थाना शहजादनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय की व्यवस्थाओं और अभिलेखों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान अधिकारियों ने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर और फ्लाई शीट सहित विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उनके रख-रखाव और प्रविष्टियों की जांच की। साथ ही विभिन्न पोर्टल पर की जा रही ऑनलाइन फीडिंग की भी समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में बने कार्यालय, भोजनालय, मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर सेल की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को रिकॉर्ड सही रखने, साफ-सफाई बनाए रखने और कार्यों में पारदर्शिता रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## जेसीबी संचालक ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड नोट मिलने के बाद पत्नी समेत चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सिविल लाइंस क्षेत्र में एक जेसीबी संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने खिड़की से उसका शव फंदे पर लटका देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और परिजनों को जानकारी दी। मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें मृतक ने पत्नी और सास समेत चार लोगों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

मामला सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के बाबा दीप सिंह नगर का है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चमरपुरा निवासी देवेंद्र (26) जेसीबी संचालक था। उसने बाबा दीप सिंह नगर में अपना ऑफिस बना रखा था और वहीं रह रहा था। बताया जाता है कि बृहस्पतिवार देर रात वह ऑफिस आया था और रात में किसी समय उसने फांसी लगाकर जान दे दी।


सुबह कुछ लोग उससे मिलने के लिए पहुंचे। काफी आवाज देने के बाद भी जब वह बाहर नहीं आया तो लोगों ने खिड़की से झांककर देखा। अंदर उसका शव फंदे से लटका देख सभी के होश उड़ गए। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सिविल लाइंस कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें मृतक ने स्वेच्छा से जान देने की बात लिखी है। मृतक के भाई मोहन लाल की तहरीर पर पुलिस ने मृतक की पत्नी दुर्गेश, सास पुरनिया, साले राजेंद्र और राशिद के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, धमकी देने और मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# भरूच के शाही परिवार ने नवाब काजिम अली खां को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** गुजरात की रियासत रहे भरूच के शाही परिवार का नेतृत्व कर रहे नवाब हाजी मिर्जा वजाहत अली खान बहादुर ने रामपुर के अंतिम शासक नवाब रजा अली खां के पौत्र नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को नाइट ग्रैंड कमांडर श्रेणी में रॉयल ऑर्डर ऑफ द लायन सम्मान प्रदान किया है। शाही खघनदान भरूच के शाही रीति-रिवाज और इस ऑर्डर के नियमों के अनुसार नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को नाइट ग्रैंड कमांडर की श्रेणी में रॉयल ऑर्डर ऑफ द लायन से सम्मानित करते हुए इससे संबंधित सभी अधिकार और विशेषाधिकार भी प्रदान करने की घोषणा की गई है। यह सम्मान प्रतिष्ठित रियासती परिवारों के बीच मित्रता और आपसी सम्मान का प्रतीक है। नवाब काजिम अली खां ने बताया कि नवाब हाजी मिर्जा वजाहत अली खान बहादुर को भी रामपुर राजपरिवार का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया है। सम्मानों का यह आदान-प्रदान भारत के ऐतिहासिक रियासती परिवारों के बीच कायम सम्मान, विरासत और सौहार्दपूर्ण संबंधों की दीर्घकालिक परंपराओं को दर्शाता है। यह भरूच और रामपुर के शाही परिवार के बीच संबंधों और सद्भावना को और मजबूत करने का भी प्रतीक है। यह अवसर दोनों शाही घरानों के लिए महत्वपूर्ण है।




# नगर की मौती मस्जिद में कुरान पाक की तिलावत मुकम्मल, इबादत पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी:** नगर की मौती मस्जिद में बुधवार की शाम बाइसवीं तरावीह में कुरान पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। इस अवसर पर मस्जिद को सुंदर ढंग से सजाया गया और तिलावत करने वाले हाफिज मोहम्मद अयास अब्दुल्लाह को फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। नमाज ए तरावीह की पढ़ाई मौती मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद आरिफ ने पूरी की, जबकि उलेमाओं ने लोगों को रमजान के महत्व और इबादत के रास्ते अपनाने का संदेश दिया। शाही इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने अपने संबोधन में कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लबरेज है और अल्लाह ताला अपने बंदों को इस महीने में गुनाहों से तौबा करने का अवसर देता है। उन्होंने सभी से रोजा, नमाज और नेक कामों में दृढ़ रहने का आग्रह किया। इस दौरान जामा मस्जिद के इमाम मौलाना खुर्शीद ने मुल्क और मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई। कार्यक्रम में गौसिया मस्जिद के इमाम कारी तारिक, मौलाना नाजिम, मोहम्मद कासिम, मास्टर सादिक, दाऊद अंसारी, मोहम्मद हारून, कमर गालिब, जाहिद हुसैन, मोहम्मद मेहरबान, शाकिर हुसैन, मास्टर यूनूस, मोहम्मद रहीस, महफूज, शाहरुख अंसारी, सोफ्यान अंसारी, मोहम्मद हनीफ, सरीफ अहमद, डॉक्टर अतीक, डॉक्टर फैजान और मोहम्मद अहमद सहित कई धार्मिक विद्वान उपस्थित रहे।



# रामपुर पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों के टर्नआउट, पुलिस लाइन की व्यवस्थाएं और परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।



## तकिये वाली मस्जिद में 23 वीं तरावीह को कुरान-ए-पाक मुकम्मल मुल्क के लिए दुआ की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद** नगर के मोहल्ला जिलेदारान स्थित तकिये वाली मस्जिद में 23वीं तरावीह के अवसर पर कुरान-ए-पाक मुकम्मल हुआ। हाफिज अफरोज ने कुरान पाक पढ़ा, जबकि हाफिज शाहदिल ने इसे सुनाया।कुरान मुकम्मल होने के बाद मस्जिद के इमाम शकील अहमद ने कुरान और रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने में कुरान की तिलावत करने वाले को हर एक लफ्ज पर सवाब मिलता है।इमाम शकील अहमद ने रोजे की फजीलत भी बताई। उन्होंने कहा कि रमजान के रोजे रखना हर मुसलमान पर फर्ज है, इसलिए सभी मुसलमानों को रमजान में रोजा रखना चाहिए।बयान के बाद इमाम साहब ने दुआ कराई, जिसमें मुल्क में अमन व चौन के लिए प्रार्थनाएं की गईं। इस अवसर पर ताहिर मौलाना, जावेद खां, चन्ना खां, अय्यूब लाला, फैजी खां, एडवोकेट शाहजान खां, पप्पू खां, अफरोज खां, अनीस खां और इसरार खां सहित कई लोग मौजूद रहे।



# मुंडियाखुर्द में प्रस्तावित ग्रामीण स्टेडियम की भूमि का निरीक्षण

## निर्माण कार्य जल्द शुरू कर समयसीमा में पूरा करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के राज्य मंत्री बल्देव सिंह औलख ने तहसील बिलासपुर के ग्राम मुंडियाखुर्द में प्रस्तावित ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण के लिए चयनित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र शुरू कर निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य से जुड़ी सभी आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी कर काम तत्काल शुरू कराया जाए, ताकि क्षेत्र के युवाओं को जल्द ही खेल सुविधाओं का लाभ मिल सके। मंत्री ने बताया कि ग्रामीण स्टेडियम बनने से क्षेत्र के युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच मिलेगा और वे जिला, प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अवसंरचना का विकास युवाओं के सर्वांगीण विकास और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



# गैस की किल्लत से रामपुर के होटल-ढाबे परेशान, कोयला भट्टी का सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के असर से रामपुर में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत बढ़ गई है। पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा 19 किलो वाले व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति रोकने से होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और मिठाई कारोबारियों के सामने संकट खड़ा हो गया है। गैस की कमी के चलते कई होटल और रेस्टोरेंट ने अपने मेन्यू से अधिक गैस खर्च करने वाले डीप फ्राई आइटम हटा दिए हैं। कारोबारियों का कहना है कि गैस सप्लाई जल्द शुरू नहीं हुई तो कारोबार चलाना मुश्किल हो जाएगा। स्थिति से निपटने के लिए कई दुकानदारों ने कोयला भट्टी और लकड़ी का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इससे लकड़ी और कोयले की मांग भी बढ़ गई है। व्यापारियों के अनुसार पहले जहां रोजाना करीब 2500 क्विंटल लकड़ी की खपत होती थी, अब यह बढ़कर लगभग 4000 क्विंटल तक पहुंच गई है। वहीं कोयले की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। जिले में कुल 45 गैस एजेंसियां संचालित हैं और लगभग 6 लाख गैस कनेक्शन हैं, जिनमें से करीब 1372 कमर्शियल कनेक्शन हैं। गैस की कमी से छोटे व्यापारियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



# गैस की कमी से उपभोक्ता परेशान, एजेंसी पर हंगामा एसडीएम ने संभाला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** गैस की कमी को लेकर नगर सहित आसपास के गांवों में उपभोक्ताओं में भारी परेशानी देखने को मिल रही है। गैस बुकिंग को लेकर क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है और उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

शुक्रवार की सुबह शिकारपुर बॉर्डर स्थित एक गैस एजेंसी पर गैस बुकिंग कराने पहुंचे उपभोक्ताओं ने हंगामा कर दिया। आरोप है कि एजेंसी मैनेजर ने कुछ उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग करने से साफ इनकार कर दिया और उनकी गैस पासबुक इधर-उधर फेंक दी। इससे उपभोक्ता भड़क गए और एजेंसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को समझा-बुझाकर स्थिति को किसी तरह शांत कराया। इस दौरान एक उपभोक्ता पुलिस चौकी पहुंच गया और एजेंसी कर्मचारियों पर गैस पासबुक फेंकने व अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम अमन देओल ने भी स्थिति का संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया। उन्होंने बताया कि झूठी अफवाह फैलाकर भ्रम की स्थिति पैदा करने के आरोप में बिजारखाता निवासी जरीफ अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।



# तालाब से अवैध कब्जा हटाने गई राजस्व विभाग टीम के सरकारी काम में बाधा डालने वाली महिला पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के हल्का बिजपुरी शुक्ल गांव पर तैनात लेखपाल राजकुमार शर्मा ने थाने पर तहरीर देकर सरकारी काम में बाधा डालने, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने और अभिलेख फाड़ने की कोशिश करने वाली महिला के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया है।

लेखपाल राजकुमार शर्मा के अनुसार तहसील गेट के सामने गाटा संख्या 53 पर तालाब की जमीन पर आंशिक आबादी का भाग है, शिकायत पर कुछ अवैध कब्जा हटवा दिया गया था और कुछ भाग पर संजू यादव ने अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण कर तीन मंजिला मकान बना रखा है। जिसकी बेदखली के लिए तहसीलदार न्यायालय में 25 फरवरी को वाद भी दाखिल कर दिया है। आरोप है कि संजू यादव ने दोबारा से तालाब की जगह में अवैध कब्जा कर दीवार और स्टील की ग्रिल लगा दी। जिसे हटाने के लिए राजस्व टीम महिला पुलिसकर्मियों समेत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची, आरोप है कि संजू यादव द्वारा जेसीबी मशीन के आगे खड़े होकर गाली गलौच करते हुए सरकारी काम में बाधा डाली गई। आरोप यह भी है कि महिला के द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई और झपट्टा मारकर सरकारी अभिलेख फाड़ने की कोशिश भी की गई। पुलिस ने लेखपाल राजकुमार शर्मा की तहरीर पर संजू यादव के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिलई बड़ा गांव को मिला एनक्यूएएस क्वालिटी सर्टिफिकेट

## सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने दी टीम को बधाई, सीएचसी मिलक प्रभारी डॉ. बासित अली बोले मेहनत रंग लाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद रामपुर के मिलक क्षेत्र स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिलई बड़ा गांव को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (छ्कौ) के तहत क्वालिटी सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर (छभ्ैत्ब्) द्वारा वर्चुअल असेसमेंट के बाद प्रदान किया गया है।

सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि सिलई बड़ा गांव आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने एनक्यूएएस के निर्धारित मानकों को पूरा करते हुए 89.68 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, जिसके आधार पर उसे क्वालिटी सर्टिफिकेशन दिया गया है। उन्होंने इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मजबूत होगी।

इस उपलब्धि में सीएचसी मिलक प्रभारी डॉ. बासित अली के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम का विशेष योगदान रहा। टीम में सीएचओ उमेश यादव, एएनएम ज्योति, ग्राम प्रधान रंजीत कौर, आशा कार्यकर्ता लता कुमारी, सुलेखा गंगवार, बबली, मुन्नी देवी, नीरज, सोमवती और सपना कुमारी शामिल रहीं। स्वास्थ्य विभाग ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी जनपद के अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिर और स्वास्थ्य केंद्र गुणवत्ता मानकों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करते।





**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।**

पता:- ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांक:-3279 /ग्रा0अ0वि0/निविदा-पत्रा0/बाण्ड क्लर्क/2025-26 दिनांक:- 24.02.2026

-:: निविदा सूचना ::-

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन/सड़क निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभिगन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0,डी0 एवं ई0 श्रेणी के निनिदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2- तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण:-

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) (GST सहित) | धरोहर धनराशि (रुपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरेली | सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय आदर्शनगर नकटिया में भूतल पर एक कक्षा का निर्माण (वि0नि0-बिथरीचैनपुर) | 7.350 | 14700.00 | 766.00 | 03 माह |
| 2 | बरेली | ग्राम मैनपुरा बाजारा में नैनीताल रोड पर यात्री शैड का निर्माण। (वि0नि0-भोजीपुरा) | 7.414 | 14900.00 | 766.00 | 03 माह |
| 3 | बरेली | देवरनियाँ थाने व मजार के पास यात्री शैड का निर्माण कार्य। (वि0नि0-भोजीपुरा) | 7.414 | 14900.00 | 766.00 | 03 माह |
| 4 | बरेली | वार्ड- 13 शांति बिहार में हनुमान गढ़ी मन्दिर के परिसर में सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 6.023 | 12100.00 | 766.00 | 03 माह |
| 5 | बरेली | वार्ड- 07 पटेल विहार में सी0सी0 रोड से जगवीर के घर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 3.705 | 7500.00 | 677.00 | 03 माह |
| 6 | बरेली | वार्ड- 13 शांति बिहार में कोचिंग सेन्टर से राधाकृष्ण मन्दिर की ओर व लिंक गली सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 3.153 | 6400.00 | 677.00 | 03 माह |
| 7 | बरेली | वार्ड- 07 पटेल विहार में पिंकी के मकान से रतन जी के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 5.718 | 11500.00 | 766.00 | 03 माह |
| 8 | बरेली | वार्ड नं0- 38 में प्रेमपाल के मकान से बब्लू के मकान तक लिंक गली हरीश मौर्य वाली सड़क पर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 2.500 | 5000.00 | 677.00 | 03 माह |
| 9 | बरेली | वार्ड नं0- 11 सिन्धुनगर में सहकारी बैंक वाली रोड पर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 9.808 | 19700.00 | 766.00 | 03 माह |
| 10 | बरेली | वार्ड नं0 - 12 भारत चौबे के मकान से अश्विनी सक्सेना व मख्खन लाल से सोहन पाल तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 9.686 | 19400.00 | 766.00 | 03 माह |
| 11 | बरेली | वार्ड नं0 - 17 पंचशील में सुगन श्रीवास्तव वाली गली में सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 9.159 | 18400.00 | 766.00 | 03 माह |
| 12 | बरेली | वार्ड नं0 - 17 पवन बिहार फेस-5 टोले सिंह गंगवार से राजीव यादव के घर होते हुए के0 लाल के घर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 7.865 | 15800.00 | 766.00 | 03 माह |
| 13 | बरेली | वार्ड नं0 - 17 में हरीश पाण्डेय के मकान से रस्तोगी जी के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 5.039 | 10100.00 | 766.00 | 03 माह |
| 14 | बरेली | वार्ड न0 - 17 खुशबू इन्क्लेव में कन्हैया की दुकान से बब्लू के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 2.601 | 5300.00 | 677.00 | 03 माह |
| 15 | बरेली | वार्ड नं0 - 21 सुभाषनगर में कालीचरण मार्ग पर ओम प्रकाश के मकान से हरी मन्दिर तक एवं लिंक गलियों में सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 1.392 | 2800.00 | 589.00 | 03 माह |
| 16 | बरेली | वार्ड नं0 - 35 रामपुर गार्डन में बरेली कॉलेज में इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 8.485 | 17000.00 | 766.00 | 03 माह |
| 17 | बरेली | वार्ड नं0 - 12 गंगानगर में पप्पू के मकान से गौरव सिंह के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 9.752 | 19600.00 | 766.00 | 03 माह |
| 18 | बरेली | वार्ड नं0 - 64 सिकलापुर में जगन्नाथ मन्दिर वाली गली में दसवां घर से सुशीला के घर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 1.117 | 2300.00 | 589.00 | 03 माह |
| 19 | बरेली | ग्राम गझौआ में शवदाह शैड का निर्माण कार्य (वि0नि0-रामनगर) | 3.504 | 7100.00 | 677.00 | 03 माह |
| 20 | बरेली | ग्राम मनौना में शवदाह शैड का निर्माण कार्य (बूथ अध्यक्ष अशोक शर्मा के मोहल्ले में )(वि0नि0-रामनगर) | 3.504 | 7100.00 | 677.00 | 03 माह |
| 21 | बरेली | ग्राम कन्थरी में शवदाह शैड का निर्माण कार्य (वि0नि0-रामनगर) | 3.504 | 7100.00 | 677.00 | 03 माह |
| 22 | बरेली | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विश्व बैंक महिला बरेली की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण एवं मरम्मत का कार्य (अन्य अवशेष कार्य) (नगर क्षेत्र) | 5.320 | 10700.00 | 766.00 | 03 माह |

3. निविदा बिक्री की अवधि : दिनांक-01.04.2026 से 04.04.2026 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 06.04.2026 को मध्याहन 1200 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद-बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समय दिनांक 06.04.2026 अपरान्ह 12:30 बजे
अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :- क्रमांक-01 से 18 पर अंकित कार्यों की निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड, बरेली।

UPID-248050, DATE-12/03/2026
WEBSITE-www.up.gov.in


# रामपुर में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** रामपुर जिले में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले की ऐतिहासिक जामा मस्जिद समेत लगभग 1250 मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के निर्देश पर विस्तृत सुरक्षा योजना बनाई गई थी। जिले को कई जोन और सेक्टर में विभाजित कर पुलिस, होमगार्ड और अन्य सुरक्षा बल तैनात किए गए। संवेदनशील स्थानों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर व्यवस्था का जायजा लेते रहे। नमाज के दौरान नमाजियों ने अमन-चौन और तरक्की के लिए दुआएं मांगी। नमाज समाप्त होने के बाद सभी नमाजी शांतिपूर्ण रूप से घर लौट गए। पुलिस और प्रशासन की सतर्कता के कारण पूरे जिले में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहा। प्रशासन ने जनता से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील भी की।



# दो डंपरों की टक्कर तीन लोग गंभीर घायल, दो रेफर, बड़ा हादसा टला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद /ढकिया** चौकी क्षेत्र के पास दो डंपरों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों वाहनों में आग लग गई।जानकारी के अनुसार, बादली टांडा निवासी तालिब और साजिद बदायूं से बजरफुट उतारकर रामपुर लौट रहे थे। वहीं, कासगंज के बहरिया गांव निवासी राघवेंद्र रामपुर से बदायूं की ओर जा रहे थे। शाहबाद-आसाफपुर मार्ग पर ढकिया के पास दोनों डंपरों की जोरदार टक्कर हुई।टक्कर के बाद दोनों डंपरों में आग लग गई। तीनों घायलों ने कूदकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद पहुंचाया।सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन घटनास्थल पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। तालिब और साजिद की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# शाहबाद शहर की मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज, शांतिपूर्ण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद** शहर की मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। इस दौरान शहर भर की मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।रमजान के पवित्र महीने के आखिरी जुमे पर अदा की जाने वाली अलविदा की नमाज में बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। यह नमाज शहर की सभी मस्जिदों में खुशी-खुशी अदा की गई।मोहल्ला वेदांन की इलाही मस्जिद के इमाम कारी साजिद रजा ने अपनी तकरीर में सभी मुस्लिम भाइयों से आगामी ईद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। वहीं, मुस्तफा मस्जिद के इमाम मुमताज रजा ने रोजे और इस्लाम की फजीलत के बारे में बताया और नबी की सुन्नतों पर अमल करने की हिदायत दी।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन और कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने शहर में लगातार पैदल मार्च किया। पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मस्जिदों पर मौजूद रहे और स्थिति पर नजर रखी।शाहबाद की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई, जिसने आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेला समाचार

### जुलाई में गोवा में होगा अल्टीमेट टेटे सीजन -7

**नई दिल्ली, वार्ता।** गोवा का सूरज, रेत और शानदार नजारा जल्द ही अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के लिए मंच तैयार करेगा, क्योंकि भारत की प्रमुख फेंचाइजी-आधारित टेबल टेनिस लीग अपने सातवें ऐतिहासिक सीजन के लिए इस तट पर आ रही है। शहर-आधारित फेंचाइजियां और दुनिया के कुछ बेहतरीन पैडलर गोवा के तटों पर उतरेंगे, और जुलाई 2026 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम को स्मैश, स्पिन और विश्व-स्तरीय मुक.ाबले के एक जीवंत अखाड़े में बदल देंगे। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में छ्र स्पोर्ट्स प्रा लिमि द्वारा आयोजित, अल्टीमेट टेबल टेनिस 2017 में अपनी शुरुआत के बाद से देश की सबसे प्रमुख खेल संपत्तियों में से एक बन गया है। सीजन 7 में भारत के सर्वश्रेष्ठ पैडलरों के साथ-साथ दुनिया की बेहतरीन प्रतिभाओं का एक और शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

### मैं सिर्फ टाइमिंग पर ध्यान देती हूं, मेडल्स पर नहीं : प्रीति पाल

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रीति पाल, जो पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं, ने अपनी सफलता का राज बताया है। उनका कहना है कि वह सिर्फ अपनी टाइमिग बेहतर करने पर ध्यान देती हैं और मेडल जीतने के बारे में सोचकर खुद पर दबाव नहीं डालतीं। प्रीति ने 2024 पेरिस पैरालंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। एक महिलाओं की 100मी रेस में और दूसरा 200मी टी35 रेस इवेंट में। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं की 100मी टी35/टी37 रेस में गोल्ड मेडल जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए प्रीति ने कहा कि यह वह मुकाबला है जहां हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की

# रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट सबसे मजबूत खिलाड़ी : आकाश



● **कहा : तर्क के हिसाब से अगर आप फिट हैं, जो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टियूट होना चाहिए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

जियो स्टार के 'गेम प्लान -नो योर टीम' शो पर बोलते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि तर्क के हिसाब से, अगर आप फिट हैं, तो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टिट्यूट होना चाहिए। खासकर तब, जब आप दूसरी पारी में बैटिंग कर रहे हों, आपको 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर मैदान पर नहीं उतरना चाहिए। एक ओप.नर को डगआउट में बैठकर 20 ओवर का मैच देखने की आदत नहीं होती। ओपनिंग बैट्समैन मैदान पर रहने, उसी हिंसाब से तैयारी करने और फिर तुरंत एक्शन में आने के आदी होते हैं। रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

इसलिए उन्हें पूरे 40 ओवर मैदान पर रहना चाहिए। असल में, इसी तरह मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा का पूरा फायदा उठा पाएगी। पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने एमआई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से गुजारिश की कि उन्हें 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर सब्स्टिट्यूट न किया जाए। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा का इस्तेमाल 12वें खिलाड़ी के तौर पर किया गया है, जो सिर्फ बैटिंग करता है। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह के लीडर वह रहे हैं, उनके जैसा खिलाड़ी मैदान पर होना चाहिए। मुश्किल मैचों में, जब आपको कुछ अहम फैसले लेने होते हैं।

# सुमित अंतिल ने जीता स्वर्ण पदक



● **कहा : कि वह 75 मी. आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं, यह दूरी किसी एथलीट ने पार नही की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने कहा है कि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

यह एक ऐसी दूरी है जिसे उनकी श्रेणी के किसी भी एथलीट ने अब तक हासिल नहीं किया है। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए, इस पैरा जैवलिन थ्रोअर ने इस मील के पत्थर को पार करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं अभी तक अभ्यास में भी 75 मीटर तक नहीं पहुंच पाया हूं। लेकिन हम धीरे-धीरे अपनी तकनीक और ताकत को बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं।

देखते हैं आगे क्या होता है। टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन ने 69-25 मीटर का विजई थ्रो किया, जिससे पोडियम पर पूरी तरह से भारतीयों का ही दबदबा रहा। पुष्पेंद्र सिंह ने 56-91 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि पूनम राम ने 49-48 मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतिल ने स्वीकार किया कि उनका यह थ्रो उनकी उम्मीदों से कहीं बेहतर था, क्योंकि उन्हें प्रतियोगिता के दौरान थोड़ा कम स्कोर रहने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे कई टूर्नामेंट कतार में हैं। यह मेरे लिए ऑफ-सीजन का 'लोडिंग फेज' (तैयारी का चरण) है। मुझे इतने अच्छे थ्रो की उम्मीद नहीं थी, मुझे लगभग 67-68 मीटर के आसपास रहने की उम्मीद थी, लेकिन आज 69-25 मीटर का थ्रो काफी अच्छा रहा। इसलिए मैं खुश हूं, और मेरी टीम भी खुश है। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आठ देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। सोनीपत के रहने वाले इस खिलाड़ी ने बताया कि कैसे शांत रहने की क्षमता उन्हें प्रतियोगिता के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रतियोगिताओं का काफी अनुभव है। मुझे पता होता है कि मुझे कब पदक मिलेगा और कब नहीं। मैं बस शांत रहना चाहता था। मैं अपनी ऊर्जा को जितना हो सके बचाकर रखना चाहता था, ताकि थ्रो करते समय उस ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल कर सकूं। अंतिल ने कहा कि हालांकि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य बना रहे हैं, फिर भी वह अपनी तकनीक में कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम (ट्रेनिंग प्रोग्राम) बिल्कुल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। सुमित अंतिल भारत के सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले पैरा एथलीटों में से एक हैं। उन्होंने 2020 और 2024 के पैरालंपिक खेलों में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था।

# डुप्लांटिस ने 3.31 मी. के साथ अपना 15वां पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड बनाया

● **पोल वॉल्ट ने 6.31 मी. की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की**

**स्टॉकहोम, वार्ता।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपने ही पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड में एक और सेंटीमीटर जोड़ते हुए, गुरुवार को उप्साला में आयोजित 'मोंडो क्लासिक' (जो कि वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर सिल्वर मीटिग का हिस्सा है) में 6.31 मीटर की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की।

26 वर्षीय मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 5.65 मीटर की ऊंचाई से शुरुआत की, और फिर 5.90 मीटर और 6.08 मीटर की ऊंचाई भी अपने पहले ही प्रयास में पार करके जीत पक्की कर ली। इसके बाद उन्होंने बार (बाधा) को 6.31 मीटर तक ऊपर उठाया और उसे भी पहले ही प्रयास में पार कर लिया। नॉर्वे के सोंड्रे गुटोरमसेन 6-00 मीटर की ऊंचाई के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिकी खिलाड़ी जैचरी ब्रैडफोर्ड 5.90 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। डुप्लांटिस ने कहा कि अगर आप मुझसे मुक.ाबला करने के लिए स्वीडन आते हैं, तो मुझे हराना और भी मुश्किल होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस समय मेरे मन में कई तरह की भावनाएं उमड़ रही हैं। मुझ पर थोड़ा अतिरिक्त दबाव भी था, क्योंकि मैं कुछ अलग ही अंदाज में प्रदर्शन करना चाहता था।

# पंत ने युवराज के साथ की ट्रेनिंग



● **दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए**

**मुंबई, वार्ता।** ऋषभ पंत ने पिछले हफ्ते मुंबई में युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग की। यह उनकी आईपीएल 2026 की तैयारियों का हिस्सा था। दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए और व्हाइट-बॉल क्रिकेट के अलग-अलग तरह के शॉट्स पर अभ्यास किया।

28 साल के पंत का पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। इसलिए, इस बार वे अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित करने के लिए बेताब हैं। उनके करीबी एक सूत्र ने बताया कि युवराज के साथ उनके निजी संबंध काफी अच्छे हैं। दोनों ने कुछ दिनों तक साथ मिलकर ट्रेनिंग करने की संभावना पर चर्चा की थी। पिछले हफ्ते यह योजना साकार हो गई।

भारतीय क्रिकेट के व्हाइट-बॉल फॉर्मेट के दिग्गज खिलाड़ी युवराज सिंह ने अब एक मेंटर (मार्गदर्शक) के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और प्रभसिमरन सिंह जैसे कई खिलाड़ियों के साथ काम किया है। खासकर अभिषेक शर्मा, जो अब दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं। उनकी इस सफलता में युवराज सिंह की अहम भूमिका मानी जाती है। युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग करने से पंत के व्हाइट-बॉल करियर को भी नई जान मिल सकती है। अगस्त 2024 के बाद से उन्होंने भारत के लिए व्हाइट-बॉल फॉर्मेट के किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लिया है। युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पंत चेन्नई रवाना हो गए। चेन्नई में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 'कोचिग बियॉन्ड' मैदान पर अपना तैयारी शिविर (कैंप) लगा रही है। इस शिविर की देखरेख बॉलिग कोच भरत अरुण और बैटिंग कोच लांस क्लूजनर कर रहे हैं।

# लक्ष्मी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शॉट पुट में जीता सोना

● **लक्ष्मी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय सालों की कड़ी मेहनत व लगातार ट्रेनिंग को दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्लासरूम से लेकर थ्रोइंग सर्कल तक, एक टीचर लक्ष्मी ने एक यादगार पल रचा, जब उन्होंने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं के शॉट पुट एफ36/एफ37/एफ40 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता।

उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सालों की कड़ी मेहनत और लगातार ट्रेनिंग को दिया। जीत के बाद 'यूनीवार्ता' से बात करते हुए लक्ष्मी ने कहा कि यह मेडल लंबे समय के समर्पण और रोजाना के अभ्यास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि मैं अब बहुत खुश हूं कि मैं शॉट पुट में गोल्ड मेडलिस्ट बन गई हूं। मैं और मेडल जीतने के लिए कड़ी मेहनत और अभ्यास करती रहूंगी। लक्ष्मी ने 7.76 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारत की अकुताई सीताराम उल्भगत 5.49 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भूटान की चिमी डेमा ने 5.27 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स में अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए लक्ष्मी ने कहा कि यह प्रगति सालों से लगातार प्रयासों और प्रदर्शन में सुधार के जरिए धीरे-धीरे हुई है। उन्होंने कहा कि अभ्यास में हमेशा चुनौतियां आती हैं, लेकिन हर साल सुधार होता है। पहले मेरे थ्रो लगभग छह मीटर के होते थे, और अब मैंने सात मीटर का आंकड़ा पार कर लिया है।

# एआईएफएफ के पूर्व महासचिव का निधन



● **ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दान के निधन पर शोक व्यक्त किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दास ने 2010 से 2022 तक एआईएफएफ के महासचिव के रूप में सेवा दी थी। उनका निधन शुक्रवार, को 66 वर्ष की आयु में हुआ। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं।

पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट कुशल दास भारतीय फुटबॉल में खेल प्रबंधन और प्रशासन का व्यापक अनुभव लेकर आए थे। अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत में उन्होंने पीडब्ल्यूसी, और शेल जैसी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ काम किया।

1996 में जब वैश्विक खेल विपणन और टेलीविजन प्रोडक्शन कंपनी आईएमजी भारतीय बाजार में आई, तब वे उसके मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में जुड़े। बाद में उन्होंने दुबई में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में भी कार्य किया, जिससे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशासन में उनकी पहचान और मजबूत हुई।

नवम्बर 2010 में उन्होंने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के महासचिव का पद संभाला, जिसे उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक निभाया। अपने कार्यकाल के दौरान दास ने कई महत्वपूर्ण आयोजनों और संरचनात्मक बदलावों की देखरेख की, जिनसे भारत में फुटबॉल की पहचान को नई ऊंचाई मिली। उनके नेतृत्व में भारत ने 2017 फीफा अंडर-17 विश्व कप की सफल मेजबानी की। महिला फुटबॉल में भी इस दौरान महत्वपूर्ण प्रगति हुई और 2017 में इंडियन विमेंस लीग की शुरुआत की गई।

उनके कार्यकाल के अंतिम चरण में भारत ने 2022 एएफसी महिला एशियन कप जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफल मेजबानी भी की। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि कुशल दास ने एआईएफएफ के महासचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय फुटबॉल के प्रशासन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय फुटबॉल के लिए उनके प्रयास हमेशा याद किए जाएंगे। भारतीय फुटबॉल समुदाय की ओर से मैं उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति इस कठिन समय में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

## राजस्थान रॉयल्स का कैंप जयपुर में 17 मार्च से शुरु

**जयपुर।** आरआर ने घोषणा की है कि उनका पहला प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप 17 मार्च से जयपुर में शुरू होगा। रॉयल्स की टीम 'पिंक सिटी' में इकठा होगी और सवाई मानसिंह स्टेडियम में ट्रेनिंग, फटिनेस और नेट्स सेशन के साथ कैंप की शुरुआत करेगी। रॉयल्स ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हेड कोच और क्रिकेट डायरेक्टर कुमार संगकारा के मार्गदर्शन में, इस कैंप का फोकस टीम बॉन्डिग को मजबूत करने, जोरदार ट्रेनिंग और प्लानिग के साथ-साथ स्ट्रेंथ और ट्रेनिंग सेशन पर रहेगा। इससे पहले, रवि बिश्नोई, वैभव, संदीप शर्मा और हाल ही में रविंद्र जडेजा सहित खिलाड़ियों के एक छोटे ग्रुप ने नागपुर में फ्रेंचाइजी के 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' में एक छोटे कैंप और फटिनेस असेसमेंट सेशन में हिस्सा लिया था। रॉयल्स इस सीजन का अपना पहला मैच 30 मार्च को सीएसके से खेलेंगे।

# अल्काराज लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में



● **कार्लोस अल्काराज ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की**

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया और गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लगातार पांचवें इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचे। टॉप सीड खिलाड़ी ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवम्बर में पेरिस में हराया था। अल्काराज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में नॉरी के बारे में कहा कि मुझे उनके स्टाइल से बहुत दिक्कत होती है। हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके (हैवी) टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिग है। और फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट मिल रहा है। मैंने अच्छा खेला। मैंने सॉलिड खेला। जब भी हो सका, मैंने एग्रेसिव खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं। अल्काराज और नॉरी ने पूरे मैच में मोमेंटम बदला, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने ज्यादातर अपना पलड़ा भारी रखा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्व ब्रेक के साथ खत्म हुआ। इसके बाद नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम जीतकर जवाब दिया। 22 साल के खिलाड़ी ने 10 ब्रेक के मौके बनाए, जिनमें से चार को भुनाया। तेज बेसलाइन हिटिग, हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिक्स दिखाते हुए, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक घंटे 33 मिनट में जीत हासिल की। अल्काराज ने कहा कि टेनिस लगभग आधे सेकंड में सही शॉट चुनने के बारे में है,ष जिन्होंने 19 फोरहैंड विनर के साथ गेम खत्म किया। कभी-कभी मैं शॉट मिस कर देता हूं क्योंकि मैंने सही वाला नहीं चुना होता। मेरे दिमाग में, मेरे पास सात, पांच ऑप्शन होते हैं, कभी-कभी मेरे लिए सही वाला चुनना मुश्किल होता है। अपनी जीत के साथ, अल्काराज लगातार पांच इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे व्यक्ति बन गए, उनके हमवतन राफेल नडाल (2006-13) और विरोधी नोवाक जोकोविच (2011-16) ही उनसे आगे हैं। अल्काराज हेड2हेड सीरीज में नॉरी से 6-3 से आगे हैं। 26 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव के खिलाफ अपने 6-2 के रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेंगे। अल्काराज ने मेदवेदेव के साथ अपने पिछले चार मुकाबले जीते हैं। अल्काराज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का खिताब जीता, दोनों फाइनल में मेदवेदेव को हराया।

## रोंची और ओरम पीएसएल में कोचिग देंगे

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की पुरुष टीम के असिस्टेंट कोच, ल्यूक रोंची और जैकब ओरम, आने वाले पीएसएल 2026 में इस्लामाबाद यूनाइटेड के कोच के तौर पर काम करेंगे। भले ही यह मार्च में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड की घरेलू टी20 सीरीज और अप्रैल में बांग्लादेश के लिमिटेड-ओवर्स दौरे से टकरा रहा हो। जहां रोंची न्यूजीलैंड के बैटिंग कोच हैं, वहीं ओरम टीम के बॉलिग कोच हैं। जनवरी में, रोंची-जिन्होंने 2017-18 में टूर्नामेंट में डेब्यू करने के बाद इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए तीन सीजन खेले थे-को टीम का हेड कोच बनाया गया था। ओरम, रोंची के असिस्टेंट में से एक के तौर पर टीम से जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा कि यह ल्यूक और जेक के लिए अपने कोचिग अनुभव को और बढ़ाने और न्यूजीलैंड क्रिकेट के माहौल से बाहर अपने कौशल को निखारने का एक शानदार मौका है। ष्ठीक हमारे खिलाड़ियों की तरह, हमारे कोचों की भी दुनिया भर में काफी मांग है। हमारा मानना है कि ल्यूक और जेक को पीएसएल में बिताए समय से न

# हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने अबरार अहमद को खरीदा



**लंदन, वार्ता।** लंदन में आयोजित पुरुष हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद को 1 लाख 90 हजार पाउंड (दो लाख 55 हजार अमेरिकी डॉलर) में खरीद लिया। अबरार इस टूर्नामेंट में भारतीय स्वामित्व वाली टीम द्वारा खरीदे जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

भारतीय मीडिया समूह सन टीवी ने पिछले साल नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के नाम से जानी जाने वाली फेंचाइजी का पूर्ण अधिग्रहण कर लिया था, जिसमें उन्होंने ईसीबी से 49 फीसदी हिस्सेदारी और शेष 51 फीसदी हिस्सेदारी यॉर्कशायर से लगभग 100 मिलियन पाउंड में खरीदी थी। इसके अलावा तीन अन्य हंड्रेड टीमों की भी हिस्सेदारी उन निवेशकों को बेची गई थी जो कि आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक हैं। सनराइजर्स जिनकी सहयोगी फेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद और एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने किसी भी सक्रिय पाकिस्तानी खिलाड़ी को अपने साथ नहीं जोड़ा था, लंच से ठीक पहले अबरार के लिए ट्रेंट रॉकेट्स के खिलाफ नीलामी जीत ली। उस्मान तारिक के बाद अबरार गुरुवार सुबह नीलामी में खरीदे गए दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। तारिक को बर्मिंघम फीनिक्स ने 1 लाख 40 हजार पाउंड में खरीदा। कई पाकिस्तानी खिलाड़ी पहले भी आईपीएल के स्वामित्व या आंशिक स्वामित्व वाली वैश्विक टी20 टीमों के लिए खेल चुके हैं लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के चलते 2008 के बाद से कोई भी सक्रिय पाकिस्तानी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेला है।

# सिनर ने टीएन को हराया, सेमीफाइनल में ज्वेरेव से भिड़ेंगे

● **जैनिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टिएन के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत हासिल की**



**इंडियन वेल्स, वार्ता।** जैनिक सिनर ने गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लर्नर टीएन को जोरदार अंदाज में हराने के लिए अपने स्पीड स्केट्स पहने। एटीपी रैंकिग में नंबर 2 खिलाड़ी ने फर्स्ट-स्ट्राइक टेनिस से भरपूर शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स चैंपियन टिएन के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत हासिल की। सिनर, जिन्होंने चौथे राउंड में जोआओ फोंसेका को दो टाई-ब्रेक सेट में हराया था, एक और मुकाबले में नहीं फंसने के लिए पक्के इरादे वाले दिखे और उनका आक्रामक रवैया उनके 20 साल के विरोधी के लिए बहुत मुश्किल साबित हुआ।

पिछले अक्टूबर में बीजिग फाइनल में भी टिएन को सीधे सेटों में हराने वाले सिनर ने कहा कि मुझे लगता है कि मैचअप का अनुभव आपकी थोड़ी मदद करता है। दूसरी तरफ, हमने खुद को सबसे अच्छे तरीके से तैयार करने की कोशिश की। वह बहुत टैलेंटेड खिलाड़ी है। वह यहां कई बार आएगा, लेकिन मैं खुश हूं कि मैंने कैसे रिएक्ट किया। मुझे लगता है कि वह बहुत आक्रामक था, खासकर शुरुआत में, इसलिए मैंने खुद को रोकने की कोशिश की। बेशक यह मेरे लिए एक जरूरी मैच था। सिनर के खिलाफ टिएन की कोशिश तब शुरू में ही कमजोर पड़ गई जब अमेरिकी लेफ्टी ने दूसरे गेम में डबल फॉल्ट करके सिनर को ब्रेक दे दिया। सिनर ने इसके बाद मुश्किल से पीछे मुड़कर देखा और 66 मिनट में अपनी जीत पक्की कर ली, उन्होंने अपने कमाए पांच में से चार ब्रेक पॉइंट को कन्वर्ट किया। 24 साल के इटैलियन खिलाड़ी अपने पहले बीएनपी परीबा ओपन चैंपियनशिप मैच में जगह बनाने के लिए चौथी सीड वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे।

बेन शेल्टन और एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के खिलाफ लगातार तीन सेट जीतकर अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के बाद, गुरुवार के मुकाबले के दूसरे सेट में टिएन फिजिकली स्ट्रगल करते दिखे। अमेरिकन खिलाड़ी सिनर के ग्राउंडस्ट्रोक्स की लगातार ताकत और सटीकता का मुकाबला नहीं कर पाए, और इटैलियन खिलाड़ी लगातार नौवें मास्टर्स 1000 मैच जीतने के अपने रास्ते पर शायद ही कभी परेशान दिखे। जब सिनर से पूछा गया कि इंडियन वेल्स में गर्म हालात का उन्होंने इतने अच्छे से सामना कैसे किया, तो उन्होंने कहा कि हम यहां बहुत जल्दी आ गए थे। टूर्नामेंट से एक हफ्ते पहले बहुत गर्मी थी, इसलिए हमने शरीर को इसकी आदत डालने के लिए लंबे ट्रेनिंग सेशन किए। आज मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। यह निश्चित रूप से एक ऐसा एरिया है जहां मैं ऑस्ट्रेलिया में हुई दिक्कतों को देखते हुए सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं। मेरा मानना है कि ए पॉजिटिव चीजें हैं, छोटे डिपार्टमेंट जहां हमें सुधार करना है। मैं खुश हूं कि हमने मैचों के लिए कैसे तैयारी की है और बेशक अगला मैच मुश्किल होने वाला है। 'टेनिस पैराडाइज' में आखिरी चार में सिनर का मुकाबला चौथी सीड ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने पहले आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से आसानी से हराया था। 28 साल के जेवरेव, जो 30वीं सीड फिल्स को हराकर सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट्स में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ पांचवें खिलाड़ी बने, शनिवार के सेमीफाइनल में सिनर के खलिाफ लगातार पांच मैच हारने का सिलसिला तोड़ने की कोशिश करेंगे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 14 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम की चुप्पी

ईरान युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने 11 दिन खपा दिए। अंतत: कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने चुनौती की बात स्वीकार की है और चाहिए शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए संजीवनी है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है। यह छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका। यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है। कूटनीतिक रणनीति क्या है। आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन तारपीडो करेगा। यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। आखिर प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं करेंगे? ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की अधिसूचना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सड़क पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था।

## ...तो कांशीराम उप्र के मुख्यमंत्री होते



केवल राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता, बदलाव तब आता है, जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है, उसे वह स्वीकार नहीं करेगा, भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बीआर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे, आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है, इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है, अगर जवाहरलाल नेहरु आज जीवित होते, तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# नेपाल की नई सरकार की प्राथमिकता भारत से रिश्ते मजबूत करने की होगी





**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली नई सरकार के कामकाज के तौर तरीकों की प्रतीक्षा में दुनिया के कई देश हैं लेकिन नेपाल के पड़ोसी देशों को खास तौर पर इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मतदान के चुनाव की गिनती पूरी हो चुकी है, दोनों चुनाव प्रणाली में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 175 से अधिक सीटें हासिल हुई है। प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव में 165 सीटों में से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को सर्वाधिक 125 सीटें हासिल हुई है जो अबतक किसी भी पार्टी को मिली सीटों से कहीं ज्यादा है। अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में अभी कुछ आधिकारिक औपचारिकता बाकी है जिस वजह नेपाल में नई सरकार के सत्ता रूढ़ होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच यह साफ है कि नई सरकार का गठन बालेन शाह के नेतृत्व में ही होगा।

राजशाही के परंपरागत राजाओं के राजतिलक को छोड़ दें तो दुनिया में इक्का दुक्का उदाहरण ही मिलेंगे जब किसी देश ने 35 वर्षीय एक नौजवान पर भरोसा जताते हुए सत्ता की चाभी सौंप दी हो। काठमांडू के नारा देवी में पैदा हुए बालेन शाह का पैतृक गांव मधेश के महोत्तरी जिले में है। उनके पिता एक आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। बालेन शाह के रैप सांग में मुख्यत: नेपाल की पीड़ा और दुश्वारियों का दर्दनाक वर्णन होता था और यही कारण है कि वे नेपाल के युवाओं में रोल-मॉडल बन गए। काठमांडू के युवाओं ने इन्हें 2023 में पहले काठमांडू का मेयर बनाया और अब नेपाल भर के इन्हीं युवाओं ने नेपाल की सत्ता सौंप दी। बालेन शाह के नेतृत्व में सत्ता रूढ़ होने वाली इस सरकार में अपेक्षाकृत युवाओं की भरमार होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के आकलन में इस युवा सरकार को लेकर आशा और उम्मीद तो है लेकिन कुछ भ्रांतियां और संशय भी है जिस पर से पर्दा हटना बाकी है।

वाकई यह हैरत की बात है कि जिस आंदोलन में राजधानी काठमांडू तबाह हुआ हो,उसका इल्जाम युवाओं पर लगा हो और उन्हीं युवाओं में से कुछ राजनीति में आकर चुनाव लड़ रहे हों और जनता इन पर विश्वास जताते हुए सत्ता सौंपने का निर्णय ले रही हो, तो यह महज एक्सीडेंटल नहीं है। सोचिए नेपाल की जनता अपनी ही चुनी हुई सरकारों द्वारा कितना धोखा खाई होगी और कितनी बार ठगी गई होगी तब ऐसा निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा होगा। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने वाली नेपाल की अपेक्षाकृत युवा सरकार नेपाल के लोगों की अपेक्षानुरूप काम कर पाएगी, इसका रुझान सत्ता रूढ़ होने के कुछ दिन बाद ही पता चल पाएगा। बालेन शाह का प्रधानमंत्री चुना जाना मधेश क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है क्योंकि पहली बार ऐसा है कि नेपाल की सर्वोच्च सत्ता पर मधेश का कोई शख्स आसीन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में नेपाली कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। मधेश क्षेत्र के सांसद के बदौलत कोइराला परिवार के सदस्य स्व। वीपी कोइराला से लेकर गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुशील कोइराला तक प्रधानमंत्री होते रहे हैं लेकिन इस परिवार ने प्रधानमंत्री तो दूर मधेश से नेपाली कांग्रेस का सभापति तक के बारे में नहीं सोचा। इस बार काफी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता भी मधेश से हो। हालांकि अंकगणित के हिसाब से नेपाली कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी तो है लेकिन प्रमुख विपक्षी के लायक नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दो तिहाई से अधिक सदस्य युवा हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो नई सरकार में गृह मंत्री हो सकते हैं, वे भी युवा हैं और संभावित प्रधानमंत्री बालेन शाह तो महज 35 वर्ष के ही हैं। सुडान गुरूंग जिनकी पहचान जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में हैं, वे भी बमुश्किल 30 के ही होंगे। नेपाल में बदलाव का साक्षी बने नेपाल के युवा पावर की चर्चा अब पूरी दुनिया में है। निसंदेह नेपाल की यह युवा सरकार नेपाल में बदलाव के अनुभूति की इबारत लिखने का प्रयास करेगी जो नेपाल के लिए सुखद होगा ही दुनिया के लिए भी एक नजीर होगा, जैसा कि इनमें नेपाल के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून दिख रहा है। नेपाल एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसपर चीन की नजर है ही, अमेरिका भी यहां अपना पांव पसार रहा है। भारत चूंकि इस नन्हें राष्ट्र का पड़ोसी है और दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी संधियों के नाते भारत और नेपाल के बीच के संबंध सबसे अलग और आत्मीय है। नेपाल के नई सरकार से भी भारत के रिश्तों को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है।भारत के पीएम मोदी की बालेन शाह और पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने से वार्ता के बाद नेपाल और भारत से रिश्तों में प्रगाढ़ता के संकेत मिले हैं।

भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने बालेन शाह और रवि लामी छाने को प्रचंड जीत की बधाई दी और नेपाल के नई सरकार के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। मोदी से वार्ता के बाद बालेन शाह और रवि लामी छाने का जो बयान आया दर असल भारत के लिए संतोष जनक और उत्साहवर्धक है। संभावित सरकार के दो बड़े हस्तियों ने इस वार्ता को बहुत ही सार्थक बताया और कहा भारत सदैव ही नेपाल का हितैषी राष्ट्र रहा है, आगे भी रहेगा। भारत और नेपाल के बीच चलताऊ रिश्ते तो है नहीं, दोनों देश रोटी बोटी के रिश्ते से लेकर रीति रिवाज, धर्म, सांस्कृतिक और सभ्यता की दृष्टि से बेहद करीब हैं। बालेन शाह और रवि लामी छाने दोनों ने इस संबंधों को और आगे बढ़ाने को लेकर उत्सुकता दिखाई है। हालांकि इसका संकेत तभी मिल गया था जब बीच चुनाव में पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने काठमांडू के एक होटल में भारतीय राजदूत नवीन वास्तव से मुलाकात की थी। नेपाल चुनाव में यह जो परिवर्तन की आंधी चली है,दर असल यह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पर भरोसा और जिम्मेदारियों का बोझ है। पहले की सरकारों में पहाड़ और मैदान, पहाड़ी और मधेशी को लेकर भी विभेद रहा है,अब शायद ऐसा न हो। संविधान में कुछ मुद्दों को लेकर मधेश की अनदेखी हुई है। मधेशी नेता इसी मुद्दे को लेकर मधेशी जनता को ठगते रहे हैं। बालेन शाह ने संविधान संशोधन की बात खुद ही कहकर मधेशी नेताओं के मुंह पर ताला लगा दिया। खैर इस चुनाव में तो मधेश आधारित राजनीतिक दलों के अस्तित्व पर ही संकट आ पड़ा है।

भारत और नेपाल के बीच जो उत्तराखंड के भू क्षेत्र का विवाद है, नई सरकार उसे हल करना चाहेगी लेकिन पूर्व पीएम ओली की तरह बवाल काट कर नहीं। इस मुद्दे को बात चीत के जरिए सुलझाने पर जोर होगा। इसके अलावा भारत और नेपाल के बीच जहां जहां भी सीमा विवाद है ,इसे हल करने का प्रयास होगा। दोनों देशों के बीच करीब 1760 किमी लंबी सीमा है जहां सौ से अधिक सीमा विवाद है। उम्मीद है नेपाल की नई सरकार कुछ अलग करने की शुरुआत भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद को सुलझाने से करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सूंघने की क्षमता कैसे विकसित हुई

**होता यह है कि इन ग्राहियों की एक मिश्रित सक्रियता विशिष्ट गंध का एहसास कराती है, लेकिन इन गंध-ग्राहियों की क्रिया को समझना एक चुनौती रही है। एक दिक्कत यह रही है कि यह ग्राही सिर्फ गंध तंत्रिकाओं में ही ठीक-ठाक काम करते हैं, बाकी किसी भी कोशिका में यह ठप हो जाते हैं। इसका मतलब यह होता है कि इन्हें किसी भी अन्य प्रकार की कोशिका में जोड़कर अध्ययन नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ( सैन फ्रांसिस्को ) के आशीष मांगलिक और उनके साथियों ने OR51E2 नामक ग्राही पर ध्यान केंद्रित किया। इस ग्राही की विशेषता है कि यह ओडोरेंट की पहचान के अलावा कुछ अन्य कार्य भी करता है और यह गुर्दों तथा प्रोस्टेट की कोशिकाओं में भी पाया जाता है।**

गंध एक महत्वपूर्ण संवेदना है। मनुष्यों में यह शायद उतनी महत्वपूर्ण न हो, लेकिन कई अन्य जंतुओं में यह सबसे महत्वपूर्ण संवेदना होती है। जहां अन्य संवेदनाओं को लेकर हमारी समझ काफी विस्तृत है, वहीं गंध को लेकर कई अस्पष्टताएं हैं। अब हम इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़े हैं।

गंध संवेदना दरअसल एक रसायन-आधारित संवेदना है। कुछ रसायन हमारी गंध संवेदी तंत्रिकाओं के ग्राहियों को उत्तेजित करते हैं और मस्तिष्क इसे गंध के रूप में पहचानता है। अब पहली बार एक मानव गंध-ग्राही की सटीक त्रि-आयामी संरचना का खुलासा किया गया है। नेचर में प्रकाशित इस अध्ययन में OR51E2 नामक एक गंध-ग्राही की संरचना का विवरण देते हुए बताया गया है कि यह आणविक क्रियाओं के माध्यम से कैसे चीज की गंध को ताड़ता है।

गौरतलब है कि मानव जीनोम में 400 जीन्स होते हैं जो गंध-ग्राहियों के कोड हैं और यह ग्राही कई गंधों को पहचान सकते हैं। स्तनधारियों में गंध ग्राही के जीन्स सबसे पहले चूहों में 1990 के दशक में पहचाने गए थे। इससे पहले 1920 के दशक में यह अनुमान लगाया गया था कि मनुष्य की नाक तकरीबन 1000 गंधों को ताड़ सकती है, लेकिन 2014 में किए गए एक अध्ययन का निष्कर्ष था कि हम 1 खरब से ज्यादा गंधों को अलग-अलग पहचान सकते हैं। हर गंध-ग्राही गंधदार अणुओं के सिर्फ एक समूह से अंतर्क्रिया कर सकता है जबकि एक ही ओडोरेंट कई ग्राहियों को सक्रिय कर सकता है। होता यह है कि इन ग्राहियों की एक मिश्रित सक्रियता विशिष्ट गंध का एहसास कराती है, लेकिन इन गंध-ग्राहियों की क्रिया को समझना एक चुनौती रही है। एक दिक्कत यह रही है कि यह ग्राही सिर्फ गंध तंत्रिकाओं में ही ठीक-ठाक काम करते हैं, बाकी किसी भी कोशिका में यह ठप हो जाते हैं। इसका मतलब यह होता है कि इन्हें किसी भी अन्य प्रकार की कोशिका में जोड़कर अध्ययन नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (सैन फ्रांसिस्को) के आशीष मांगलिक और उनके साथियों ने OR51E2 नामक ग्राही पर ध्यान केंद्रित किया। इस ग्राही की विशेषता है कि यह ओडोरेंट की पहचान के अलावा कुछ अन्य कार्य भी करता है और यह गुर्दों तथा प्रोस्टेट की कोशिकाओं में भी पाया जाता है। यह ग्राही OR51E2 दो ओडोरेंट अणुओं के साथ अंतर्क्रिया करता है-एसिटेट (जिसकी गंध सिरके जैसी होती है) और प्रोपिओनेट (जिसकी गंध चीजनुमा होती है)। शोधकर्ताओं ने इस ग्राही को शुद्ध रूप में प्राप्त किया और फिर प्रोपिओनेट से सम्बद्ध तथा असम्बद्ध OR51E2 की संरचना का विश्लेषण किया। इसके लिए उन्होंने क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और एटॉमिक रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग तकनीकों का इस्तेमाल किया। इसके अलावा उन्होंने कंप्यूटर सिमुलेशन की भी मदद ली ताकि पता चल सके कि यह ग्राही प्रोटीन ओडोरेंट अणुओं के साथ कैसे अंतर्क्रिया करता है।

विश्लेषण से पता चला कि यह प्रोटीन OR51E2 आयनिक व हाइड्रोजन बंधनों के जरिए प्रोपिओनेट अणु के कार्बोक्सिलिक समूह को एक अमीनो अम्ल से जोड़ लेता है। जैसे ही प्रोपिओनेट जुड़ता है, OR51E2 की आकृति बदल



जाती है और यही ग्राही को चालू कर देता है। शोधकर्ताओं ने दर्शाया है कि इस ग्राही के जीन में आर्जीनीन को प्रभावित करने वाले उत्परिवर्तन उसे प्रोपिओनेट द्वारा सक्रिय नहीं होने देते। वैज्ञानिकों की इच्छा रही है कि वे गंध ग्राहियों की रासायनिक संरचनाओं का एक कैटालॉग तैयार कर सकें और उसके आधार पर यह बता सकें कि इनमें से कौन-से ग्राही मिलकर किस गंध विशेष का एहसास कराते हैं। मांगलिक की टीम द्वारा यह खुलासा मात्र पहला कदम है।

# एक गिलास दूध और एक छोटा-सा एंजाइम



कल्पना कीजिए, रात का खाना खत्म हुआ और सामने एक गिलास दूध हाजिर हो गया। कुछ लोगों के लिए यह एक सुखद आदत है। लेकिन कुछ लोगों के पेट में दूध पहुंचते ही एक अजीब हलचल शुरू हो जाती है - गैस बनना, मरोड़ उठना, पेट फूलना और कभी-कभी दस्त भी लग जाते हैं। क्या इसके पीछे दूध दोषी है? या हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो बदल चुका है, चुपके से, बिना बताए। यह कहानी है लैक्टोज असहिष्णुता कीद्य एक ऐसी अवस्था जिसे अक्सर दूध से एलर्जी समझ लिया जाता है। यह वास्तव में पाचन के जैव रसायन की एक बेहद रोचक और जैव विकास सम्बंधी गाथा है।

**लैक्टोज क्या है?**

दूध को संपूर्ण आहार कहा जाता है और इसका एक बड़ा कारण है उसमें मौजूद शर्करा, जिसे हम लैक्टोज कहते हैं। रासायनिक दृष्टि से यह एक डाईसेकराइड है, यानी दो सरल शर्करा अणुओं से मिलकर बना अणु। देखा जाए तो, साधारण शकर द्धसुक्रोजत्र भी एक डाईसेकराइड होती है और ग्लूकोज तथा फ्क्टोज के अणुओं के जुड़ने से बनती हैरू

**शकर = ग्लूकोज प्लस फ्क्टोज**

इसी प्रकार से दूध में उपस्थित शर्करा लैक्टोज भी दो शर्करा अणुओं से जुड़कर बनी होती है- लैक्टोज = ग्लूकोज प्लस गैलेक्टोज। जब हम दूध पीते हैं तो आंतों में लैक्टोज टूटकर ग्लूकोज और गैलेक्टोज बन जाते हैं। असहिष्णुता की कहानी यहीं से शुरू होती है।

**लैक्टोज पाचन की दिक्कत**

हमारी छोटी आंत की भीतरी सतह पर असंख्य सूक्ष्म ऊंगली-नुमा संरचनाएं होती हैं जिन्हें विलाई कहते हैं। इन्हीं विलाई पर एक विशेष एंजाइम काम करता है लैक्टेज। लैक्टेज ही वह सूक्ष्म रसायन है जिस पर दूध, खासकर लैक्टोज, पचाने की पूरी जिम्मेदारी टिकी है। लैक्टेज दरअसल लैक्टोज के दोनों अणुओं के बीच की रासायनिक कड़ी को तोड़ता है, जिससे ग्लूकोज और गैलेक्टोज अलग-अलग हो जाते हैं। ए दोनों सरल शर्कराएं आसानी से रक्तप्रवाह में अवशोषित होकर शरीर को ऊर्जा देती हैं। यदि लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में है तो लेक्टोज टूटता है, दूध पचता है, ऊर्जा मिलती है, सब सुचारू चलता है। यदि लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में नहीं है तो कहानी बदल जाती है। अपचित लैक्टोज जब छोटी आंत से आगे बड़ी आंत में पहुंचता है, तो वहां रहने वाले अरबों जीवाणु, जिन्हें सामूहिक रूप से आंतों का माइक्रोबायोटा कहते हैं, इसे अपने भोजन के रूप में किण्वित करने लगते हैं। यह किण्वन क्रिया कई उत्पाद बनाती है - हाइड्रोजन गैस, कार्बन डाईऑक्साइड, और कभी-कभी मीथेन भी। साथ ही, लैक्टोज आंत में पानी को अपनी ओर खींचता है, जिससे दस्त की स्थिति बन सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समस्या दूध में नहीं, बल्कि उसे पचाने की हमारी घटी हुई क्षमता में है।

**ऐसा क्यों होता है?**

मनुष्य, गाय, बकरी, हाथी वगैरह सभी स्तनधारी जीव जन्म के बाद मां के दूध पर निर्भर रहते हैं। इसलिए प्रकृति ने शिशु को लैक्टेज का भरपूर उत्पादन करने की क्षमता दी है। लेकिन जैसे-जैसे बच्चा ठोस आहार ग्रहण करने लगता है और दूध उसके जीवन का एकमात्र ऊर्जा-स्रोत नहीं रहता, शरीर लैक्टेज बनाने के लिए जिम्मेदार जीन द्धस्ब्ज्त्र की सक्रियता को धीरे-धीरे कम करने लगता है। यह कोई बीमारी नहीं है बल्कि एक स्वाभाविक, सुनियोजित जैविक प्रक्रिया है।

**एक अनोखा मोड़**

लगभग दस हजार वर्ष पहले, जब युरोप, अरब और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में पशुपालन और डेयरी संस्कृति का उदय हुआ, तो एक जेनेटिक उत्परिवर्तन हुआ जिसने प्रकृति की लॉटरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिन व्यक्तियों में यह उत्परिवर्तन था, उनके शरीर में वयस्क होने पर भी लैक्टेज बनता रहा। वे बड़े होने पर दूध पीते रह सकते थे और उन्हें पशुओं के दूध से अतिरिक्त कैलोरी, प्रोटीन और कैल्शियम मिलता था। यह अकाल और कठिन परिस्थितियों में उनके जीवित रहने में सहायक था। इस अतिरिक्त पोषण स्रोत ने इन व्यक्तियों को अधिक संतानें पैदा करने की संभावना दी, और यह जीन पीढ़ी-दर-पीढ़ी फैलता गया। इस परिघटना को लैक्टेज पर्सिस्टेंस या लैक्टोज सहिष्णुता कहते हैं।

**लैक्टोज असहिष्णुता के प्रकार**

प्राथमिक लैक्टोज असहिष्णुतारू सबसे सामान्य प्रकार। उम्र के साथ LCT जीन की सक्रियता स्वाभाविक रूप से घटती है। यह जेनेटिक रूप से निर्धारित होती है और स्थाई होती है। द्वितीयक लैक्टोज असहिष्णुतारू किसी संक्रमण, सीलिएक रोग, क्रो रोग, या आंत की सूजन के कारण लैक्टेज उत्पादन अस्थाई रूप से कम हो जाता है। मूल रोग के उपचार के बाद यह प्रायरू ठीक हो सकता है। जन्मजात लैक्टोज असहिष्णुता यह अत्यंत दुर्लभ है। शिशु जन्म से ही लैक्टेज एंजाइम नहीं बना पाता। मां का दूध भी पच नहीं पाता, इसलिए इसमें तत्काल चिकित्सकीय हस्तक्षेप आवश्यक होता है। लैक्टोज असहिष्णुता का अर्थ जीवनभर दूध का पूर्ण परित्याग नहीं है। कई व्यावहारिक रास्ते खुले हैं, जैसे

-लैक्टोज-मुक्त दूध और दुग्ध उत्पादों का उपयोग करें।

- दही और पनीर अक्सर पच जाते हैं।

-डेयरी-उत्पाद खाने से पहले लैक्टेज एंजाइम सप्लीमेंट लें। थोड़ी मात्रा से शुरू करें और धीरे-धीरे असर जांचें।

-कैल्शियम के वैकल्पिक स्रोत द्धतिल, पालक, सोयाबीन, बादाम दूध अपनाएं।

-किसी भी परिवर्तन से पहले चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

यहां एक महत्वपूर्ण चेतावनी भी हैरू दूध और डेयरी उत्पाद कैल्शियम और विटामिन डी के प्रमुख स्रोत हैं। इन्हें बिना उचित विकल्पों के छोड़ना हड्डियों को प्रभावित कर सकता है, विशेषकर बच्चों और महिलाओं में। लैक्टोज असहिष्णुता के आंकड़ों से यह आश्चर्यजनक तथ्य सामने आता है कि दुनिया की लगभग 60.70 प्रतिशत वयस्क आबादी इसी अवस्था में है। तो फिर प्रश्न यह है कि क्या दूध न पचना असामान्य है, या वयस्क होने पर भी दूध पचना एक विशेष जेनेटिक अपवाद है? दूध न पचना जैविक रूप से सामान्य है।

जैव विकास की .ष्टि से देखें तो लैक्टेज पर्सिस्टेंस यानी वयस्कावस्था में भी लैक्टोज पचाने की क्षमता वास्तव में एक अपवाद है। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि सामान्य की परिभाषा अक्सर हमारी सांस्कृतिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि से आकार लेती है, विज्ञान से नहीं। अंत में दूध से दूरी बनाने की जरूरत शरीर की जैविक विविधता का एक ईमानदार संकेत है। हमारा शरीर समय के साथ बदलता हैय जो शिशु अवस्था में सहज था, वह वयस्क होने पर बदल सकता है। एक व्यक्ति के लिए स्वाभाविक, दूसरे के लिए असहज हो सकता है। शरीर कोई एक स्थिर मशीन नहीं, बल्कि एक बदलती हुई जैविक कहानी है कृ और हर कहानी का अपना स्वाद है।

**-ऋषि राज राय**
**स्रोत फीचर्स**




**नई दिल्ली। देश में जारी 'एलपीजी संकट' के विरोध में प्रदर्शन के दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के एक सदस्य को हिरासत में लेते हुए।**

## ईरान में 6000 ठिकानों पर हमला किया: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दावा किया है कि उसने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान ईरान में 6,000 ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिका के केंद्रीय कमान की ओर से जारी किए गए नए आंकड़ों के अनुसार अमेरिका ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान ईरान में 6000 ठिकानों पर हमला किया है। इस अभियान के लगभग 60 जहाज और 30 बारूदी सुरंगें बिछाने वाले ईरान जहाजों नुकसान पहुंचाया है या उन्हें नष्ट कर दिया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के अनुसार ईरान में अन्य ठिकानों में सैन्य ठिकानों, हथियार बनाने की फैक्ट्रियां, बैलिस्टिक मिसा. इल के केंद्रों, पनडुब्बियों और हवाई सुरक्षा प्रणालियों पर अमेरिका की ओर से हमले किए गए हैं।

## होर्मुज में शांति-सुरक्षा बनाए रखना ईरान का अधिकार: सईद ईरावनी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना उनके देश का 'निहित अधिकार' है। इरावानी ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि ईरान 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्र कानून के तहत नौवहन की स्वतंत्रता के सिद्धांत का पूरी तरह से सम्मान करता है और इसके प्रति प्रतिबद्ध है। प्रतिनिधि ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित क्षेत्र की वर्तमान स्थिति ईरान की आत्मरक्षा का परिणाम नहीं है, बल्कि यह ईरान पर हमला करने और क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करने की अमेरिका की कार्रवाइयों का प्रत्यक्ष परिणाम है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखने का आह्वान करते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने के हथियार का उपयोग निश्चित रूप से जारी रहना चाहिए।

# अमेरिका ने H-1B वीजा देने की प्रक्रिया में किया बदलाव

### अब सैलरी के आधार पर होगा चयन, 1 अप्रैल से नया फॉम I-129 लागू होगा




■ कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी
■ इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब लाभार्थियों का चयन रैंडम लाटरी के बजाय वेतन के आधार पर होगा। इसके लिए अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने फार्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा।

कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानक. ारी देनी होगी। इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। जिस पद का वेतन स्तर जितना ऊंचा होगा, चयन प्रक्रिया में उसे उतने अधिक मौके मिलेंगे। मसलन, लेवल-4 के उम्मीदवार को चार मौके मिलेंगे, जबकि लेवल-1 को सिर्फ एक मौका मिलेगा। फार्म आई-129 का उपयोग अस्थायी कामगारों को अमेरिका बुलाने के लिए किया जाता है। अमेरिका का श्रम विभाग हर पेशे और शहर के लिए एक मानक वेतन तय करता है। उसी के आधार पर नौकरी को लेवल-1 से लेवल-4 में रखा जाता है। भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा, क्योंकि हर साल कुल जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल्स को जारी किए जाते हैं। एच-1 बी वीजा की फीस कितनी- पहले फीस लगभग 9 हजार डालर यानी करीब 8 लाख 30 हजार रुपए थी, लेकिन सितम्बर 2025 में ट्रम्प ने इसे बढ़ाकर 1 लाथ डालर यानी लगभग 90 लाख रुपए कर दिया। इस वीजा की अवधि कितनी है- 3-3 साल के लिए दो बार जारी होता है। कुल अवधि 6 साल के बाद आवेदक चाहे तो ग्रीन कार्ड यानी नागरिकता से पहले की स्टेज के लिए आवेदन कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका ने ईरान को सौंपे यूएस हमले में मारे गए 45 नाविकों के शव

**कोलंबो।** श्रीलंका ने शुक्रवार को अमेरिकी पनडुब्बी हमले में मारे गए 45 ईरानी नाविकों की लाशें ईरान के दूतावास को सौंप दी। ये नाविक उस ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना पर सवार थे, जिस पर गाले के पास हमला हुआ था।इस जहाज को भारत के विशाखापत्तनम से ईरान लौटते समय निशाना बनाया गया था, जहां यह नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा ले चुका था। इससे पहले, श्रीलंका ने 84 नाविकों की लाशें बरामद की थीं और अब 45 शवों को शुक्रवार को मत्तला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से ईरान भेजा जाएगा।

### रूस से तेल आपूर्ति पर बातचीत करेगा थाईलैंड: उपप्रधानमंत्री

**बैंकॉक।** थाईलैंड के उपप्रधानमंत्री फीफाट रत्चाकिप्राकार्न ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश रूस से कच्चे तेल की खरीद के लिए बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि अमे. रिका के हालिया बयान के बाद रूसी तेल निर्यात के बहिष्कार में ढील की जानकारी सामने आई है। इसके बाद थाईलैंड भी उन देशों में शामिल होगा जो रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर बातचीत शुरू करेंगे। यह वार्ता थाईलैंड के ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शुरू की जाएगी। उपप्रधानमंत्री के अनुसार, फिलहाल थाईलैंड के पास पेट्रोलियम प्रसंस्करण के लिए लगभग 98 दिनों के बराबर कच्चे तेल का भंडार मौजूद है।

### अफगानिस्तान में दो अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिए जाने की शुक्रवार को पुष्टि की। सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के अनुसार इन दोनों व्यक्तियों को स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्थानीय समाचार चैनल 'टोलो न्यूज' को दिए एक साक्षात्कार में मुजाहिद ने स्पष्ट किया कि इन अमेरिकी नागरिकों की गिरफ्तारी अफगान कानून तोड़ने के कारण हुई है।

### ऑस्ट्रेलिया में मिलीं 'मॉनिटर लिजार्ड' की तीन नई प्रजातियां

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने क्वींसलैंड राज्य में चट्टानों पर रहने वाली मॉनिटर लिजार्ड (मॉनिटर छिपकली) की तीन नई प्रजातियों की पहचान की है। यह खोज ऑस्ट्रेलिया के सवाना क्षेत्रों में इस प्रकार के सरीसृपों का पहला आधिकारिक रिकॉर्ड है। विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इन तीनों प्रजातियों को उनके विशिष्ट रंगों और सवाना परिदृश्य की चट्टानों के अनुकूल खुद को ढालने की क्षमता के आधार पर पहचाना गया है।

# मोजतबा खामेनेई की जान की कोई गारंटी नहीं: नेतन्याहू

### इजरायली पीएम की ईरान व उसके उसके संगठनों को सीधी चेतावनी, जारी रहेगा सैन्य अभियान

■ किसी भी आतंकी संगठन के नेता की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं ले सकते

■ वे क्षेत्र के कुछ अन्य देशों के साथ नए गठबंधन बना रहे हैं: नेतन्याहू



**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान और उसके सहयोगी संगठनों को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि ईरान के खिलाफ अमे. रिका और इजरायल का साझा सैन्य अभियान उम्मीद से कहीं बेहतर चल रहा है।

वह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में हैं। नेतन्याहू ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के लिए कोई लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) नहीं है। जब ने नेतन्याहू से पूछा गया कि क्या इजरायल मोजतबा खामेनेई और हिजबुल्लाह के नेता नईम कासिम को निशाना बनाएगा, तो उन्होंने दोटूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह किसी भी आतंकी संगठन के नेता की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं ले सकते। गौरतलब है कि मोजतबा के पिता और ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के साझा हमलों में मारे गए थे।

इजरायल ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ 'रोरिंग लायन' नाम से एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान में अमेरिका भी शामिल है, जिसने इसे 'एपिक फ्यूरी' नाम दिया है। इस सैन्य कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रो. कना, उसके मिसाइल कार्यक्रम को नष्ट करना और क्षेत्र में ईरान के मददगार गुटों को खत्म करना है। ईरान में सत्ता परिवर्तन के सवाल पर नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इजरायल मिलकर ऐसे हालात पैदा कर रहे हैं, जिससे ईरान की जनता खुद इस क्रूर और तानाशाह शासन को उखाड़ फेंके। उन्होंने बताया कि इजरायली सेना सड़कों और चेकपाइंट्स पर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और बासिज बलों पर लगातार हमले कर रही है। नेतन्याहू ने ईरानी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का समय करीब आ रहा है और इजरायल उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि वे हवाई हमलों के जरिए ऐसे मौके बनाएंगे जिससे जनता सड़कों पर उतर सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब न तो पहले जैसा ईरान रहा, न वैसा मध्य पूर्व और न ही पहले जैसा इजरायल। इजरायल अब इंतजार नहीं करता, बल्कि वह खुद पहल करके पूरी ताकत से हमला करता है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपने मजबूत रिश्तों की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ट्रम्प उनके निजी मित्र हैं और दोनों के बीच लगभग हर दिन बात होती है। नेतन्याहू के अनुसार, ट्रम्प ने उनसे कहा है कि अमेरिका और इजरायल का यह रिश्ता इतिहास में सबसे ज्यादा मजबूत है। नेतन्याहू ने यह भी संकेत दिया कि वे क्षेत्र के कुछ अन्य देशों के साथ नए गठबंधन बना रहे हैं, जिनके बारे में कुछ हफ्ते पहले तक सोचना भी नामुमकिन था।

## निर्दोषों को मारने वाले ईरानियों को मारना 'बड़ा सम्मान': ट्रम्प



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उनके लिए उन ईरानियों को मारना एक 'बड़ा सम्मान' है, जो '47 वर्षों से पूरी दुनिया में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं।' ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि वे 47 वर्षों से पूरी दुनिया में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं। और अब मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उन्हें मार रहा हूं। ऐसा करना कितने बड़े सम्मान की बात है! उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरानी शासन को सैन्य, आर्थिक और अन्य तरीकों से 'पूरी तरह से नष्ट' कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की नौसेना खत्म हो गई है, उनकी वायु सेना अब नहीं रही, मिसाइलें, ड्रोन और बाकी सब कुछ तबाह किया जा रहा है और उनके नेताओं को भी मिटा दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका के पास 'अद्वितीय मारक क्षमता, असीमित गोला-बारूद और पर्याप्त समय' है।

# खाड़ी देशों की 'पेट्रो-डॉलर' व्यवस्था पर बढ़ा दबाव

■ ब्रिक्स की भूमिका अहम, बढ़ते संघर्ष ने हालांकि ब्रिक्स के भीतर भी मतभेदों को उजागर किया हैं

**नई दिल्ली।** ईरान-अमे. रिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के बीच खाड़ी देशों की पेट्रो-डॉलर प्रणाली पर दबाव बढ़ता नजर आ रहा है और ऐसे समय में ब्रिक्स समूह की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ब्रिक्स की सक्रिय और रचनात्मक भूमिका की आवश्यकता पर जोर दिया।

पेजेशकियन ने कहा कि अमे. रिका और इजरायल द्वारा ईरान के महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बनाए जाने के बावजूद ईरान भारत और अन्य मित्र देशों के साथ ब्रिक्स तथा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों के माध्यम से सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विश्लेषकों के अनुसार मौजूदा ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध के संदर्भ में पहली बार ब्रिक्स का खुलकर उल्लेख किया गया है, जिससे संकेत मिलता है कि 11 सदस्यीय समूह में शामिल ईरान को इस मंच से समर्थन की उम्मीद है। बढ़ते संघर्ष ने हालांकि ब्रिक्स के भीतर भी मतभेदों को उजागर किया हैं। ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिका-इजरायल के हमलों की आलोचना करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है, जबकि 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहे भारत ने सीधे तौर पर हमलों की निंदा नहीं की है बल्कि संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान पर जोर दिया है। मोदी ने भी पेजेशकियन से बातचीत में क्षेत्र में बढ़ते तनाव, नागरिकों की मौत और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर चिंता जताते हुए शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को जरूरी बताया। इस बीच ईरान द्वारा यूएई और सऊदी अरब पर हमलों ने ब्रिक्स के कुछ सदस्य देशों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है, जिससे युद्ध पर संयुक्त बयान जारी करना लगभग असंभव हो गया है। इस संकट ने हालांकि पश्चिमी वित्तीय प्रणाली से स्वतंत्रता की दिशा में प्रयासों को तेज कर दिया है। ब्रिक्सपे प्लेटफॉर्म को स्विफ्ट (एसडब्ल्यूआईएफटी) नेटवर्क के विकल्प के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी आई है।

## अमेरिका ने हमास को वित्तपोषित करने वाली चार संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

■ वित्त मंत्रालय हमास को अपने हिंसक उद्देश्यों के लिए धर्मार्थ संस्थाओं का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं देगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को चार धर्मार्थ संस्थाओं पर हमास उग्रवादी समूह को गुप्त रूप से वित्तपोषित करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगा दिए। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा कि इन संगठनों ने मानवीय कार्यों की आड़ में धन जुटाया, लेकिन अंततः हमास की सैन्य शाखा इज्ज अल-दीन अल-कसम ब्रिगेड का समर्थन किया, जो इजरायल के खिलाफ हमलों के लिए जिम्मेदार है। बयान में कहा गया कि ये कार्रवाई हमास द्वारा अपनी सैन्य शाखा के लिए अवैध धन जुटाने के लिए नागरिक संगठनों के शर्मनाक उपयोग को उजागर करती हैं। इसके साथ ही गाजा में आतंकवादी गति. विधियों का समर्थन करने वाले प्रमुख वित्तपोषण स्रोतों को बाधित करती हैं। बयान में कहा गया कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि मानवीय सहायता विश्वसनीय और सुरक्षित संगठनों द्वारा वितरित की जाए और वैध फलस्तीनी हितों एवं क्षेत्र में स्थाई शांति को आगे बढ़ाने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के समर्थन में हो। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि हमास आतंकवादी अभियानों के समर्थन के लिए फर्जी चैरिटी का उपयोग अपनी सैन्य शाखा को वित्तपोषित करने के लिए कर रहा है। वित्त मंत्रालय हमास को अपने हिंसक उद्देश्यों के लिए धर्मार्थ संस्थाओं का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं देगा।

## ईरान के विद्यालय पर हमले के बाद चीन ने बढ़ाया मदद का हाथ

**बीजिंग।** ईरान में एक प्राथमिक विद्यालय पर हुए हालिया हमले में छात्रों की मौत पर चीन ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो लाख अमेरिकी डॉलर की मदद देने की घोषणा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने शुक्रवार को बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। जियाकुन ने बताया कि चीन ने इस दुखद घड़ी में प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति जताते हुए वित्तीय मदद का निर्णय लिया है। उन्होंने घोषणा की कि 'रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना' ने ईरानी रेड क्रीसेंट सोसाइटी को दो लाख अमेरिकी डॉलर की आपातकाल. ीन मानवीय सहायता प्रदान करने का फैसला किया है।

# फिर बढ़ा एकतरफा टैरिफ का खतरा

### अमेरिका सरकार ने भारत समेत 16 व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ शुरू की नई जांच




**तेहरान।** वैश्विक व्यापार में एक बार फिर तनाव बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने भारत समेत 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ नई जांच शुरू की है। अमेरिका का आरोप है कि इन देशों की व्यापारिक नीतियां अमेरिकी उद्योगों को नुकसान पहुंचा रही हैं और इससे अमेरिकी बाजार पर दबाव बढ़ रहा है।

यह जांच 1974 के अमेरिकी व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत की जा रही है। यह वही कानून है जिसके तहत अमेरिका किसी देश की व्यापारिक नीतियों को अनुचित मानते हुए एकतरफा टैरिफ बढ़ा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि इस जांच का मकसद यह पता लगाना है कि इन देशों की नीतियां अमेरिकी व्यापार के लिए नुकसानदेह हैं या नहीं। अमेरिका ने जिन देशों के खिलाफ जांच शुरू की है उनमें भारत, चीन, बांग्लादेश, कंबोडिया, यूरोपीय संघ, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको, नार्वे, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ताइवान, मलयेशिया, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि इन देशों की औद्योगिक नीतियों के कारण वैश्विक बाजार में अत्यधिक उत्पादन हो रहा है और इसका असर अमेरिकी उद्योगों पर पड़ रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रति. निधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि इन देशों की नीतियां अमेरिकी कंपनियों के लिए अनुां. चत या भेदभावपूर्ण तो नहीं हैं। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या इन नीतियों के कारण अमे. रिकी व्यापार पर बोझ पड़ रहा है या उसका विस्तार सीमित हो रहा है। जांच में विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त उत्पादन और क्षमता से जुड़े मुद्दों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। अमे. रिकी प्रशासन का कहना है कि वह अपने औद्योगिक आधार को कमजोर नहीं होने देगा। अधिका. रियों के मुताबिक कई देशों में अतिरिक्त उत्पादन को अमेरिकी बाजार में निर्यात किया जा रहा है। इससे अमेरिकी कंपनियों को नुकसान हो रहा है। इसलिए ट्रम्प प्रशासन नए टैरिफ लगाने के विकल्पों पर भी विचार कर रहा है ताकि घरेलू उद्योगों को संरक्षण मिल सके।

# अफगानिस्तान का पाकिस्तान पर जवाबी हमला

### खैबर पख्तूनख्वा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, पाकिस्तानी हमले में मारे गए थे 6 अफगानी



■ तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में छह लोगों की मौत और 15 घायल हुए हैं

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि अफगान वायुसेना ने शुक्रवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हवाई हमला किया। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्रवाई पाकिस्तानी सेना की बीती रात किए गए हमलों के जवाब में की गई। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि कोहाट क्षेत्र में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को टारगेट किया गया। साथ ही सैन्य किले को भी निशाना बनाया गया।

हालांकि हमले से किसी के मारे जाने या घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। दरअसल, पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबूल और कंधार में हवाई हमले किए थे। तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 6 लोगों की मौत और 15 घायल हुए हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। साथ ही कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के मुताबिक, पाकिस्तान ने प्राइवेट एयरलाइन 'काम एयर' के फ्यूल डिपो पर हमला किया था, जो सिविलियन विमानों और यूएन के विमानों को भी फ्यूल सप्लाई करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस हमले का जवाब दिया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षा अधिका. रियों ने रायटर्स को बताया कि यह कार्रवाई पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के ठिकानों पर की गई है। हाल के महीनों में देश में बढ़ते आतंकी हमलों के बाद यह आपरेशन शुरू किया गया। तालिबानी अधिकारियों के मुता. बिक पाकिस्तान ने कई नागरिक इलाकों को भी निशाना बनाया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तानी हमले कंधार और पक्तिका प्रांतों में भी किए गए। कंधार तालिबान नेताओं का गढ़ माना जाता है। वहीं, तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के आरोपों को खारिज कर दिया है। उसका कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ हमलों के लिए नहीं होने दिया जाएगा। दरअसल, पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से आपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इन्कार करती रही है।

## इराक में ड्रोन हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत, कई घायल

**पेरिस।** इराक के एरबिल इलाके में ड्रोन हमले के दौरान एक फ्रांसीसी सैनिक मारा गया है और कई अन्य घायल हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि इराक के एरबिल इलाके में एक ड्रोन हमले के दौरान एक फ्रांसीसी सैनिक मारा गया है और कई अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने मारे गए सैनिक का नाम चीफ वारंट ऑफिसर अर्नाड फ्पियोन का नाम बताया। वह अमे. रिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से मारे जाने वाले पहले फ्रांसीसी सैनिक हैं। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनके परिवार और उनके साथी सैनिकों के प्रति मैं पूरे देश की ओर से अपना स्नेह और एकजुटता व्यक्त करना चाहता हूं। हमारे कई सैनिक घायल हुए हैं। फ्रांस उनके और उनके प्रियजनों के साथ खड़ा है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने इस इलाके में इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ रहे फ्रांसीसी सैनिकों पर हुए हमलों की निंदा करते हुए उन्हें अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि इराक में उनकी मौजूदगी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के सख्त दायरे का हिस्सा है। ईरान में चल रहा युद्ध के दौरान ऐसे हमलों को किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108